# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 17 मई 2025





# सेना के शौर्य को सलाम
# तिरंगा है शान

देशभर में ऑपरेशन सिंदूर के बाद निकाली जा रही तिरंगा यात्रा

पहलगाम आतंकी अटैक के बाद भारतीय सेना ने पाक को दिया है मुंहतोड़ जवाब

नई दिल्ली। पाकिस्तान के साथ हुए हालिया तनाव के बाद सेना के समर्थन में देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। जम्मू के एक स्कूल में शुक्रवार को तिरंगा लहराते हुए छात्र। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके तहत पाक के भीतर घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तानाबूत किया। इसके बाद पाक ने पलटवार किया तो उसे मुंहतोड़ जवाब देते हुए हमारी सेना ने उसके कई एयरबेस तबाह कर डाले। सेना के इसी शौर्य को देशभर में समर्थन दिया जा रहा है।





कोच्चि, केरल में पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ित एन रामचंद्रन की पत्नी शीला, बेटा अरविंद मेनन व अन्य लोगों के साथ।



जम्मू के एक स्कूल में तिरंगा लहराते छात्र।



संबलपुर, ओडिशा में भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता जताने तिरंगा यात्रा।

# 'पाक का कंट्रोल बस क्वेटा तक, भारत हमारा साथ दे'

## इंटरव्यू में बोले अमेरिकन कांग्रेस के सेक्रेटरी जनरल रज्जाक बलोच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान में काफी वक्त से सताए बलूचिस्तानियों के तेवर अब पूरी तरह सामने आने लगे हैं। इस बात से पूरी दुनिया वाकिफ है कि पाकिस्तान अपने ही राज्य बलूचिस्तान से सौतेला व्यवहार करता आया है। वहां के लोग अब पाकिस्तान के रवैये से उक्ता गए हैं, और निरंतर अपना विरोध जता रहे हैं, ये विरोध कभी हिंसक होते हैं तो कभी जुबानी तौर पर होते हैं। हाल ही में दिए इंटरव्यू में बलोच अमेरिकन कांग्रेस के सेक्रेटरी जनरल रज्जाक बलोच ने पाकिस्तान की हुकूमत और फौज पर जमकर हमला बोला। उन्होंने बलूचिस्तान की आजादी के भारत और अमेरिका से मदद मांगी।

**खास बातें**

- पाकिस्तान में सताए बलूचिस्तानियों के तेवर आने लगे अब पूरी तरह सामने
- 70 से 80 फीसद हिस्सा 'नो-गो जोन' बनने का किया दावा






**बलूचिस्तान के अंदर खौफ में पाक फौज :** रज्जाक ने दावा किया कि बलोचिस्तान का 70 से 80 फीसद हिस्सा अब नो-गो जोन बन चुका है, जहां पाकिस्तानी फौज जाने से डरती है। उनका दावा है कि क्वेटा जैसे शहर में भी सूरज ढलते ही फौज घरों में दुबक जाती है, बाहर निकलने की हिम्मत नहीं करती। बलोच ने यह भी कहा कि पाकिस्तान की फौज ने पूरे बलोचिस्तान को एक मिलिट्री छावनी बना दिया है, लेकिन अब जनता उठ खड़ी हुई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाईकोर्ट का फैसला

# इस्कॉन सोसाइटी बेंगलुरु का है हरे कृष्ण मंदिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि बेंगलुरु का प्रसिद्ध हरि कृष्ण मंदिर इस्कॉन सोसाइटी बेंगलुरु का है। इस फैसले ने इस्कॉन बेंगलुरु और इस्कॉन मुंबई के बीच लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवाद को समाप्त कर दिया, जिसमें दोनों पक्ष मंदिर और इससे जुड़े शैक्षणिक परिसर के नियंत्रण का दावा कर रहे थे। न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने इस्कॉन बेंगलुरु की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में बेंगलुरु में प्रतिष्ठित हरे कृष्ण मंदिर और शैक्षणिक परिसर के नियंत्रण को लेकर इस्कॉन मुंबई के पक्ष में फैसला सुनाया गया था। इस्कॉन बेंगलुरु ने 23 मई, 2011 के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए 2 जून, 2011 को शीर्ष न्यायालय का रुख किया था। इस्कॉन बेंगलुरु ने याचिका में उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी, जिसमें बेंगलुरु की एक स्थानीय अदालत के 2009 के आदेश को पलट दिया गया था। इस्कॉन बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व इसके पदाधिकारी कोदंडराम दास ने किया।



**खास बातें**

- लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवाद का हुआ समापन

## तुर्की के खिलाफ विरोध प्रदर्शन
### सड़कों पर उतरा स्वदेशी जागरण मंच




**नई दिल्ली।** स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने शुक्रवार को पाकिस्तान को 'सैन्य समर्थन' देने वाले देश तुर्की के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और भारतीय सैनिकों और राष्ट्रीय हित के प्रति एकजुटता दर्शाने के लिए तुर्की के उत्पादों, वहां की यात्रा और उसके सांस्कृतिक आदान प्रदान का बहिष्कार करने का आह्वान किया। यह विरोध प्रदर्शन दिल्ली में तुर्की के दूतावास के पास आयोजित किया गया था। इसमें स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने तुर्की के खिलाफ नारे लगाए और भारतीयों से 'तुर्कियें की हर चीज का बहिष्कार करने' की अपील की। संगठन के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने कहा, "एसजेएम भारत के देशभक्त नागरिकों से हमारे सैनिकों और राष्ट्रीय हित के प्रति एकजुटता दर्शाने के लिए तुर्की के उत्पादों, वहां की यात्रा और सांस्कृतिक आदान प्रदान का बहिष्कार करने का आग्रह करता है।

## रूसी विदेश मंत्री ने साधा अमेरिका पर निशाना

# भारत-चीन को लड़वाना चाहते हैं पश्चिमी देश

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस ने आरोप लगाया है कि पश्चिमी देश भारत, चीन और रूस के बीच तनाव बढ़ाना चाह रहे हैं। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि पश्चिमी देश भारत और चीन को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रहे हैं। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टास के मुताबिक, लावरोव ने आसिआन की 'सीमाओं के बिना संस्कृति : सांस्कृतिक कूटनीति की भूमिका और विकास' राजनयिक क्लब की बैठक के दौरान ये टिप्पणी की है। उनकी ये टिप्पणी उस वक्त आई है, जब इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में जियो-पॉलिटिकल ध्रुवीकरण अपने चरम पर है। क्वाड, एयूकेयूएस और अन्य सुरक्षा साझेदारियां एशिया की शक्ति-संतुलन को तेजी से बदल रही हैं। लावरोव ने न सिर्फ पश्चिमी देशों की रणनीति की आलोचना की, बल्कि यूरेशियन सुरक्षा के लिए एक नया ढांचा बनाने की भी मांग की है। रूसी विदेश मंत्री लावरोव का कहना है कि पश्चिम, खास तौर पर अमेरिका, जिसने इंडो-पैसिफिक शब्द को गढ़ा है, उसे बढ़ावा देकर क्षेत्रीय राजनीति को चीन विरोधी बना रहा है। इसका मकसद भारत और चीन जैसे 'महान पड़ोसियों' के बीच तनाव को बढ़ाना है।



- देशों की सुरक्षा के लिए नया ढांचा बनाने की मांग की

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ बने यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर

**नई दिल्ली।** पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ़ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली में प्रोफेसर नियुक्त किया गया है। लॉ यूनिवर्सिटी ने इसे भारत के लीगल एजुकेशन के मामले में बहुत बड़े बदलाव वाला अध्याय बताया है। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ने अपने ट्विटर हैंडल पर इस बात की जानकारी दी है और कहा है कि जस्टिस चंद्रचूड़ का प्रोफेसर के रूप में स्वागत करते हुए वह सम्मानित महसूस कर रही है। पोस्ट में जस्टिस चंद्रचूड़ के साथ यूनिवर्सिटी की कुलपति जीएस वाजपेई के साथ तस्वीर भी है। जस्टिस चंद्रचूड़ नवंबर 2022 से नवंबर 2024 तक भारत के सीजेआई रहे। उनके बाद जस्टिस संजीव खन्ना और अब जस्टिस बीआर गवई नए सीजेआई बने हैं।




## कार्यालय
## उप संचालक कृषि, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

**रूचि की अभिव्यक्ति**

नेशनल मिशन ऑन इडिबल आयल ऑयलसीड्स (NMEO-OS) अंतर्गत दिशा-निर्देश कंडिका क्रमांक 4.2 एवं 4.4 के तहत प्रमाणित बीज वितरण, स्वायल हेल्थ कार्ड योजना अंतर्गत मृदा परीक्षण, कृषक प्रशिक्षण, कृषक खेत पाठशाला का आयोजन, कृषि मैपर में पंजीयन का क्रियान्वयन करने मूल्य श्रृंखला भागीदार (VCP) के चयन हेतु कृषक उत्पादक संगठन/ प्रतिष्ठित एजेंसी/ संस्था से "रूचि की अभिव्यक्ति" आमंत्रित किये जाने के लिये दिनांक - 22.05.2025 अपरान्ह 5.00 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में केवल स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से ₹रूचि की अभिव्यक्ति₹ आमंत्रित की जाती है।
विस्तृत जानकारी कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला - राजनांदगांव के सूचना पटल पर या ddarngaon.cg@gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।
**सम्पर्क सूत्र - पदनाम- उप संचालक कृषि, राजनांदगांव**
**email-ddarngaon.cg@gov.in**

संवाद- 43886

उप संचालक कृषि
राजनांदगांव

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल, अंबिकापुर

**निविदा आमंत्रण तिथि -14.05.2025**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए LOG.in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग - रामानुजगंज संभाग
03. स.क्र. 01 से 02 - स वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाइन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 04.06.2025

| सरल क्र. | एन.आई.टी.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 15 | जिला बलरामपुर विकासखण्ड कुसमी के सामरी में 50 बिस्तरीय बालक छात्रावास का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित (प्रथम आमंत्रण) | 182.46 |
| 2. | 16 | जिला बलरामपुर विकासखण्ड राजपुर के बरियों में 50 बिस्तरीय बालक छात्रावास का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित (प्रथम आमंत्रण) | 182.46 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

जी-252600928/3

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय अधीक्षण अभियंता, महानदी मण्डल, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**e-Procurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र.168396/निविदा सूचना क्र. 01/व.ले.लि./ई-प्रोक्युरमेंट/2025-26 दि. 15.05.2025

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 05.06.2025, 17:30 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-
**कार्य का नाम-** किरना वितरक नहर की मोहदा माईनर के आर.डी. 0.00 से 1530मी. तक मिट्टी कार्य, 11 नग पक्की संरचनाओं सहित 10नग डारेक्ट आऊटलेट का निर्माण कार्य।
**अनुमानित लागत-** रू. 132.76 लाख
(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc. cgstate. gov.in पर दिनांक 22.05.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. डिसनेट संभाग क्र. 3, तिल्दा
कृते अधीक्षण अभियंता महानदी मण्डल,
जल संसाधन विभाग, रायपुर छ.ग.

जी.-252600919/3

## छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

**(प्रपत्र - अ) प्रथम निविदा**
**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)**
**Website- www.cgmsc.gov.in Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in**

1165 | 15.05.2025

| स.क्र. | नि.आ.सू.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रू. लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10397 | जिला राजनांदगांव के ग्राम सुकुलदैहान में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 57.96 |
| 2 | 10398 | जिला बिलासपुर के सिम्स चिकित्सालय में सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाये जाने का कार्य। | 59.58 |
| 3 | 10399 | जिला बिलासपुर के सिम्स चिकित्सालय के बालक छात्रावास का मरम्मत कार्य। | 49.16 |
| 4 | 10400 | जिला बिलासपुर के सिम्स चिकित्सालय के छात्रावास के बाथरूम का मरम्मत कार्य। | 23.69 |
| 5 | 10401 | सिम्स चिकित्सा महाविद्यालय बिलासपुर के वायरोलॉजी लैब को मेडिकल कॉलेज लेवल बीआरडीएल लैब के अनुरूप क्रियान्वयन किये जाने हेतु। | 58.65 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 28/05/2025 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 19/06/2025 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज शानलाईन स्वीकार की जावेगी।

संवाद- 43881

sd/- अधीक्षण अभियंता

## कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन) जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**प्रारूप - II**
**नियम 5 (1) देखें, प्रारंभिक अधिसूचना**

क्रमांक 202403260500036 | दिनांक: 24.04.2025

समुचित सरकार को ऐसी प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन के लिये ग्राम भरदा तहसील, प्रतापपुर जिला सूरजपुर में कुल 0.454 हे.भूमि आपेक्षित है। आवेदक कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.), सामाजिक समाघात मूल्यांकन अध्ययन (SIA) यूनिट द्वारा किया गया था और नियम 4 के अधीन यथा विविरचित कलेक्टर द्वारा गठित एक दल द्वारा एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी / प्रारंभिक अन्वेषण किया गया था। सामाजिक समाघात मूल्यांकन रिपोर्ट / प्रारंभिक जांच का सार इस प्रकार है (सामाजिक समाघात मूल्यांकन रिपोर्ट की एक प्रति संलग्न है):- प्रस्तावित अर्जन से कुल 15 परिवार प्रभावित हो रहे हैं किन्तु किसी भी परिवार का विस्थापन नहीं हो रहा है, और न ही किसी भी परिवार की जीविका प्रभावित हो रही है। अत: पुनर्वासन और पुनर्विस्थापन निहित नहीं है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को प्रभावित कुटुम्बों के पुर्वासन एवं पुर्नव्यस्थापन के प्रयोजन हेतु प्रशासक के रूप में नियुक्त किया जाता है। अत: जिला सूरजपुर, तहसील प्रतापपुर के ग्राम भरदा में औद्योगिक प्रयोजन हेतु 0.454 हे. माप के भूखण्ड जिसका विवरण निम्नानुसार है, का अर्जन किया जाता है।

| क्र. | सर्वेक्षण संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन का क्षेत्र हे.मे. | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाएं उ. | द. | पू. | प. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 865 /1 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.006 | धर्मजीत, प्रजापति, शोभा सिंह, सुखदेव पि. महादेव, शनियारो, बेवा महादेव जाति गोंड़ | खसरा क्र. 865/1 | खसरा क्र. 865/1 | खसरा क्र. 867 | खसरा क्र. 864/1 |
| | 864 /1 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.004 | | खसरा क्र. 864/1 | खसरा क्र. 864/1 | खसरा क्र. 865/2 | खसरा क्र. 863 |
| | 901 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.016 | | खसरा क्र. 901 | खसरा क्र. 901 | खसरा क्र. 886 | खसरा क्र. 902 |
| | 384 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.056 | | खसरा क्र. 384 | खसरा क्र. 384 | खसरा क्र. 902 | खसरा क्र. 391/1 |
| 2. | 861 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.025 | फूलकंवर पि.पहलू धरमपाल, दीरपाल सत्यनारायण मुलेसरी सोनकेलिया पिता रामदेव, उत्तम, सूरज, रामबाई, चन्दा, कलावती पिता जगतपाल जाति गोंड़ | खसरा क्र. 861 | खसरा क्र. 861 | खसरा क्र. 863 | खसरा क्र. 881 |
| 3. | 886 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.011 | हरिनंदन, पूरन अशोक आ.बहोरन महेश्वरी बेवा बहोरन सुन्दरी पुत्री बहोरन | खसरा क्र. 886 | खसरा क्र. 886 | खसरा क्र. 903 | खसरा क्र. 901 |
| 4. | 902 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.019 | सुधरी बाई पत्नी भरत सिंह जाति गोंड | खसरा क्र. 902 | खसरा क्र. 902 | खसरा क्र. 901 | खसरा क्र. 384 |
| 5. | 391/1 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.0025 | भरत सिंह आ. डुबलाल | खसरा क्र. 391/1 | खसरा क्र. 391/1 | खसरा क्र. 384 | खसरा क्र. 391/2 |
| 6. | 391/2 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.004 | भगमनिया पत्नी शोभनाथ जाति गोंड़ | खसरा क्र. 395 | खसरा क्र. 391/1 | खसरा क्र. 391/1 | खसरा क्र. 395 |
| 7. | 395 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.006 | किशमेत पति परेदशी झनकराम पति जीवन लाल शोभनाथ पिता जीवलाल श्यामनाथ पिता परदेशी जाति गोंड़ | खसरा क्र. 379 | खसरा क्र. 391/2 | खसरा क्र. 391/2 | खसरा क्र. 395 |
| 8. | 377/1 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.037 | सुखराम, सुलन आ. शीलू बालम पिता शिवचरण मुन्ना, गिरजा, आ.ननका महरजिया बेवा ननका शिव प्रसाद, रामप्रसाद पिता धीरन मु.गेदी बेवा घासी, बुधनी, बेवा सवल, शिव शंकर आ. ननका | खसरा क्र. 377/2 | खसरा क्र. 380 | खसरा क्र. 376 | खसरा क्र. 371/2 |
| 9. | 377/2 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.010 | जयमंगल, रामदेव, शंकर पिता शिवनाथ जीतेन्द्र, पिता महेन्द्र जाति गोंड़ | खसरा क्र. 372/1 | खसरा क्र. 377/1 | खसरा क्र. 377/2 | खसरा क्र. 377/2 |
| | 969/2 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.035 | | खसरा क्र. 974 | खसरा क्र. 970 | खसरा क्र. 972/1 972/2 972/3 971 | खसरा क्र. 969/2 |
| 10. | 372/1 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.010 | पवनसाय आ.लंगरा जाति गोंड़ | खसरा क्र. 372/2 | खसरा क्र. 372/2 | खसरा क्र. 372/1 | खसरा क्र. 372/1 |
| 11. | 372/2 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.010 | कवलसाय आ.लंगरा जाति गोंड़ | खसरा क्र. 372/3 | खसरा क्र. 372/1 | खसरा क्र. 372/2 | खसरा क्र. 372/2 |
| 12. | 372/3 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.008 | ना.बा. केश्वर पिता सियाराम, बिगनी पति सियाराम, हरिराम पिता सवालसाय जाति गोड़ | खसरा क्र. 98 | खसरा क्र. 372/2 | खसरा क्र. 372/3 | खसरा क्र. 372/3 |
| 13. | 98 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.048 | ठाकुर पिता गुनजन जाति गोंड़ | खसरा क्र. 98 | खसरा क्र. 372/3 | खसरा क्र. 98 | खसरा क्र. 98 |
| 14. | 907 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.033 | उमाशंकर पिता भरत सिंह जाति गोंड़ | खसरा क्र. 910 | खसरा क्र. 881 | खसरा क्र. 907 | खसरा क्र. 907 |
| 15. | 947 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.024 | जयराम, पिता बसंत, कृष्णा पिता रामनाथ नंदू, पिता रामनाथ, हिरासाय पिता रामनाथ हिरासाय पिता सुभान, मु.सुखमेन बेवा रामनाथ, रामशरण पिता अघनू, रामसिंह पिता अघनू, मोतीलाल पिता अघनू मु. भगमेन बेवा अघनू, रामगोपा पिता शोभित, जयकरन पिता शोभित,मु. सुधियारो बेवा अघनू, मु.धनियारो बेवा शोभित, बुधियारो पिता मानसाय, रजिन्दर पिता धरमपाल, मु.ननकी बेवा धरमपाल जाति गोंड़ | खसरा क्र. 952 | खसरा क्र. 944 | खसरा क्र. 944 | खसरा क्र. 947 |
| 16. | 956 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.024 | रामशरण, मोतीलाल पिता अघनु जाति गोड़ | खसरा क्र. 963 | खसरा क्र. 952 | खसरा क्र. 961, 960 956 | खसरा क्र. 956 |
| 17. | 961 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.004 | घांसी पिता जितू | खसरा क्र. 963 | खसरा क्र. 960 | खसरा क्र. 961 | खसरा क्र. 956 |
| | 970 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.008 | | खसरा क्र. 969/2 | खसरा क्र. 963 | खसरा क्र. 970 | खसरा क्र. 970 |
| | 974 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.006 | | खसरा क्र. 1150/1 | खसरा क्र. 969/2 | खसरा क्र. 974 | खसरा क्र. 974 |
| 18. | 963 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.006 | देवतरन पिता गड़गड़हा जाति गोंड़ | खसरा क्र. 970 | खसरा क्र. 956 | खसरा क्र. 961, 963 | खसरा क्र. 963 |
| 19. | 1150/1 | भूमिस्वामी | एक फसली | 0.019 | सुन्नी पिता बचन जाति गोंड़ | खसरा क्र. 1149 | खसरा क्र. 974 | खसरा क्र. 1150/1 | खसरा क्र. 1150/1 |

| वृक्ष किस्म | संख्या |
|---|---|
| निरंक | निरंक |

| संरचनाएं प्रकार | प्लिंथ एरिया |
|---|---|
| निरंक | निरंक |

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिये भू-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुर्नव्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन जारी की गई है। भूमि से संबधित रेखांकन कलेक्टर के कार्यालय में और अनुविभागीय अधिकारी (रा.) प्रतापपुर को किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।

सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिष्ट अनुविभागीय अधिकारी (रा.) प्रतापपुर एवं उनके कर्मचारीवृंद को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या वेधन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिये अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिये प्राधिकृत करती है। अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भी कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात क्रय/ विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (साठ) दिनों के भीतर किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप,यदि कोई हो, फाइल किए जा सकेंगें।

संलग्नक : यथोक्त।
स्थान :
दिनांक:

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर(छ.ग.)

(एस. जयवर्धन)
कलेक्टर जिला-सूरजपुर
एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी - 252600858/1

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शनिवार 17 मई 2025


**हरिभूमि के खुलासे के बाद बदली मूल्यांकन प्रणाली, पहली बार सख्ती से जांच**


हरिभूमि

खुलासा

संस्कृत बोर्ड की टॉपर परीक्षा में ही नहीं बैठी!

- संस्कृत विद्यामंडलम : दसवीं कक्षा में 53.49% तथा बारहवीं कक्षा में 71% ही उत्तीर्ण
- 36 परीक्षा केंद्रों में हुई थी परीक्षा, 3058 छात्र हुए थे शामिल
- बीते सत्र में अनुपस्थित छात्रा को बना दिया था टॉपर, अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को दिए थे 90% से अधिक अंक

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में परीक्षा की शुरुआत से ही कड़ाई बरती गई

# 99 फीसदी रहने वाले बोर्ड नतीजे 54 पर सिमटे, दो बार जांची उत्तरपुस्तिकाएं, टॉपर को 80% अंक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संस्कृत विद्यामंडलम ने शुक्रवार को दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी है। इस बार उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में ऐसी सख्ती बरती गई कि कभी 99% तक रहने वाले बोर्ड परीक्षा के परिणाम 54% पर सिमट गए हैं। 12वीं का रिजल्ट 71.01% और 10वीं का 53.49% रहा, जबकि पिछले वर्ष उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं) का परीक्षा परिणाम 98.43 प्रतिशत तथा पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (10वीं) का परीक्षा परिणाम 98.48 प्रतिशत रहा था। 12वीं कक्षा में बलौदाबाजार ▶▶|शेष पेज 6 पर



## मेरिट लिस्ट में दो मुस्लिम विद्यार्थी

दसवीं और बारहवीं दोनों ही कक्षा की मेरिट लिस्ट में एक-एक मुस्लिम विद्यार्थी भी शामिल है। बारहवीं कक्षा में साजिदा परवीन ने 545 अंक अर्थात 77.29% प्राप्त कर सातवां स्थान हासिल किया है। वह जांजगीर-चांपा जिले की छात्रा हैं। इसी तरह दसवीं कक्षा में पांचवें स्थान पर ▶▶|शेष पेज 6 पर

## ऐसे रहे नतीजे

### नियमित छात्र

- पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष (9वीं) : शामिल विद्यार्थी-1063, उत्तीर्ण-474, परिणाम 44.59%
- पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (10वीं) : शामिल विद्यार्थी-817, उत्तीर्ण-437, परिणाम 53.49%
- उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष (11वीं) : शामिल विद्यार्थी-561, उत्तीर्ण-317, परिणाम 56.51%
- उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं) : शामिल विद्यार्थी-507, उत्तीर्ण-360, परिणाम 71.01%

### स्वाध्यायी परीक्षार्थी

- पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष (9वीं)- शामिल विद्यार्थी-18, उत्तीर्ण- 9, परिणाम 50%
- पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (10वीं)- शामिल विद्यार्थी-24, उत्तीर्ण-12, परिणाम 50%
- उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष (11वीं)- शामिल विद्यार्थी-18, उत्तीर्ण-11, परिणाम 61.11%
- उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं)- शामिल विद्यार्थी-50, उत्तीर्ण-31, परिणाम 62.00%

## टॉप-10 सूची

### कक्षा-दसवीं

- रीना, जशपुर, 79.57%
- रमा, जशपुर, 78.86%
- श्रुति भारद्वाज, जांजगीर-चांपा, 77.14%
- शिम्मी, जांजगीर-चांपा, 74.86%
- आयशा परवीन, जांजगीर-चांपा, 74.57%
- अपर्णा अरविंद, जांजगीर-चांपा, 74.14%
- ईशा केंवट, जांजगीर-चांपा, 73%
- सुमन, बलौदाबाजार, 72.86%
- हंसराज सूर्यवंशी, जांजगीर-चांपा, 72.57%
- चांदनी, बालोद तथा गायत्री पैंकरा, जशपुर, 72%

### कक्षा-बारहवीं

- प्रिंसी मधुकर, बलौदाबाजार, 87.43%
- आंचल कर्ष, बलौदाबाजार, 85.29%
- दुर्गेश्वरी, बलौदाबाजार, 83.29%
- भावना, बिलासपुर, 80%
- दीपा पैंकरा व राधा यादव, जशपुर, 78.14%
- यामिनी कुर्रे, बलौदाबाजार व अमृता सिंह, जशपुर, 77.86%

▶▶|शेष पेज 6 पर

## मुस्लिम छात्रा की मां मजदूरी कर पढ़ा रही बेटी को

10वीं की मेरिट सूची में पांचवां स्थान बनाने वाली सबरी संस्कृत विद्यालय की मुस्लिम छात्रा आयशा परवीन का कहना है कि सफलता प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से पढ़ाई बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि उनके पिता नहीं हैं, मां मजदूरी करके उसे और भाई-बहनों को पढ़ाती हैं। परिवार में दो बहन एवं एक भाई है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।



दसवीं में चौथे स्थान पर रही छात्रा सिम्मी के पिता के पावर प्लांट में कार्यरत हैं। वह आगे चलकर शिक्षक बनना चाहती हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय घर के बड़े बुजुर्ग एवं विद्यालय के अध्यापकों को दिया है। सफलता का मंत्र साझा करते हुए कहा कि इसके लिए कड़ी मेहनत जरूरी है।

## पिता किसान, बनना है आईएएस

दसवीं में तीसरे स्थान पर रही श्रुति भारद्वाज के पिता साधराम शिक्षक हैं। परिवार में तीन बहने हैं। उनका कहना है कि नियमित रूप से अध्ययन करने से सफलता निश्चित रूप से मिलती है। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। इसी स्कूल में अध्यनरत छात्रा अपर्णा अरविंद छठवें स्थान पर रही। उनका कहना है कि उनके पिता गांव में खेती-किसानी का कार्य करते हैं। परिवार मध्यम वर्ग से आता है उनके दो बहन एवं एक भाई हैं। वह आगे चलकर भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हैं।



## खबर संक्षेप

### मोदी ने सिक्किम राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिक्किम के 50वें राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर वहां के लोगों को शुभकामनाएं दीं और विभिन्न क्षेत्रों में राज्य में हुई प्रगति की सराहना की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा सिक्किम की पहचान उसकी शांत प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और मेहनती लोगों से होती है।



### एवरेस्ट शिखर से उतरते समय पर्वतारोही की मौत

**काठमांडू।** विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के शिखर से उतरते समय ऊंचाई संबंधी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होने के बाद एक भारतीय पर्वतारोही की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मृतक पर्वतारोही की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी सुब्रत घोष (45) के रूप में हुई है।



### मणिपुर में पांच उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इम्फाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के तीन जिलों से विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के दो उग्रवादियों के पास से एक हथियार और गोलाबारूद बरामद किया गया है। इम्फाल पश्चिम जिले के खोंघामपट अवांग लेइकाई से कांगलेई यावोल कन्ना लूप संगठन के एक सदस्य को भी हिरासत में लिया गया है।



### कार पेड़ से टकराई, तीन की मौत, तीन घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कोरापुट जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-326 पर शुक्रवार को एक कार के सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने से एक ही परिवार कतीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कार में सवार छह लोगों में से पांच एक ही परिवार के सदस्य थे।



### 69 बंधुआ मजदूर मुक्त तीन लोग गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले से अधिकारियों ने नाबालिगों समेत 69 बंधुआ मजदूर मुक्त कराए और उनका शोषण करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों से मुख्य रूप से पत्थर काटने और भेड़ पालने का काम कराया जाता था। कार्यकर्ताओं से सूचना मिलने के बाद उन्हें मुक्त कराया।



## पाक को बेनकाब करने सर्वदलीय सांसद जाएंगे अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका सहित अन्य देश

# 'दुनिया' को देंगे पाक-आतंक और ऑपरेशन सिंदूर का ब्यौरा, विदेश जाएंगे हमारे सांसद

**सरकार पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य संघर्ष के बाद अब वैश्विक स्तर पर भारत का पक्ष रखने के लिए विभिन्न दलों के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को विदेश भेजेगी। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस का कहना है कि वह इस प्रयास का हिस्सा होगी। सांसदों का प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को ब्रीफ करेंगे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सूत्रों के हवाले से बताया कि विदेश दौरे पर जाने वाले सांसदों की संख्या का अभी पता नहीं चला है। हालांकि, कुछ नेताओं ने बताया है कि सांसदों की संख्या 30 से ज्यादा हो सकती है। इनमें भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, जदयू, डीएमके, एनसीपी, बीजद, सीपीआई के सांसदों के शामिल होने की संभावना है। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद पर भारत के रुख को स्पष्ट रूप से व्यक्त करना है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने इस बारे में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से बात की है। बता दें कि इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के कार्यकाल में अटल बिहारी वाजपेयी को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भेजा गया था।

### प्रतिनिधिमंडल के होंगे ये 5 एजेंडा

1. पाकिस्तान के उकसावे का ब्यौरा देना, जिसके कारण 'ऑपरेशन सिंदूर' जरूर हो गया था। 2. समझाना कि 'ऑपरेशन सिंदूर' इन खतरों के प्रति महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया क्यों थी। 3. भविष्य में आतंकवादी घटनाएं होने पर इसी प्रकार की कार्रवाई की संभावना की जानकारी देना। 4. ऑपरेशन के दौरान केवल आतंकवादी ठिकानों को ही सटीक निशाना बनाने पर जोर देना। 5. आतंकवाद को बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका और इसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डालना।




### इनका नाम आया सामने

भाजपा की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद अपराजिता सारंगी डेलिगेशन का हिस्सा होंगी। कांग्रेस से शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल होंगे। एनसीपी की सुप्रिया सुले और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी का नाम भी सामने आया है।

### 22-23 मई को जाएंगे

केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है। ये सांसद अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका, कतर और यूएई जाएंगे। वहां की सरकार को आतंकवाद पर भारत का पक्ष बताएंगे।

### क्या होगा प्रतिनिधिमंडल का काम...

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह प्रतिनिधिमंडल विदेशी सरकारों, थिंक टैंकों और मीडिया के साथ बातचीत करेगा, ताकि पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के संदर्भ में 'ऑपरेशन सिंदूर' की जरूरत पर भारत का दृष्टिकोण रखा जा सके।

### *पहले की सरकारें भी भेज चुकी हैं डेलीगेट्स*

*1994 में पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में कथित मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में प्रस्ताव पेश करने की योजना बनाई थी। इसके जवाब में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने मानवाधिकार परिषद में एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजा, जिसका वाजपेयी कर रहे थे। इस प्रतिनिधिमंडल में फारूक अब्दुल्ला और तत्कालीन विदेश राज्य मंत्री सलमान खुर्शीद शामिल थे, जिन्होंने कश्मीर मुद्दे पर भारत का रुख दुनिया के सामने रखा और पाकिस्तान के आरोपों का जवाब दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने प्रस्ताव वापस ले लिया।*

## रक्षामंत्री सिंह पहुंचे भुज

# जितनी देर में होता है नाश्ता, उतने समय में दुश्मनों को निपटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को गुजरात के भुज में वायु सेना स्टेशन पर वीर वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंक के अजगर को कुचलने के लिए भारतीय वायु सेना के लिए सिर्फ 23 मिनट काफी थे। हमारी एयर फोर्स एक ऐसी 'स्काइफ़ोर्स' है, जिसने अपने शौर्य, पराक्रम और प्रताप ▶▶|शेष पेज 6 पर

### भुज एयरबेस हमारी जीत का साक्षी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भुज का यह एयरबेस 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। यह भुज 1971 में भी पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। आज एक बार फिर यह भुज पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी बना है। इसकी मिट्टी में देशभक्ति की खुशबू है, इसलिए यहां के जवानों में भारत की सुरक्षा का अडिग संकल्प है।

### ब्रह्मोस ने पाक को रात में दिन दिखा दिया

ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया, एक कहावत मशहूर है- दिन में तारे दिखना। ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम में डीआरडीओ के बनाए आकाश और अन्य राडार सिस्टम की तारीफ हो रही है। नागरिक दुश्मन ड्रोन आने पर भाग नहीं रहे थे, वे एयर डिफेंस से ड्रोन मार गिराने का वीडियो बना रहे थे।

## 30 साल से अबूझमाड़ में सेवा दे रहे हैं डा. बृजनंदन बनपुरिया, बस्तर में रच-बस गए

# सेवा और समर्पण का सम्मान... डॉक्टर जिन्होंने इलाज के साथ निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

*हरिभूमि न्यूज/रायपुर। चिकित्सक भगवान का रूप होते हैं। ईश्वर के अलावा वे ही हैं जो मौत के मुंह से इंसान को खींच कर नई जिंदगी दे पाते हैं। ऐसे चिकित्सकों में भी कुछ ऐसे भी हैं जो अपनी पेशेगत जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए सामाजिक जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। उनका दर्जा समाज में और सम्मानजनक बन जाता है। ऐसे ही सामाजिक सरोकार निभाने वाले डॉक्टरों का सम्मान हरिभूमि-आईएनएच के आयुष्मान भवः कार्यक्रम में किया जाएगा। कार्यक्रम रविवार, 18 मई 2025 को होटल बेबीलोन में शाम पांच बजे आयोजित है। प्रदेश के छह चुनिंदा चिकित्सकों का सम्मान होगा। इनमें से तीन चिकित्सकों की कहानी इस प्रकार है।*



### पिता का सपना साकार करने सत्यसाईं हास्पिटल से जुड़ी डा. रागिनी पांडे

पिता की इच्छा के अनुरुप कैशलेस सत्यसाईं हास्पिटल से जुड़कर बाल हृदय रोग सर्जन डा. रागिनी पांडे पिछले 13 साल में साढ़े सात हजार बच्चों की सर्जरी कर उन्हें नया जीवन दे चुकी हैं। छत्तीसगढ़ के अलावा उन्होंने हास्पिटल की ओर से श्रीलंका, मलेशिया सहित अन्य देशों में जाकर छोटे बच्चों का ऑपरेशन कर उन्हें हृदय की जटिल बीमारी से मुक्त करवाया। मूलतः महाराष्ट्र धुले की रहने वाली डा. रागिनी पांडे पीडियाट्रिक हार्ट सर्जन बनने के बाद यूके ▶▶|शेष पेज 6 पर



### पेशेगत सक्रियता के साथ सामाजिक गतिविधि के लिए समर्पित डा. राकेश गुप्ता

चिकित्सा जगत के साथ जन सरोकार के मुद्दों पर आवाज बुलंद करने वालों में ईएनटी विशेषज्ञ डा. राकेश गुप्ता का जाना पहचाना नाम है। चिकित्सा की पढ़ाई के दौरान छात्र राजनीति में सक्रियता दिखाने वाले डा. गुप्ता आईएमए और एएचपीआई के बैनर तले चिकित्सकों के लिए और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जन सरोकार के मुद्दों पर आंदोलन का हिस्सा बने हुए हैं।

नाक कान गला विशेषज्ञ के रूप अपनी पहचान बनाने वाले डा. राकेश ▶▶|शेष पेज 6 पर



### अबूझमाड़ में रच-बस गए डॉ. बृजनंदन बनपुरिया कई चुनौती स्वीकारी

नारायणपुर का अबुझमाड़ इलाका जहां जाने से अच्छे-अच्छे लोग भयभीत हो जाते हैं, वहां के ग्रामीणों की चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने डा. बृजनंदन बनपुरिया ने चुनौती स्वीकारी। डा. बनपुरिया की पहली पोस्टिंग 1993 में अबुझमाड़ में हुई थी तब वे भी नहीं जानते थे कि चिकित्सा का हुनर वहां के ग्रामीणों के सेवा के लिए ही प्राप्त किया है। ड्यूटी के दौरान जर्जर सड़कों, घनघोर जंगल, ऊंचे पहाड़, गांव पहुंचने के लिए ▶▶|शेष पेज 6 पर

## आईपीएल की वापसी

### आज से फिर चौके-छक्कों की बारिश, 3 को फाइनल

**बेंगलुरु।** आज शनिवार से आईपीएल 2025 की फिर वापसी हो रही है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद इसको एक सप्ताह के लिए टाल दिया गया था। अब नए शेड्यूल के मुताबिक 17 मई से इसकी शुरुआत आरसीबी और केकेआर के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगी। आईपीएल का फाइनल मुकाबला 3 जून को होगा। सभी मैच 6 वेन्यू, पर 18 दिन के बीच होंगे, इस दौरान कुल 17 मैच खेले जाएंगे। संशोधित शेड्यूल दो डबल-हेडर शामिल हैं, जो दो रविवार को खेले जाएंगे।



घटना तेलीबांधा थाना के सामने सिग्नल के पास की है

# कालेज छात्रा ट्रक की चपेट में, सिर कुचलने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के एक दर्दनाक सड़क हादसा में एक कालेज छात्रा की मौत हो गई। कालेज छात्रा किसी काम से शहर की ओर आ रही थी, इसी दौरान उसने ट्रक के सामने लेफ्ट से राइट की तरफ ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान वह ट्रक की चपेट में आ गई और सिर कुचलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। आरोपी ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हादसे को लेकर शाम को चक्काजाम किया गया। इस दौरान भाठागांव से तेलीबांधा तक जाम के हालात बने रहे। वीआईपी रोड स्थित गोल्डन अपार्टमेंट फेस टू निवासी ▶▶|शेष पेज 6 पर



### ऐसे हुआ हादसा


एक्सीडेंट को लेकर जो सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, उसमें युवती पहले ट्रक के पीछे दोपहिया चलाती दिख रही है। इसके बाद युवती ट्रक के करीब होकर चलती है। इसी दौरान वह अपनी दोपहिया को तेलीबांधा की तरफ आने के लिए मोड़ती है और ट्रक चालक अपने ट्रक को रिंग रोड ले जाने के लिए मोड़ता है। इस दौरान ट्रक चालक युवती को नहीं देख पाता और युवती की दोपहिया को पीछे से ठोकर मार देता है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

## पहली बार सरकारी स्कूल सेंटर बनाया, यहीं हुई गड़बड़ी

# नीट परीक्षा में लाइट गुल, पेपर तक नहीं पढ़ पाए थे स्टूडेंट्स, एमपी हाईकोर्ट ने रोका रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने नीट यूजी 2025 एग्जाम के रिजल्ट पर फिलहाल रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि अंतिम फैसला होने तक रिजल्ट जारी न किया जाए। दरअसल, एग्जाम के दौरान तेज हवा और बारिश के कारण कई क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई थी। इससे कई स्टूडेंट्स पेपर तक नहीं पढ़ पाए थे, जिससे उनका पेपर बिगड़ गया। याचिका में मांग की है कि या तो प्रभावित कैंडिडेट्स का री-एग्जाम हो या उनके फेयर इवैल्यूएशन के लिए कोर्ट कोई दूसरी रेमेडी सुझाए।



### जवाबदारों को भेजा नोटिस

हाईकोर्ट ने एनटीए, बिजली कंपनी और परीक्षा केंद्रों को नोटिस जारी किए हैं। 30 जून तक सभी को जवाब पेश करना होगा। एग्जाम के बाद 5 मई से अब तक हाईकोर्ट में कुल 17 याचिकाएं दायर की गई थीं जिसकी सुनवाई कोर्ट ने एक साथ की।

### बैकअप का इंतजाम नहीं, तो मोमबत्ती जलाई

याचिका दायर करने वाले कैंडिडेट्स ने बताया कि उनका एग्जाम सेंटर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 था, जहां 4 मई को वो दोपहर 2 से शाम के 5 बजे की शिफ्ट में एग्जाम देने पहुंचे थे। इस बीच तेज बारिश और आंधी के चलते करीब 3:30 बजे बिजली चली गई। सेंटर पर कोई बैकअप नहीं था और कमरे में अंधेरा हो गया। कैंडिडेट्स को इस स्थिति में ही एग्जाम देना पड़ा। करीब 4:30 बजे सेंटर पर मोमबत्तियां जलाई गईं।

### *27 हजार स्टूडेंट्स पर असर*

*इंदौर में नीट यूजी 2025 के 9 सेंटर्स पर 27 हजार स्टूडेंट्स ने एग्जाम दिया था जो अब भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। 4 मई को एग्जाम सेंटर से कई स्टूडेंट्स हताश और रोते हुए निकले। एक छात्र प्रभु पांडा ने बताया, 'पिछले साल मुझे एमबीबीएस मिल रहा था लेकिन मैंने सोचा एक साल और तैयारी करता हूं ताकि एम्स मिल जाए। मेरा तो फ्यूचर बर्बाद हो गया। छात्रा समृद्धि अग्रवाल के पिता ने बताया कि एग्जाम सेंटर का हाल देखकर सभी पेरेंट्स चौंक गए। परीक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे।*

## चिंतन

# वरदान साबित होगी सड़क हादसे में कैशलैस योजना

भारत में लंबे समय से सड़क हादसे विडंबना की तरह रहे हैं। देश में हर तीन मिनट में सड़क हादसा एक जिंदगी लील लेता है। पहले तो हालात ये थे कि हादसे के बाद सड़क पर ही सफर कर रहे लोग घायल को अस्पताल तक ले जाने से डरते थे। ये भय रहता था कि कागजी कार्रवाई कौन करेगा। इन हालातों को बदलने के लिए सरकार ने भी अनेक तरह के अभियान चलाए। धीरे-धीरे जागरुकता आई और घायल तुरंत अस्पताल तो पहुंचने लगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यह खड़ा हो गया कि शुरुआती इलाज का खर्च कौन दे। इसी के चलते हजारों लोग अस्पताल पहुंचने के बाद भी जान गंवा देते हैं। कभी अस्पताल एडवांस की डिमांड करते हैं तो कभी बीमा पॉलिसी शर्त आड़े आ जाती है। हालांकि अब ऐसा नहीं होगा। सरकार ने सड़क हादसे में घायल के 1.5 लाख तक के इलाज का जिम्मा अपने सिर ले लिया है और वह भी बिना किसी कागजी झंझट, एडवांस या इंश्योरेंस डॉक्यूमेंट के। सरकार ने बाकायदा इसके लिए 5 मई 2025 से 'कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम 2025' की शुरुआत की है, जो सड़क हादसों के शिकार लोगों के लिए उम्मीद की एक नई किरण बनेगी। सरकार देशभर के अनेक सरकारी और निजी अस्पतालों को इस योजना से जोड़ेगी, जिनमें हादसे के तुरंत बाद इलाज शुरू हो सकेगा और अनमोल जिंदगियां बचेंगी। इस योजना में सिर्फ शुरुआती इमरजेंसी इलाज ही नहीं, बल्कि चोट की गंभीरता के हिसाब से पूरा इलाज, ऑपरेशन, दवाइयां, जांच-पड़ताल और जरूरी मेडिकल सपोर्ट भी कवर किया जाएगा। 13 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए थे कि यह स्कीम सिर्फ कागजों में नहीं, जमीन पर भी पूरी तरह लागू होनी चाहिए। सड़क हादसों के शिकार लोगों को इलाज देना कानूनन जरूरी है। इसलिए सरकार सुनिश्चित करे कि हर जरूरतमंद को समय रहते इलाज मिले। साथ ही कोर्ट ने केंद्र से अगस्त 2025 तक यह रिपोर्ट भी मांगी है कि इस योजना से अब तक कितने लोगों को फायदा मिला है। इसके बाद सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना का ऐलान किया। वैसे तो सरकार इसे लेकर पहले से ही सजग थी। योजना देश के सात जिलों में 14 मार्च 2024 को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू हुई थी। सरकार अपने स्तर पर देख रही थी कि योजना कितनी कारगर रहती है। अब इसे पूरे देश में लागू कर दिया गया है। इस योजना का लाभ सड़क हादसे में हर घायल व्यक्ति को मिलेगा। चाहे वह गाड़ी चला रहा हो, उसमें बैठा हो या सड़क पर पैदल जा रहा हो। बस हादसा सड़क पर हुआ हो और घायल को सरकार द्वारा तय किए गए अस्पताल में ले जाया जाए। इसके बाद इलाज करना अस्पताल का काम होगा। जब घायल को ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी मिलेगी तो अस्पताल इलाज का बिल सरकारी पोर्टल पर डालेगा। फिर राज्य की हेल्थ एजेंसी उस बिल को चेक करेगी और सही पाए जाने पर अस्पताल को भुगतान कर दिया जाएगा। लगभग वैसे ही जैसे आयुष्मान योजना के तहत भुगतान किया जाता है। वैसे भी हादसे में घायल के इलाज में दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी पुलिस भी दर्ज करती है। पुलिस द्वारा दुर्घटना की सूचना, स्थान, समय, वाहन की जानकारी और घायल व्यक्ति की डिटेल को इसमें रिकॉर्ड किया जाता है। इससे दुर्घटना की रिपोर्टिंग तेज होती है और इलाज प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा सकती है। अब बस जरूरत इस पर केंद्रित करने की है कि किसी भी तरह से सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।



विश्लेषण

विकेश कुमार बडोला

# ट्रंप कर रहे दक्षिणपंथी सिद्धांतों को खंडित

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिणपंथ की विश्वसनीयता संदिग्धता की परिधि में है। सन् 2016 में अपनी प्रतिद्वंद्वी हिलेरी क्लिंटन के समक्ष चुनाव प्रचार अभियानों में उन्होंने अमेरिका सहित वैश्विक वामपंथ की जड़ों पर जैसा प्रहार किया था, उस दिशा में अब दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद वे बुरी तरह उदासीन प्रतीत होते हैं। जनवरी 2025 में पुनः सत्ता प्राप्त करने के बाद अमेरिकी प्रथम के अपने राजनीतिक सिद्धांत को वे जिन साधनों, संसाधनों, विचारों और वक्तव्यों के माध्यम से सिद्ध कर रहे हैं, उससे उनका दक्षिणपंथ का पक्ष शक्तिहीन हो रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिणपंथ की विश्वसनीयता संदिग्धता की परिधि में है। सन् 2016 में अपनी प्रतिद्वंद्वी हिलेरी क्लिंटन के समक्ष चुनाव प्रचार अभियानों में उन्होंने अमेरिका सहित वैश्विक वामपंथ की जड़ों पर जैसा प्रहार किया था, उस दिशा में अब दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद वे बुरी तरह उदासीन प्रतीत होते हैं। जनवरी 2025 में पुनः सत्ता प्राप्त करने के बाद अमेरिकी प्रथम के अपने राजनीतिक सिद्धांत को वे जिन साधनों, संसाधनों, विचारों और वक्तव्यों के माध्यम से सिद्ध कर रहे हैं, उससे उनका दक्षिणपंथ का पक्ष शक्तिहीन हो रहा है।

वे अपने ठीक पूर्ववर्ती डेमोक्रेट्स के जो. बाइडेन की भांति ही अमेरिकी राजनीतिक का प्रतिनिधित्व करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जनवरी में पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने चीन, भारत सहित विश्व के सभी देशों पर शुल्क वृद्धि का प्रहार किया। आरंभ में लगा था कि समयांतराल में उनकी शुल्क वृद्धि नीति सभी देशों के साथ पारस्परिक व्यापारिक समझ बढ़ते रहने से स्वतः संतुलित हो जाएगी, लेकिन सत्तारूढ़ होने के चार माह तक वे देशों के साथ शुल्क वृद्धि, कमी और समायोजन के कार्यक्रमों में ही व्यस्त रहे। अंततः उन्हें शुल्क वृद्धि के परिणामस्वरूप वैश्विक व्यवसाय परिदृश्य में परिलक्षित अमेरिकी हितों की हानि होने के बाद विचार परीक्षण करने का अवसर मिला। इसके बाद उन्होंने पहले तो कुछ अवधि के लिए शुल्क वृद्धि न करने का निर्णय लिया और फिर प्रमुख देशों के साथ व्यापार के पुराने शुल्क-मानकों को ही स्वीकार कर लिया। आभास होता है कि वे अमेरिका की ओर से दुनिया पर प्रकार-प्रकार की प्रायोगिक नीतियां लागू कर उनसे हो सकने वाले लाभों व हानियों का अनुमान लगा रहे हैं। भारत के संदर्भ में ट्रंप का व्यक्तिगत एवं राजनीतिक दृष्टिकोण अप्रत्याशित ढंग से परिवर्तित हुआ है। स्मरण करें उनके पिछले कार्यकाल को जब मोदी का हाउडी मोदी कार्यक्रम में ट्रंप ने अमेरिका की ओर से अभूतपूर्व स्वागत किया और फिर ट्रंप के भारत आगमन पर भारत में उनका भी ठीक वैसा ही स्वागत हुआ। भारत व अमेरिका में हुए इन दो कार्यक्रमों के आधार पर दुनिया प्रामाणिक रूप में स्वीकार कर चुकी थी कि अब आगे वैश्विक विचारधारा का निर्धारण कांग्रेस-वामपंथ के विषैले आचरण के आधार पर नहीं, अपितु स्वराष्ट्रीयता-दक्षिणपंथ के आदर्श विचारप्रवाह में होगा। भारत एवं अमेरिका में दक्षिणपंथ के शासन का उदय विश्व के लिए समुचित माना जा रहा था। इससे प्रेरणा लेकर विश्व के कई देशों के लोग आंदोलित हुए और उन्होंने अपने-अपने देशों में दक्षिणपंथ के प्रतिनिधियों के पक्ष में ही चुनावों में बढ़चढ़ कर मतदान किया। भारत तो भाजपा के नेतृत्व में दक्षिणपंथ की मूल मान्यताओं को कठोरतापूर्वक न सही किंतु शनैः-शनैः शासकीय प्रवाह में स्थापित कर ही रहा है, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप अपने राजनीतिक सिद्धांत से डिगते हुए ही लग रहे हैं।

भारत स्थित जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा किये गये अपनी तरह के वीभत्सम नरसंहार के बाद भारत-पाकिस्तान के मध्य की शत्रुता में व्यापक विस्तार हुआ। साढ़े तीन-चार दशक पुरानी पाक प्रायोजित आतंकवाद की समस्या पर भारत ने शत्रु देश के विरुद्ध जो व जितनी



भी कार्रवाइयां आरंभ कीं, वह अभूतपूर्व थीं तथा उस पर जितने व जैसे प्रतिबंध लगाये, वो प्रतिशोध के किंचित नवीन मानक थे। शत्रु को दंडित करने के उद्देश्य से ऐसे-ऐसे निर्णय लिये गये जो स्वतंत्र भारत में पहले कभी नहीं लिए गए। वायुमार्ग से पाकिस्तान की सीमा के अंदर उसके क्षेत्र में प्रवेश कर नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। इस प्रतिघात के होने तक ट्रंप भारत के साथ खड़े दिखाई दिये थे, किंतु पाकिस्तान की ओर से हमारे सैन्य केंद्रों को लक्षित कर छोड़ी गईं मिसाइलों, ड्रोनों, मानवरहित युद्धक विमानों को भारत द्वारा अपने युद्धक अस्त्र-शस्त्रों द्वारा मार गिराए जाने और राजधानी इस्लामाबाद समेत पाक के प्रमुख नगरों पर भारत के भीषण प्रत्याक्रमण के बाद राष्ट्रपति ट्रंप पाक की याचना पर मध्यस्थ की भूमिका में अवतरित हो गए।

ट्रंप 2016 से लेकर 2024 तक रेडिकल इस्लामिक टेररिज्म के संदर्भ जैसा गंभीर व उत्तरदायित्वपूर्ण वक्तव्य दिया करते थे, तो प्रतीत होता था कि वे साढ़े तीन दशक से भी अधिक समय तक आंतक से पीड़ित रहे भारत की पीड़ा को भलीभांति समझते हैं, लेकिन उन्होंने 9-10 मई 2025 की रात को भारत के सैन्य प्रत्याक्रमण की अधिकता से परास्त पाक की युद्ध विराम की याचना को न केवल स्वीकार कर लिया बल्कि भारत पर येन-केन-प्रकारेण दबाव बनाने का प्रयास भी किया कि वो पाक पर प्रहार करना बंद करे। आतंकवाद के संदर्भ में ट्रंप की द्विअर्थी मानसिकता व धृष्टता यहीं तक सीमित नहीं थी। युद्ध विराम होने के बाद उन्होंने ट्वीट किया कि दोनों देशों के संघर्ष को उन्होंने ही हस्तक्षेप कर रुकवाया है। दक्षिणपंथ, भारत, मोदी से उनका विश्वासघात इतने तक ही सीमित नहीं रहा। उनके शासन ने अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष के समक्ष बहुत समय पहले से प्रस्तावित पाकिस्तान के ऋण-प्राप्ति के प्रस्ताव को स्वीकार करवाने में प्रमुख भूमिका निभाई। यह तब हुआ जब अमेरिका समेत सभी यूरोपीय व नाटो के सदस्य देश भारत की प्रामाणिक जानकारियों व सूचनाओं के आधार पर भलीभांति जानते हैं कि पाक ने ऋण का दुरुपयोग ही अधिक किया है।

ट्रंप का आतंक विरोधी सिद्धांत तब भी बुरी तरह टूटता-फूटता हुआ प्रतीत होता है, जब वे एक दिशा से स्वयं के वैश्विक शांतिदूत होने की बात करते हैं, तो दूसरी दिशा में वे सऊदी अरब के साथ 142 अरब डॉलर के हथियार अनुबंध को हस्ताक्षरित करते हैं। यह अत्यंत विचारणीय है कि एक छोटे से अरब देश को अमेरिका से इतनी अधिक संख्या में हथियार खरीदने की आवश्यकता क्यों हो रही है। किन्हीं दो देशों के मध्य अस्त्र-शस्त्रों के लेन-देन का यह आज तक का सबसे बड़ा अनुबंध है। पाकिस्तान को सैन्य प्रत्याक्रमण के हर कोण पर परास्त कर त्राहि-त्राहि करने को विवश करने के बाद पाकिस्तान, अमेरिका, चीन समेत दुनियाभर में यह मिथ्या प्रचार करना कि पाकिस्तान के सैन्य केंद्रों को कोई हानि नहीं हुई और इसके विपरीत पाक के आक्रमण द्वारा भारत के सैन्य केंद्र व शस्त्र क्षतिग्रस्त हुए हैं, यही सिद्ध करता है कि अमेरिका ने जानबूझकर ऐसा प्रचार किया व करवाया है, ताकि अमेरिका व चीन द्वारा पाकिस्तान को उपलब्ध कराए गए मारक एवं रक्षक शस्त्रों की अनुपयोगिता का प्रचार-प्रसार दुनिया में न हो सके। खाड़ी देशों की तीन दिवसीय यात्रा के चरण में कतर के दोहा में ट्रंप ने एप्पल कंपनी के स्वामी से कहा है कि वे अपना विनिर्माण कारखाना भारत के स्थान पर अमेरिका में स्थापित करें। भारतीय हितों पर कुठाराघात करने वाले ट्रंप के इन निर्णयों, नीतियों तथा वक्तव्यों से स्पष्ट हो जाता है कि डेमोक्रेट्स हों चाहे रिपब्लिकन, अमेरिका हो या अन्य कोई यूरोपीय लोकतांत्रिक देश वहां राजनीतिक सिद्धांतों के अनुरूप नहीं बल्कि व्यापारियों की मंशा से ही सत्ता चलाई जाती है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## हज सुविधा ऐप 2.0

सी.पी.एस. बक्शी




# भारत से हज यात्रियों का डिजिटल सशक्तिकरण

भारत सरकार ने हाल के वर्षों में समावेशी शासन पर अत्यधिक बल दिया है। एक ऐसा शासन, जो भूगोल, पृष्ठभूमि या विश्वास की परवाह किए बिना हर नागरिक तक पहुंचता हो। यह बात वार्षिक हज यात्रा के संचालन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। एक नियमित प्रशासनिक क्रियाकलाप से दूर, यह एक विशाल मानवीय, कूटनीतिक और तार्किक संचालन है, जो अनेक राष्ट्रों और संस्कृतियों तक फैला हुआ है। सबका साथ, सबका विकास के लोकाचार से प्रेरित होकर सरकार ने हज प्रबंधन को 21वीं सदी की सेवा वितरण के मॉडल के रूप में परिणत कर दिया है। भारत से हर साल लगभग 1.75 लाख तीर्थयात्री पवित्र हज यात्रा पर जाते हैं। सऊदी अरब साम्राज्य (केएसए) के साथ घनिष्ठ समन्वय में, भारतीय हज समिति के माध्यम से चार महीने तक चलने वाले इतने व्यापक और संवेदनशील ऑपरेशन का प्रबंधन करना राष्ट्रीय समन्वय, कूटनीति और सेवा का एक महत्वपूर्ण नमूना है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह आध्यात्मिक यात्रा निर्बाध होने के साथ-साथ गरिमापूर्ण, समावेशी और तकनीकी रूप से सशक्त भी हो। बिना किसी पक्षपात के सभी समुदायों की सेवा करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, सरकार हज के अनुभव को विदेशों में अब तक किए गए सबसे उन्नत सार्वजनिक सेवा संचालन में से एक के रूप में परिणत कर रही है। हज सुविधा ऐप को भारत सरकार ने 2024 में लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों के अनुभव को सरल और बेहतर बनाना था। इसके माध्यम से प्रत्येक तीर्थयात्री से जुड़े राज्य हज निरीक्षकों के विवरण के साथ-साथ निकटतम स्वास्थ्य सेवा और परिवहन सुविधाओं सहित आवास, परिवहन और उड़ान संबंधी विवरण जैसी सूचनाओं तक तत्काल पहुंच कायम करना संभव हो रहा है। यह ऐप शिकायत प्रस्तुत करने, उसकी ट्रैकिंग करने, बैगेज ट्रैकिंग, आपातकालीन एसओएस सुविधाएं, आध्यात्मिक सामग्री और तत्काल सूचनाएं प्राप्त करने में भी सक्षम बनाता है। पिछले साल 67,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने ऐप इंस्टॉल किया था, जो स्वीकृति की उच्च दर का संकेत देता है। केएसए में भारत सरकार द्वारा हाजियों के लिए स्थापित प्रशासनिक ढांचे द्वारा 8000 से अधिक शिकायतें और 2000 से अधिक एसओएस उठाए गए और उनका जवाब दिया गया। हज-2024 के दौरान ऐप से प्राप्त जानकारी ने 2025 के लिए हज नीति और दिशानिर्देश तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में काम किया। ये डेटा-समर्थित निर्णय भारत सरकार के अपने नागरिकों के लिए उत्तरदायी शासन के मॉडल का उदाहरण हैं। सरकार ने अब हज सुविधा ऐप 2.0 लॉन्च किया है। यह हज के पूरे दायरे को कवर करता है और तीर्थयात्रियों के लिए वास्तव में एंड-टू-एंड डिजिटल समाधान तैयार करता है। हज 2.0 में हज यात्रियों के डिजिटल आवेदन, चयन (कुर्रा), प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, भुगतान एकीकरण, अदाही कूपन जारी करने और रद्दीकरण तथा धन वापसी की प्रक्रियाओं से लेकर हज की पूरी प्रक्रिया शामिल है। अपडेट किया गया ऐप बैंकिंग नेटवर्क के साथ सहज एकीकरण प्रदान करता है, जिससे तीर्थयात्री यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। यात्रा के दौरान सुविधा के लिए तत्काल उड़ान संबंधी सूची और इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास भी प्रदान किए जाते हैं। ऐप को पेडोमीटर सुविधा के साथ संवर्धित किया गया है। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों में पैदल चलने की आदत डालना है, ताकि उनमें आगे की कठिन यात्रा के लिए आवश्यक सहनशक्ति विकसित हो सके। तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए तत्काल मौसम के अपडेट भी जोड़े गए हैं, ताकि तीर्थयात्रियों को जलवायु संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में मदद मिल सके और साथ ही उन्हें स्वस्थ और हाइड्रेटेड रखा जा सके। स्वास्थ्य मंत्रालय के ई-हेल्थ कार्ड और ई-हॉस्पिटल मॉड्यूल को इस वर्ष ऐप के साथ जोड़ दिया गया है। एआई द्वारा संचालित एक चैटबॉट को डिजिटल पर्सनल असिस्टेंट के रूप में शामिल किया गया है। हज सुविधा ऐप 2.0 भारत के डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी है और यह भारत सरकार के इस दृष्टिकोण का प्रमाण है कि शासन प्रत्येक नागरिक तक सार्थक तरीके से पहुंचे। प्रौद्योगिकी की शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, भारत तीर्थयात्रियों के प्रबंधन के लिए नए अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित कर रहा है, जिससे अपने नागरिकों को निर्बाध, सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से बेहतर अनुभव मिल रहा है।

(लेखक अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित

दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

## मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



संकलित

प्रेरणा

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहाँ उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोलेः कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोलाः बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोलेः घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जायेगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोलाः चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोलेः तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### फर्जी एप्स से बचें


हमारे देश में विभिन्न कंपनियों ने एप्स के जरिए लोन देने की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे ही कुछ मिनटों में लोन उपलब्ध हो सके। लेकिन कुछ फर्जी एप्स भी हो सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है, ताकि किसी फर्जी एप्स के जरिए लिया गया लोन मुसीबत न बने। जब किसी को आर्थिक संकट आता है, या जब किसी का कोई परिवारजन बीमार होता है या जब किसी गरीब या मिडल क्लास के बच्चे की पढ़ाई का खर्चा पूरा न हो रहा हो या किसी व्यापारी को व्यापार के लिए धन की जरूरत हो तो ऐसे में इन सभी को सरकारी बैंकों या अन्य उचित एप्स से लोन आसानी से न मिल रहा है, तो ऐसे वर्ग के लोग फर्जी लोन एप्स के जंजाल में फंस जाते हैं और मुसीबत में पड़ जाते हैं।

- गणेश मिश्रा, बिलासपुर

## करंट अफेयर

# डेटिंग ऐप्स से होता जा रहा लोगों का मोहभंग

कुछ समय पहले डेटिंग ऐप्स ने लोगों के रोमांटिक पार्टनर से मिलने के तरीके को बदल दिया था। लेकिन ऐसा लगता है कि अब इनकी लोकप्रियता खत्म होती जा रही है। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल, ब्रिटेन में चार बड़े डेटिंग ऐप ने अपने लाखों उपयोगकर्ता खो दिए। अध्ययन से पता चलता है कि ऐसा इसलिए हुआ है कि लोग इन ऐप से निराश हो चुके हैं और ऊब गए हैं। यह निराशा आमतौर पर ऐप के दूसरे उपयोगकर्ताओं के अनुचित व्यवहार के कारण होती है। ऐसा लगता है कि यह बोरियत इस बढ़ते विश्वास से उत्पन्न होती है कि इन ऐप्स द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सार्थक जुड़ाव की तुलना में अल्पकालिक जुड़ाव को प्राथमिकता देती है। ये डेटिंग ऐप पहले की ऑनलाइन डेटिंग वेबसाइटों की तुलना में काफी अलग हैं, जो प्रामाणिक संबंध स्थापित करने के तरीके के बारे में अधिक पारदर्शी थीं। उन वेबसाइट पर उपयोगकर्ताओं से कई तरह के सवाल पूछकर और उनके व्यक्तित्व का काफी मूल्यांकन करके पारदर्शिता कायम की जाती थी। उदाहरण के लिए 'ओके क्यूपिड डॉट कॉम' (2003 में स्थापित) पर उपयोगकर्ताओं से कई बहु विकल्प प्रश्न पूछे जाते थे। इसके अलावा उनसे उन्हीं प्रश्नों के उत्तर भी पूछे जाते थे, जो प्रश्न वे भावी पार्टनर से पूछना चाहते थे।



## ऑफ बीट

# भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की कमी होगी

आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।




## ट्रेंड

### सिक्किम वासियों को बधाई



सिक्किम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई। भारत में पर्यावरण के प्रति सर्वाधिक जागरूक राज्यों में से एक सिक्किम ने प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को प्रदर्शित करते हुए सतत विकास के बेहतरीन उदाहरण पेश किए हैं।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### पर्वतीय राज्यों की चिंता



हिमालय पर्यावरण संकट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा वहन करता है। हम भारत में, अपने महत्वपूर्ण हिमालयी क्षेत्र के साथ, इन प्रभावों को प्रत्यक्ष रूप से देख रहे हैं। भारत पर्वतीय राज्यों और उनके लोगों की चिंताओं को साझा करता है।

-भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री

### मंडियों का मॉडर्नाइजेशन



एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी का दौरा कर व्यापारियों, किसानों और आढ़तियों से उनकी समस्याएं सुनीं। अब मंडियों का मॉडर्नाइजेशन होगा एवं सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### कान्स में आना अच्छा लगा



पिछले साल की उसी समय की याद आ रही है जब मैं आधिकारिक तौर पर शोबिज में वापस आई थी! बहुत दिनों बाद कान्स में तैयार होकर आना बहुत अच्छा लगा और मुझे इसका हर पल बहुत पसंद आया।

- प्रीति जिंटा, अभिनेत्री

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर

फोन: 401050,271016,फैक्स-271018

ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com

वेब-साइट: www.haribhoomi.com

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



**इन गांवों के किसान हैं प्रभावित**

*मुंबई से झारसुगुड़ा तक करीब 1300 किलोमीटर की गैस पाइप लाइन बिछाई गई है।इस योजना के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश के दुर्ग, बेमेतरा, राजनांदगांव, रायपुर, महासमुंद, जांजगीर चांपा और रायगढ़ जिले के किसान प्रभावित हुए। दुर्ग जिले के 21 गांव के लोगों की फसल नुकसान हुआ।* ▶▶|शेष पेज 6 पर

# गैस पाइपलाइन चट कर गई 9 जिलों की फसल, मुआवजा नहीं मिला, गड्ढे में खेती

**हरिभूमि सरोकार**


देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

प्रदेश के 9 जिले से गुजरी गैस पाइप लाइन से फसलों को भी काफी क्षति पहुंची। किसानों ने जून 2024 को अपने खेतों में रबी फसल लगा दी थी और इसी दौरान गेल इंडिया कंपनी ने गैस पाइप लाइन डाल दी। पाइप लाइन डालने की वजह से किसानों को करोड़ों रुपए की क्षति पहुंची। इस क्षति का मुआवजा अब तक कई किसानों को नहीं मिल पाया है। खास बात यह है कि रबी फसल की किसानी सीजन की फिर से शुरूआत करना है और खेतों में जेसीबी चलन से हुए गड्ढे भी कंपनी ने अब तक नहीं भरे हैं। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### क्षतिपूर्ति के लिए करें आवेदन

*प्रभावित किसानों को हमने अधिग्रहित जमीन का मुआवजा बांट दिया है। फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा भी किसानों को दे दिया गया है। जिन किसानों को क्षतिपूर्ति नहीं मिल पाई है वे कार्यालय में आकर आवेदन करें। खेतों का संधारण कार्य हमने शुरू करवा दिया है। किसानी सीजन तक पूर्ण करवा देंगे।*
**- सौरभ सिंह, डीजीएम गेल इंडिया कंपनी**

**रबी की लगी फसल के दौरान ही खेतों में डाल दी गई थी पाइप लाइन**



**इन उदाहरणों से समझिए मुआवजा का दर्द**

**केस 1**
रेवलीडीह के किसान यासीन खान ने अपने खेत में चने की फसल लगाई थी। तीन एकड़ फसल में चना लगाया। उनके खेत के बीच को जेसीबी से खोदकर गैस पाइप लाइन डाली गई। वे बताते है कि दो एकड़ फसल बर्बाद हो गई। मुआवजे को लेकर प्रदर्शन किया तो कहा कि एक महीने के भीतर दे देंगे लेकिन अब तक क्षतिपूर्ति नहीं मिली।

**केस 2**
बोड़ेगांव के किसान रविप्रकाश ताम्रकार ने अपने खेत में टमाटर की फसल ली थी। 2 एकड़ में फसल ली। जिसमें एक एकड़ की फसल पूरी तरह तबाह कर दी। वे बताते हैं कि गैस पाइप लाइन डालने के लिए खेतों के मेड़ को छह फीट गड्ढे कर डाला गया है। किसानों को अब तक न क्षतिपूर्ति दी है और न ही गड्ढों को समतल किया गया है।

**केस 3**
ननकट्ठी के किसान टिकेश्वर देवांगन ने अपने खेत में चने और टमाटर की फसल लगाई थी। चार एकड़ की फसल में आधी पाइप लाइन के चपेट में आ गई। वे बताते हैं कि मेरे परिवार के और लोगों के साथ भी यही हुआ लेकिन किसी को क्षतिपूर्ति नहीं मिली है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में 13, बोधगया में पकड़ाया एक बांग्लादेशी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें उनके देश वापस भेजने के लिये दिल्ली पुलिस लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच ने दिल्ली के औचंदी गांव से 13 बांग्लादेशी घुसपैठियों को हिरासत में लिया। वहीं बिहार के बोधगया में एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा गया है। वह अपनी असली पहचान छुपा कर बौद्ध भिक्षुक बनकर रह रहा था।

### मथुरा में दुष्कर्म के दोषी डॉक्टर को उम्रकैद

**मथुरा।** जिले की विशेष अदालत ने अपने ही अस्पताल में काम करने वाली नर्स के साथ दुष्कर्म करने एवं दूसरे दिन यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या करने के लिए उकसाने के दोषी सादाबाद रोड पर स्थित माही नर्सिंग होम संचालक डॉ. धर्मेंद्र सिंह को आजन्म कठोर कारावास और कुल 80 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

### यौन उत्पीड़न मामले में बरी हुए विजय राज


**नई दिल्ली।** एक्टर विजय राज को साल 2020 के यौन उत्पीड़न के मामले में बरी कर दिया गया है।



बता दें कि विद्या बालन स्टारर फिल्म 'शेरनी' की शूटिंग के दौरान 2020 में एक महिला क्रू मेंबर ने विजय राज के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में महाराष्ट्र की गोंदिया कोर्ट ने एक्टर के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं मिलने पर ये फैसला सुनाया है। पीटीआई के अनुसार, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेंद्र सोरते ने जांच में गंभीर खामियों का हवाला देते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 354-ए (यौन उत्पीड़न) और 354-डी (पीछा करना) के तहत आरोप हटा दिए।

### ब्रिटेन : गायक क्रिस ब्राउन को हिरासत में रखने का आदेश

**लंदन।** ग्रैमी विजेता गायक क्रिस ब्राउन को शुक्रवार को ब्रिटेन की



एक अदालत में पेश होने के बाद हिरासत में रखने का आदेश दिया गया। उन पर 2023 में लंदन के एक नाइट क्लब में एक संगीत निर्माता को बोतल से पीटने का आरोप है। ब्राउन (36) पर 'मैनचेस्टर मैजिस्ट्रेट्स कोर्ट' में गंभीर शारीरिक क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया गया उन्होंने कोई दलील नहीं दी। अभियोजक हन्ना निकोल्स ने कहा कि अपराध "बेहद गंभीर" था और ब्राउन ने 19 फरवरी, 2023 को लंदन के मेफेयर इलाके में टेप नाइट क्लब में निर्माता अबे डियाव पर कई बार बोतल से हमला किया था। घटना के समय ब्राउन ब्रिटेन की यात्रा पर थे।

### शाह के बाद अब एमपी के उप मुख्यमंत्री ने जोश में खोया होश, विपक्ष ने घेरा

# ये क्या बोल गए डिप्टी सीएम- पूरा देश व सेना मोदी के चरणों में नतमस्तक, बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जबलपुर

मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के विवादास्पद बयान का मुद्दा अभी थमा नहीं कि अब सूबे के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के विवादित बयान ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया। मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले को लेकर एक बयान दिया जिसने विवाद खड़ा कर दिया। देवड़ा ने कहा पूरा देश और देश की सेना प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है। विपक्षी दलों ने देवड़ा के इस बयान को गंभीर मानते हुए इसे सेना की गरिमा को ठेस पहुंचाने तथा उनका मनोबल गिराने वाला बताते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। यह बयान उन्होंने जबलपुर में सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दिया था। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आतंकवादियों के ठिकानों पर सटीक और साहसिक कार्रवाई को लेकर देवड़ा ने आभार जताया।

## सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स के कार्यक्रम में फिसली जुबान

### क्या कहा था डिप्टी सीएम ने

मप्र के डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा कि आतंकवादियों ने महिलाओं और बच्चों से धर्म पूछकर गोली मारी, जिससे देश में गुस्सा और तनाव का माहौल था। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने आतंकवादियों को कड़ा जवाब दिया है। इसके साथ ही देवड़ा ने कहा कि पूरा देश और देश की सेना प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों से तालियां बजवाकर प्रधानमंत्री की प्रशंसा भी करवाई।



### सेना के अपमान पर विपक्ष ने किया घेराव

देवड़ा के बयान के इस हिस्से को लेकर राजनीतिक दलों और रक्षा विशेषज्ञों ने कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि सेना की वीरता और बलिदान को सिर्फ प्रधानमंत्री की छवि से जोड़ना गलत है। सेना के जवानों के बलिदान को सम्मान देना जरूरी है, लेकिन इसे इस तरह राजनीतिक भाषा में व्यक्त करना अनुचित और अपमानजनक माना जा रहा है।

### भाजपा के लिए बढ़ती मुश्किलें

यह पहली बार नहीं है जब बीजेपी के किसी नेता ने इस तरह विवादित बयान दिया हो। इससे पहले भी प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री विजय शाह के कुछ बयान चर्चा में रह चुके हैं। अब उप मुख्यमंत्री के इस बयान से बीजेपी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पार्टी के कुछ नेता देवड़ा का बचाव करते हुए कहते हैं कि उनका बयान गलत तरीके से पेश किया गया है।


### विजय शाह की याचिका पर 19 को सुनवाई

मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर की गई विवादित टिप्पणी के मामले में दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 19 मई को सुनवाई करेगा।



इस याचिका में विजय शाह ने उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को रद्द करने की मांग की है। इस मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ कर रही है। सुनवाई के दौरान मंत्री शाह की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कोर्ट को बताया कि उन्हें कुछ अतिरिक्त दस्तावेज जमा कराने हैं। वहीं, कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने इस मामले में कैवीएट दायर किया है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को उनका पक्ष सुनेगा। इधर, राजभवन के सामने धरना दे रहे कांग्रेस विधायकों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## नीरज ने दोहा में रचा इतिहास पार की 90 मीटर की बाधा




*दोहा। भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग के दोहा चरण में आखिरकार 90 मीटर की बाधा पार कर ली और ऐसा करने वाले दुनिया के 25वें और एशिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए। दो ओलंपिक पदक जीत चुके 27 वर्ष के चोपड़ा ने पहले प्रयास में 88.44 मीटर स्कोर किया, जबकि दूसरा थ्रो अमान्य रहा। फिर नीरज ने तीसरे प्रयास में अपने करियर का बेस्ट थ्रो करते हुए 90.23 मीटर भाला फेंका। नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे।*

- 90.23 मीटर भाला फेंका
- 88.44 पहला प्रयास
- दूसरा प्रयास- अमान्य
- दुनिया के 25वें और एशिया के तीसरे खिलाड़ी
- दूसरे स्थान पर रहे नीरज
- भाला फेंक करियर का बेस्ट थ्रो
- जर्मनी के जूलियन वेबर 91.06 मीटर शीर्ष पर
- ग्रेनेडा के एंडरसन 85.64 मीटर तीसरा

# पाक जासूस बनवा रहा था करोड़ों की कोठी

**जालंधर।** पंजाब में पाकिस्तानी जासूसों के मिलने का क्रम जारी है। गुजरात पुलिस ने जालंधर पुलिस की मदद से एक संयुक्त ऑपरेशन में पाकिस्तानी जासूस मोहम्मद मुर्तजा अली को जालंधर के भार्गव कैंप क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 मोबाइल फोन और 3 सिम कार्ड बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, जब भी भारत ने पाकिस्तान में भारतीय न्यूज चैनलों का प्रसारण बंद किया, अली इस एप्लिकेशन के माध्यम से चैनलों की सामग्री को आईएसआई तक पहुंचाता था। उसे गिरफ्तार कर गुजरात ले जाया गया है, जहां उससे गहन पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अली ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान भारतीय न्यूज चैनलों की एक विशेष एप्लिकेशन बनाकर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को भारत की गोपनीय जानकारी मुहैया कराता था।

- **एक माह में खाते में हुआ 40 लाख का लेन-देन**


### कोठी की लागत डेढ़ करोड़ से अधिक

पुलिस ने बताया कि जासूस मो. मुर्तजा अली गांधी नगर में किराए के मकान में रहता था और वहां एक आलीशान कोठी का निर्माण भी करवा रहा था। जांच में खुलासा हुआ है कि अली ने हाल ही में 25 मरले का प्लॉट खरीदा था, जिस पर डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से कोठी बनाई जा रही थी। पुलिस ने उसके बैंक खाते की जांच की तो एक महीने में 40 लाख रुपये की संदिग्ध लेन-देन का पता चला।

# सुप्रीम कोर्ट की चेतावनीः दोबारा जंगल उगाएं या जेल जाने तैयार रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हैदराबाद यूनिवर्सिटी के पास कान्चा गाचीबोवली जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई पर कड़ा रुख अपनाया और कहा कि यह काम पहले से योजनाबद्ध लगता है। कोर्ट ने तेलंगाना सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जंगल दोबारा उगाया नहीं किया गया तो तेलंगाना सरकार के अधिकारी जेल जा सकते हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए आदेश दिया था कि वन क्षेत्र में यथास्थिति बनी रहे और कोई नया काम न हो। इसके बावजूद पेड़ों की कटाई की गई, जो आदेश का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने



- **हैदराबाद यूनिवर्सिटी में पेड़ों की कटाई का मामला**
- **यह काम योजनाबद्ध तरीके से किया गया**

निर्देश दिया कि अगर वह चाहती है कि उसके मुख्य सचिव को किसी भी गंभीर कार्रवाई से बचाया जाए तो वह 100 एकड़ वन भूमि को पहले जैसा करने की योजना लेकर ▶▶|शेष पेज 6 पर

**सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- ऐसा करने की क्या जल्दी थी?:** सुनवाई के दौरान जस्टिस गवई ने पूछा, छुट्टियों के तीन दिनों में ऐसा करने की क्या जल्दी थी? हमें केवल इस बात की चिंता है कि सक्षम प्राधिकारी की परमिशन के बिना बड़ी संख्या में पेड़ों को कैसे गिराया गया। बुलडोजर का इस्तेमाल कैसे किया गया। यदि आप निर्माण करना चाहते थे, तो आपको प्रक्रिया का पालन करना चाहिए था, परमिशन लेनी चाहिए थी।

### कोर्ट की तीन दिन की छुट्टी का उठाया फायदा

मामले में सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि पेड़ों की कटाई ऐसे समय पर की गई जब कोर्ट 3 दिन की छुट्टी पर था, ताकि कोई रोक न लग सके। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल को स्वतः संज्ञान लेते हुए आदेश दिया था कि वन क्षेत्र में यथास्थिति बनी रहे और कोई नया काम न हो। इसके बावजूद पेड़ों की कटाई की गई, जो आदेश का उल्लंघन है।

# दुर्ग की बेटी फ्रांस के कांस फिल्म फेस्टिवल में 20 को करेगी रैम्प वॉक ग्लोबल वार्मिंग पर देगी संदेश

**खास खबर**

जेएम तांडी ▶▶| भिलाई

एक समय था जब घरों में बेटी का होना अभिशाप समझा जाता था, लेकिन आज समय बदल गया है। बेटियां हर मोर्चे पर आगे हैं, बेटों से किसी भी मामले में कम नहीं हैं। चाहे नौकरी पेशा हो या फिर और कोई प्रोफेशन, हर जगह बेटियां नाम रोशन कर रही हैं। ऐसी ही दुर्ग की एक बेटी जूही व्यास ने अपनी लगन और कड़ी मेहनत से कांस फिल्म फेस्टिवल में जगह बनाई है। वे 20 मई को फ्रांस में होने वाले इस फेस्टिवल में ग्लोबल वार्मिंग पर रैम्प वॉक कर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

हरिभूमि से विशेष बातचीत में जूही ने बताया कि शनिवार को वे फ्रांस के लिए रवाना हो रही है। जहां ▶▶|शेष पेज 6 पर

- **प्रदेश की इकलौती महिला जिसका हुआ चयन, आज होगी रवाना**



### मिस इंडिया आईएनसी में फर्स्ट रनर अप रहीं

जूही ने बताया कि उसने वर्ष 2022 में मिस इंडिया आईएनसी में फर्स्ट रनर अप रह चुकी है। उन्होंने कैलिफ़ोर्निया में आयोजित मिस ग्लोबल 2023 में ▶▶|शेष पेज 6 पर

## आतंकियों को नए पैटर्न से की जा रही फंडिंग

# मंदिर में क्यूआर कोड से दान करते समय रहें सावधान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र एंटी टेररिस्ट क्वाड यानी एटीएस की जांच के दायरे में इस वक्त धार्मिक स्थलों पर लगे क्यूआर कोड हैं। नागपुर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर मिले संदिग्ध क्यूआर कोड की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को शक है कि इन क्यूआर कोड के माध्यम से अवैध फंडिंग के चैनलों का इस्तेमाल हो रहा है। पुलिस इस बात से भी इनकार नहीं कर रही है कि इस फंड का इस्तेमाल आतंकी नेटवर्क को फायदा पहुंचाने के लिए हो रहा हो। इस संबंध में नागपुर के कमर कॉलोनी स्थित एक मंदिर पर लगे क्यूआर कोड के मामले में मोहम्मद एजाज अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार जांच में पता चला कि अंसारी ने धार्मिक संस्था के लिए दान के नाम पर इकट्ठा किए गए फंड को अपने निजी बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया। यह क्यूआर कोड इस तरह लगाया गया था कि श्रद्धालुओं को लगे कि वो इसे स्कैन कर वो मंदिर ट्रस्ट को दान दे रहे हैं, लेकिन फंड सीधे अंसारी के खाते में पहुंच रहा था। एटीएस को शक है कि यह गतिविधि सिर्फ एक स्थानीय धोखाधड़ी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तार एक बड़े गैरकानूनी फंडिंग नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं।

- **नागपुर में मोहम्मद एजाज अंसारी पर दर्ज हुआ है मामला**



### फंड का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों में होने का शक

अधिकारियों का मानना है कि ऐसे क्यूआर कोड का उपयोग आतंकी गतिविधियों को वित्तीय सहायता देने के लिए किया जा सकता है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। महाराष्ट्र एटीएस अब राज्यभर के धार्मिक स्थलों, विशेष रूप से मंदिरों और अन्य पूजा स्थलों पर लगे क्यूआर कोड की स्कैनिंग और जांच कर रही है। इस जांच का उद्देश्य यह पता लगाना है कि क्या अन्य स्थानों पर भी इसी प्रकार की गतिविधियां हो रही हैं। एटीएस ने इस मामले में तकनीकी विशेषज्ञों की सहायता लेना शुरू किया है ताकि क्यूआर कोड के पीछे के डिजिटल नेटवर्क और बैंक खातों का विश्लेषण किया जा सके।

### एटीएस की लोगों से अपील


यह मामला इसलिए भी गंभीर है क्योंकि धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं के विश्वास का दुरुपयोग दान के लिए किया जा रहा है। एटीएस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी क्यूआर कोड को स्कैन करने से पहले उसकी प्रामाणिकता की जांच करें। इस जांच के दौरान अन्य संदिग्ध व्यक्तियों और संगठनों पर भी नजर रखी जा रही है। एटीएस का कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल वित्तीय अपराध हैं, बल्कि देश की सुरक्षा को भी प्रभावित कर सकती हैं। वर्तमान में, एटीएस इस नेटवर्क के मास्टरमाइंड और संभावित अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की तलाश में है।

## पंजाब में अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी

# पाक का नार्को टेरर, पंजाब में 85 किलो हेरोइन बरामद

एजेंसी ▶▶| तरनतारन

पाकिस्तान न केवल सीमा पार से आतंकी भेजता है बल्कि ड्रग्स के जरिय नार्को टेरर भी फैला रहा है।



पंजाब पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। तरनतारन पुलिस ने पाकिस्तान से भेजी गई नशे की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने एक ड्रग स्मगलर को गिरफ्तार किया है और 85 किलो हेरोइन बरामद की है। आरोपी अमरजोत सिंह अमृतसर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से यह ड्रग्स बरामद की। अलग-अलग जगह से कुल 85 किलो हेरोइन पकड़ी है। हेरोइन (चिट्टा) की इतनी बड़ी खेप पुलिस ने पहली बार पकड़ी है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के लिंक यूके के लाली और पाकिस्तानी तस्करों के साथ हैं।

### वाशिंग मशीन में छुपा रखी थी ड्रग्स

पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने नशा तस्कर को एक दिन पहले गिरफ्तार किया था। पहले दिन आरोपी के कब्जे से 5 किलो ड्रग्स बरामद की थी। इसके बाद आरोपी की घर से पुलिस को 40 किलो हेरोइन और मिली, जो उसने वॉशिंग मशीन में छुपा रखी थी। इसके अलावा आरोपी के गांव से भी 40 किलो हेरोइन बरामद हुई है। तीन किस्तों में आरोपी तस्कर से कुल 85 किलो हेरोइन बरामद की है।

# दुष्कर्म के आरोपी को भुगतनी होगी 20 साल की सजा
# पाक्सो कोर्ट ने दो बार सुनाई है 10-10 साल की सजा

## कोर्ट ने दोनों सजाओं को अलग-अलग काटने का आदेश दिया

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए दुष्कर्म के आरोपी की उस अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने दोनों सजाओं को साथ-साथ चलाने की मांग की थी। दुष्कर्म के आरोप में 10 साल की सजा काटने के दौरान हाईकोर्ट ने आरोपी को अस्थाई जमानत दी थी। जमानत पर छुटते ही फिर उसने एक नाबालिग को अपनी हवस का शिकार बनाया। इस मामले में पाक्सो कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में लिखा है कि याचिकाकर्ता आरोपी आदतन अपराधी है, उसे सजा में कोई छूट नहीं दी जा सकती। कोर्ट दोनों सजाओं को अलग-अलग भुगतने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल सजा भुगतनी पड़ेगी। सीतापुर (सरगुजा) के चुहीगढ़ाई निवासी आरोपित संजय नागवंशीमार्च 2014 में एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर कुनकुरी ले गया और दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता ने 20 जून 2014 को परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर पाक्सो कोर्ट में चालान पेश किया। मामले की सुनवाई के बाद पाक्सो कोर्ट ने दिसंबर 2015 में आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और पाक्सो एक्ट



के तहत 10-10 वर्ष के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई थी।

### आरोपी की प्रवृति आपराधिक

हाईकोर्ट से अस्थायी जमानत मिलने के बाद जेल से छूटते ही आरोपी ने एक नाबालिग को अपनी हवस का शिकार बनाया। इस मामले में पाक्सो कोर्ट अंबिकापुर ने वर्ष 2019 में उसे 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। वर्तमान में आरोपी अंबिकापुर केंद्रीय जेल में 7 वर्षों से बंद है। आरोपी ने सीआरपीसी की धारा 427(1) के तहत राहत की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने आरोपी की याचिका खारिज करते हुए कहा है कि दोनों मामलों की सुनवाई अलग-अलग समय पर हुई है। दोष सिद्धि भी अलग-अलग तारीखों पर हुई और किसी भी न्यायालय ने सजा को एक साथ चलाने का आदेश नहीं दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि आरोपी ने दूसरे मामले की सुनवाई के दौरान अपना पहला अपराध छिपाया था। आरोपी की प्रवृति आपराधिक है। इसलिए उसे रियायत नहीं दी जा सकती।

## जांच जब तक न्यायिक रूप से सिद्ध नहीं होती तब तक रिटायरमेंट लाभ को रोकना असंवैधानिक

रिटायर डीईओ की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि जांच निष्कर्ष न्यायिक या वैधानिक रूप से सिद्ध नहीं होते, तब तक पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण और अन्य सेवानिवृत्त लाभों को रोका जाना असंवैधानिक है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है।रायगढ़ जिले के रिटायर डीईओ बरनाबस बखला ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी रिकवरी आदेश को चुनौती देते हुए अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी और अपूर्वा पांडे के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में इस बात की भी शिकायत की थी कि पूर्व के मामले में दोषी ठहराते हुए विभाग द्वारा पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण और अन्य सेवानिवृत्त लाभों से वंचित किया जा रहा है। मामले की सुनवाई जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच में हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने विभाग द्वारा जारी कर आदेश को रद्द करते हुए रिटायरमेंटल बेनिफिट की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता ने अपने सेवा-काल के कार्यों के संबंध में जांच समिति द्वारा लगाए गए वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को चुनौती दी थी।

### याचिकाकर्ता से कोई वसूली नहीं की जा सकती

याचिका में कहा गया कि विचाराधीन आदेश वसूली आदेश नहीं है और याचिकाकर्ता से कोई वसूली नहीं की जा सकती है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2017 में भारत सरकार के द्वारा 'राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन' के अंतर्गत रायगढ़ जिला ग्रंथालय के सुधार और तकनीकी उन्नयन के लिए 87 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी। जिसमें 30 लाख तकनीकी उन्नयन के लिए खर्च किया जाना था। इस परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान याचिकाकर्ता जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। याचिकाकर्ता की सेवानिवृत्ति के बाद कलेक्टर रायगढ़ ने एक तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। इसके खिलाफ याचिका दायर की गई थी।

# सीएमओ खैरागढ़ से जवाब तलब

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने पाइप लाइन में लीकेज होने से शहर के कई वार्डों में दूषित पानी पहुंचने की खबर पर संज्ञान लिया था। नगर निगम बिलासपुर आयुक्त के शपथपत्र पर आज कोर्ट ने संतोष जाहिर कर इसे स्वीकार कर लिया। दूसरी ओर खैरागढ़ में बदबूदार गंदे पानी की सप्लाई होने के समाचार पर आज संज्ञान लेते हुए सीमओ नगर पालिका खैरागढ़ से शपथपत्र पर जवाब तलब किया है। अगले सप्ताह वेकेशन बेंच में ही इसकी सुनवाई निर्धारित की गई है। पाइप लाइन में लीकेज होने से बिलासपुर के कई वार्डों में दूषित पानी पहुंच रहा है, इसे पीने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। बड़ी संख्या में लोगों ने डायरिया होने की शिकायत की है। अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। संत रविदास नगर वार्ड में निगम की नलों से दूषित पानी आ रहा है। इसके कारण बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे है। इस आशय का समाचार प्रकाशित हुआ था । हाईकोर्ट की वेकेशन बेंच में गत वर्ष मंजूर की गई उस जनहित याचिका को दोबारा सुनवाई के लिए रखा गया था, जिसमें कहा गया था कि बारिश में पूरा बिलासपुर ही पानी से सराबोर हो गया। निचली बस्तियां डूब गई और हर जगह पानी भर गया। पीआईएल के रूप में सुनते हुए चीफ जस्टिस ने आगामी जुलाई 25 में सुनवाई तय की थी, मगर मंगलवार को ही संत रविदास नगर (करबला) की खबर आ गई और इस पीआइएल को वेकेशन बेंच ने रीओपन करवाया। दूषित पानी के मामले में संज्ञान लेने के बाद हुई सुनवाई में नगर निगम आयुक्त ने एक शपथपत्र पेशकर कोर्ट को बताया कि जिन स्थानों पर अवैध कनेक्शन की शिकायत थी, वहां पर इस तरह के कनेक्शन काट दिए गये हैं। पाइप लाइन भी ठीक कराई जा रही है। इसे मानते हुए कोर्ट ने शपथपत्र मंजूर कर लिया है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा अमंत्रण सूचना**

क्र.137/न.पा.नि./यो.प्र./2025-26 दिनांक 16/05/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत '' डी '' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | निविदा डाउनलोड/सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 168607 | REPAIRING AND PAINTING WORK AT RAGHURAJ SINGH STADIUM | 60.00 | 09 / 06 / 25 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

# राज्य को टेंडर शर्तें तय करने का अधिकार है, लेकिन इसमें पक्षपात पूर्वाग्रह या मनमानी ना हो

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससीएल) द्वारा जारी दो स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी टेंडरों में कुछ शर्तों को निरस्त कर दिया है। यह शर्तें निविदाकारों को केवल पूर्व में ब्लैकलिस्ट किए जाने के आधार पर भागीदारी से वंचित करती थीं जबकि ब्लैकलिस्टिंग की अवधि समाप्त हो चुकी थी। कोर्ट ने कहा है कि राज्य को टेंडर शर्तें तय करने का अधिकार है, लेकिन ये शर्तें मनमानी या अनुपातहीन नहीं होनी चाहिए जिससे योग्य निविदाकारों की सार्थक भागीदारी बाधित हो।

मामला दो रिट याचिकाओं का है। मेसर्स जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेज (आई) प्रा. लि. ने दो याचिका दायर की थी। इसमें '108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस सेवा' और 'हाट बाजार क्लिनिक योजना' के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट्स से संबंधित टेंडरों की शर्तों को चुनौती दी गई। याचिकाकर्ता, जो पहले भी छत्तीसगढ़ में 108 सेवा संचालन कर चुकी है, को मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 2022 में एक असंबंधित परियोजना के संबंध में जारी ब्लैकलिस्टिंग आदेश के आधार पर नए टेंडर में भाग लेने से अयोग्य ठहराया गया, जबकि उक्त आदेश की अवधि समाप्त हो चुकी थी। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि "कभी ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया" ऐसा हलफनामा देना एक अव्यावहारिक शर्त है, जिससे ऐसे सभी निविदाकार, जिनकी जिनकी ब्लैकलिस्टिंग समाप्त हो चुकी है, स्वतः बाहर हो जाते हैं।

### ब्लैकलिस्टिंग की अवधि समाप्त तो टेंडर में भाग लेना जायज

कोर्ट ने फैसले में कहा कि यद्यपि राज्य और उसकी संस्थाओं को सार्वजनिक खरीद में विवेकाधिकार प्राप्त है, फिर भी यह अधिकार निरंकुश नहीं हो सकता। हाईकोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक प्राधिकरणों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निविदा प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की पक्षपात, पूर्वाग्रह या मनमानी न हो और पूरी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संचालित हो। हलफनामे से संबंधित शर्त पर कोर्ट ने कहा कि यदि कोई इच्छुक निविदाकार पूर्व में कभी भी ब्लैकलिस्ट किया गया है, तो वह यह हलफनामा नहीं दे सकता कि उसे कभी ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया, जिसका परिणाम यह होगा कि वह निविदा में भाग ही नहीं ले सकता। न्यायालय ने स्पष्ट किया: "यदि किसी निविदाकार को पूर्व में ब्लैकलिस्ट किया गया है और ब्लैकलिस्टिंग की अवधि समाप्त हो चुकी है, तो वह अन्य सभी शर्तें पूरी करने की स्थिति में निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकता है। इसके साथ ही दोनों याचिकाएं निस्तारित कर दी गईं।

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**
(Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015822 (A successor company of CSEB) GSTIN: 22AADCC6047K1ZR
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (EITC) Telephone: (0771) – 2574 123, Fax: (0771) – 2574 125 Website: www.cspdcl.co.in e-mail: eitc@cspc.co.in

No. 07-01/EITC/Tr-402/290 Raipur, Dated: 15/05/2025

**NOTICE INVITING e- TENDER**

1.Sealed offers are invited from experienced Firms, System Integrators or Service providers for the following services -

| SN | Tender No. | Particulars | Tender Fee | Estimated cost | EMD | Due Date & Time of bid Submission | Due Date & Time of bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tr-402 RFx-8100043189 | Annual Comprehensive Maintenance Contract (ACMC) of HPE Servers, SAN Storage, Backup System, operating systems and its peripherals inst alled in N11 system | Rs. 5,000 (inclusive of GST@ 18% | Rs.1.93 Cr | Rs.1,93,130/- | 05/06/2025 at 15:00PM | 05/06/2025 at 15:30PM |

2. For further details & downloading the Tender document, please visit at our web site www.cspdcl.co.in / tender notices / central offices.3.The tender will be processed online through e-bidding module of SAP SRM with details as below - https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal4. E-bidding Helpline no. 0771-2576672, 2576673 (EITC, CSPDCL)5.The bidder must have a valid Digital Signature and SAP SRM User ID for e-bidding.6.Please note that notice for corrigendum or extension of due date of tender opening shall not be published in newspaper. It will be displayed only on the website and e-bidding portal.

"Energy Saved is Energy Generated" EXECUTIVE DIRECTOR (EITC)

**सार्वजनिक सूचना**

**मेसर्स कोरबा पावर लिमिटेड** (पहले लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) जिसका पंजीकृत कार्यालय फ्लैट संख्या 5ए, पांचवीं मंजिल, डी.सं. 6-3-626/1/601, परमेश्वर अपार्टमेंट, आनंद नगर, खैरताबाद, हैदराबाद-500004 में है, बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 164 के तहत सभी शक्तियां प्रदान करने के लिए भारत सरकार को आवेदन करने का इरादा रखता है/आवेदन किया है। बिजली के पारेषण के लिए या टेलीफोन या टेलीग्राफिक संचार के प्रयोजन के लिए विद्युत लाइनें या विद्युत संयंत्र लगाना कार्यों के उचित समन्वय के लिए आवश्यक है, जो टेलीग्राफ लाइनों और पोस्टों की नियुक्ति के संबंध में भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के तहत टेलीग्राफ प्राधिकरण के पास है। के लिए सरकार द्वारा स्थापित या अनुरक्षित टेलीग्राफ का उद्देश्य, या इस प्रकार स्थापित या अनुरक्षित किया जाना है और निम्नलिखित ट्रांसमिशन के लिए कमीशनिंग, संचालन, रखरखाव और अन्य कार्यों के बाद सर्वेक्षण, निर्माण, स्थापना, निरीक्षण, निर्माण और अन्य कार्य करेगा ।

कोरबा पावर लिमिटेड (पूर्व में लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड के नाम से ज्ञात) थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्विच यार्ड की यूनिट 3 और 4 (2X660 मेगावाट) से कोरबा पावर लिमिटेड (पूर्व में लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत 400/765 केवी चांपा पूलिंग स्टेशन तक 400 केवीडी/सी (क्वाडमूस) समर्पित ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण ।

प्रस्तावित 400 केवी डी/सी लाइन का निर्माण डबल-सर्किट टावरों पर किया जाएगा, जिसकी अनुमानित लंबाई 47.6 किमी होगी।:-

**योजना का नामः** कोरबा पावर लिमिटेड (पूर्व में लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड के नाम से विख्यात) थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्विच यार्ड से 400/765 केवी चांपा पूलिंग स्टेशन तक 400 केवीडी/सी (क्वाडमूस) समर्पित ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण ।

**योजना के अंतर्गत शामिल कार्यः-** इस योजना के अंतर्गत शामिल ट्रांसमिशन लाइनें छत्तीसगढ़ राज्य के निम्नलिखित गांवों, कस्बों और शहरों से होकर, उनके ऊपर, चारों ओर और उनके बीच से गुजरेंगी ।

| गांवों का नाम | तहसील | जिला |
|---|---|---|
| पतराही, खोरदाल, बारीडीह, कार्टबिटल, दर्राभाट, अखरपाली, बरैरी, मसान, कुदुरमाल, देवरी, देवीरमाल, उरग, भादा | कोरबा | कोरबा |
| बैगापाली, पकरीभाठा, भैंसामुरा, संडेल, तरदा, भांठापारा, कठनमाल, भाठापारा, धनवारपारा, कनकी, कटरापारा, जोगीपाली, डोंगरा, झिंका, मोहरा, मझगांव, गितारी, चिचोली, थिटोली, सरगबुंदिया, कटहरीमाल, बगदर, भाटापारा | करतला | कोरबा |
| केराकछार, देवरी, पुरेना, तिंगीपुर, पहाड़िया, उरईखुर्द, उरईकलां, पंतोरा, परसाभाठा, केरा, रामपुर, दमखाचा, खारी, गतवा, पोथरापाली, किंद्रापारा, सरायजाली, बरबहा, सलियाभाठा, सत्तीगुड़ी, खैंजा, बोहरापाली, नारा, खरमोरा, खरमोराबोकरेल, गोवाबंद, घटादेई, बैजलपुर, करमंदा, खोहा, मोहर, परसाभट्ठा, उसलापुर, अंगारखार, कांड्रा, कोलिहादेवरी | बलोदा | जांजगीर-चांपा |
| पाली, सिवनी, कनाइबंड, बोदसरा, बनारी, पुटपुरा, कर्रापाली, तेंदूभाठा, खैरवारटोला, मरकडिन, हाथीटिकरा, सबरिया, सरखों, नैला, पाहंदा, घनवा | जांजगीर | जांजगीर-चांपा |
| जैतून, घनवा, तागा, परसदा, चोरभट्ठी, गरहोइया, पौना, बिरकोनी, गधोला. | अकलतरा | जांजगीर-चांपा |

मार्ग संरेखण की प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध है। इसके द्वारा आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से दो महीने के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय को लिखित रूप में प्रस्तावित ट्रांसमिशन सिस्टम पर अवलोकन/ अभ्यावेदन दें । अधिक विवरण और स्पष्टीकरण के लिए कृपया निम्नलिखित अधिकारी से संपर्क करें :

**नामः श्री सीवीके प्रसाद**
**पद का नामः संयुक्त उपाध्यक्ष**
**परियोजना कार्यालय का पताः ग्राम-** पताढ़ी, पोस्ट- तिलकेजा, जिला- कोरबा, छत्तीसगढ़- 495674
**मेल पताः cvk.prasad@adani.com** **फोन नंबर /फैक्स नंबरः** +91 9589811111

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**

No.02-08/CW/2025-26/Tr No.-2650-59 & 2663/754 Raipur Dt.09.05.2025

**NOTICE FOR E-TENDER**

1.Online bids are invited through CSPDCL tendering system (SAP SRM) from Eligible Electrical Contractors registered in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following works. Registration of electrical contractors is opened & will be allowed for this tender till one day prior to date of opening of the tender.2. The registration of contractor will remain open. For details and further notifications keep visiting http://www. cspdcl.co.in ->project department->ebidding portal. 3. Bidders may visit the site www.cspdcl.co.in/project office/ contractors section to know the qualifying criteria for registration of contractors to be eligible for participating in the tender. **4.Bid information must be submitted in the prescribed format only. No deviation shall be permitted.**

| Sr. No. | Tender No / Rfx no. | Name of work | Tender amount (excl. GST) (in Rs) | Completi on period | Eligible class for bidding | Time & Due date of submission |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tr.no - 2650 RFx-8100043096 | 33/11KV S/s at Vill. Changori in Dhourpur Dc under (O&M) Dn. Ambikapur. | 10851427.00 | 05 months | Class I | 12.00 noon 04.06.2025 |
| 2 | Tr.no - 2651 RFx-8100043097 | Extension of 33 KV line and installation of 01 no. 3.15 MVA 33/11KV Power Sub station at village- Narkalo-Navapara block Lakhanpur under Lakhanpur D/c under O&M Dn Ambikapur. | 11643822.00 | 05 months | Class I | 12.00 noon 04.06.2025 |
| 3 | Tr.no - 2652 RFx-8100043098 | Conversion of overhead to underground cable and shifting of X-mer DP, LT line surrounding Area Store Raipur Under Gudhiyari Zone City Dn. (N), CSPDCL, Raipur. | 13721971.82 | 03 months | Class I & II | 12.00 noon 04.06.2025 |
| 4 | Tr.no - 2653 RFx-8100043099 | Various pole-line shifting lettered by EE PWD Raipur from Near of Bangali Hotel, Jarway Road Under Tatibandh Zone City Dn. (N), CSPDCL, Raipur. | 18734458.00 | 03 months | Class I & II | 12.00 noon 04.06.2025 |
| 5 | Tr.no - 2654 RFx-8100043100 | Replacement of LT bare conductor to AB Cable at Meera Fancy, Diksha Nagar, Dewangan Mandi and Prem Nagar area Under Gudhiyari Zone City Dn. (N), CSPDCL, Raipur. | 4160879.00 | 03 months | Class I, II, III & III-A | 12.00 noon 04.06.2025 |
| 6 | Tr.no - 2655 RFx-8100043105 | Shifting of 33 KV line, 33 KV DP, 11 KV line, 11 KV DP, LT line & X-mer DP for Construction of Gaurav Path at Nagar Panchayat Chandrapur under Chandrapur D/C of (O&M) Dn.Sakti. | 10871279.00 | 03 months | Class I & II | 12.00 noon 04.06.2025 |
| 7 | Tr.no - 2656 RFx-8100043109 | Electrification of Chaiturgarh Basahat at Chaiturgarh Mandir under Pali DC of O&M Division KATGHORA. | 2807351.00 | 03 months | Class I, II, III & III-A | 12.00 noon 04.06.2025 |
| 8 | Tr.no - 2657 RFx-8100043110 | Extension Of 33 KV Line And Installation Of 3.15 MVA Capacity Power Transformer For New 33/11 KV Dewadand Sub -Station Under Khadgawan DC Under (O&M) Dn. CSPDCL Manendragarh. | 13967313.30 | 06 months | Class I | 12.00 noon 04.06.2025 |
| 9 | Tr.no - 2658 RFx-8100043111 | Extension Of 33 KV Line And Installation Of 3.15 MVA Capacity Power Transformer For New 33/11 KV Ratanpur Sub-Station Under Khadgawan DC Under (O&M) Dn. CSPDCL Manendragarh. | 15733086.03 | 05 months | Class I | 12.00 noon 04.06.2025 |
| 10 | Tr.no - 2659 RFx-8100043112 | 33 KV Line For SECL From 132/33 KV S/s Salka To SECL S/s Katkona Under (O&M) Dn. Baikunthpur | 33809356.16 | 07 months | Class I | 12.00 noon 04.06.2025 |
| 11 | Tr.no - 2663 RFx-8100043132 | New 33/11 KV Power Substation of Capacity 5 MVA at S/s Tarenga under Bhatapara Rural -II D/c under (O&M) Dn. Bhatapara Under EE Project Dn. Baloda Bazar. | 7989955.61 | 05 months | Class I | 12.00 noon 04.06.2025 |

SAVE ELECTRICITY

CHIEF ENGINEER (PROJECT)
CSPDCL:RAIPUR

## राशिफल

**मेष** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास

**तुला** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** – घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** – पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** – परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** – परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** – वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5869



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5868 का हल



## सूडोकु नवताल- 5879

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5878 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |





प्याज 1 kg
बाजार मूल्य ₹ ~~22~~
जियोमार्ट कीमत ₹ 19

आम तोतापुरी 1 kg
बाजार मूल्य ₹ ~~80~~
जियोमार्ट कीमत ₹ 64

आम बंगनपल्ली 1 kg
बाजार मूल्य ₹ ~~90~~
जियोमार्ट कीमत ₹ 74

क्वालिटी वॉल्स पार्टी टब्स 500 ml या उससे अधिक (चुनिंदा श्रेणी)
एमआरपी ₹ 125 या उससे अधिक
न्यूनतम 33% छूट

कोल्ड ड्रिंक्स 750 ml / ज्यूसेस 600 ml (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ ~~40~~ या उससे अधिक
फ्लैट 25% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 30 या उससे अधिक

बिस्किट 230 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ ~~145~~ या उससे अधिक
फ्लैट 33% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 97 या उससे अधिक

रेड लेबल लीफ टी 1 kg
एमआरपी ₹ ~~560~~ या उससे अधिक
बचाइए ₹ 180
जियोमार्ट कीमत ₹ 380 या उससे अधिक

कैडबरी / नेस्ले चॉकलेट होम पैक 123.2 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ ~~100~~ या उससे अधिक
फ्लैट 33% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 67 या उससे अधिक

गुड लाईफ कालीमूँछ कच्चा चावल 1 kg
एमआरपी ₹ ~~120~~
जियोमार्ट कीमत ₹ 90
बचाइए ₹ 30

आशीर्वाद शुद्ध चक्की आटा 10 kg
एमआरपी ₹ ~~510~~
जियोमार्ट कीमत ₹ 479
बचाइए ₹ 31

महाकोश सोयाबीन 840 g / फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों का तेल 1 L
एमआरपी ₹ ~~164~~ / ₹ ~~205~~
जियोमार्ट कीमत ₹ 127/ ₹ 169
बचाइए ₹ 37 / ₹ 36

अमूल प्योर घी 1 L
एमआरपी ₹ ~~650~~
जियोमार्ट कीमत ₹ 579
बचाइए ₹ 71

सिंथोल / डव / लिरिल / गोदरेज नं. 1 / लक्स / पियर्स साबुन 125 g या उससे अधिक (मल्टी पैक) (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 175 या उससे अधिक
न्यूनतम 33% छूट

ब्यूटी रेंज 0.35 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ ~~100~~ या उससे अधिक
फ्लैट 50% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 50 या उससे अधिक

टाइड 6 kg + 2 kg / सर्फ एक्सेल डिटर्जेन्ट पाउडर 7 kg / एरियल / सर्फ एक्सेल मैटिक लिक्विड 4 L (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ ~~795~~ या उससे अधिक
फ्लैट 40% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 477 या उससे अधिक

नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफ़र्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफ़र्स 18 मई 2025 तक चुनिंदा पिन कोड पर मान्य हैं। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

## खबर संक्षेप

### इमामी लिमिटेड का शुद्ध लाभ बढ़कर 10.5 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** तेल, शैंपू, साबुन जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनी इमामी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 10.5 प्रतिशत बढ़कर 162.17 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 146.75 करोड़ रुपये रहा था।

### रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ 85.53 प्रति डॉलर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को एक पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.53 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि ब्रेंट कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख तथा अप्रैल में देश के व्यापार घाटे में बढ़ोतरी के आंकड़ों के कारण रुपये की बढ़त सीमित रही। मामूली गिरावट से रुपये को कुछ समर्थन मिला।

### सुराना टेक्नोलॉजीज में 49% इक्विटी विनिवेश की मंजूरी



**नई दिल्ली।** सुराना सोलर ने शुक्रवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने उसकी इकाई सुराना टेक्नोलॉजीज में 49 प्रतिशत इक्विटी शेयर बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। शेयर बाजार को दी जानकारी में सुराना सोलर ने बताया कि अनुषंगी कंपनी सुराना टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की 49 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी का सौदा शुक्रवार को बैद्यनाथ पावर प्राइवेट लि. के साथ किया जाएगा।

### पैदावार बढ़ाने आईपीएल के छह नए जैविक उत्पाद

**नई दिल्ली।** जैव प्रौद्योगिकी कंपनी आईपीएल बायोलॉजिकल्स ने शुक्रवार को कृषि उत्पादकता बढ़ाने और पर्यावरण अनुकूल खेती-को बढ़ावा देने के लिए 'एनएक्सजी रेंज' के तहत छह नए उत्पादों के पेशकश की घोषणा की। बीटी-डेक्स, बीईई बूस्ट और 360 - घुलनशील पाउडर प्रारूप में विशेष रूप से सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों के अनुकूल होने के लिए विकसित किए गए हैं। आईपीएल बायोलॉजिकल्स के अध्यक्ष हर्षवर्धन भागचंदका ने कहा कि घुलनशील पाउडर प्रारूप सरल अनुप्रयोग और सिंचाई के दौरान रुकावट के जोखिम को कम करने समेत परिचालन लाभ प्रदान करता है।''

# वोडाफोन आइडिया 10 महीनों की मेहमान, मदद न मिली तो जाना होगा एनसीएलटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्ज में डूबी टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड शायद बहुत ज्यादा दिनों तक न चल पाए और दिवालिया हो जाए। वोडाफोन आइडिया ने सरकार को चेतावनी दी है कि सरकारी सपोर्ट के बिना वह वित्त वर्ष 2025-26 से आगे काम नहीं कर पाएगी। उसे दिवालियापन यानि इनसॉल्वेंसी के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्राइब्यूनल (एनसीएलटी) का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

- कंपनी को दिवालियापन के लिए एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा

वोडाफोन आइडिया का कहना है कि सरकारी सपोर्ट के अभाव में, सरकार की इक्विटी हिस्सेदारी की वैल्यू जीरो हो सकती है। नतीजतन, कंपनी से 1.18 लाख करोड़ रुपए के स्पेक्ट्रम बकाया की वसूली नहीं हो पाएगी। कंपनी ने यह भी दावा किया कि उसे 26,000 करोड़ रुपए के इक्विटी इनफ्यूजन और सरकार की ओर से कंपनी में हिस्सेदारी ले लेने के बावजूद बैंकों से सपोर्ट नहीं मिला है।

### वोडाफोन-आइडिया की सरकार को चेतावनी, सरकार मदद नही मिली तो आगे काम बंद

#### वीआई के 59 लाख से अधिक छोटे शेयरधारक

वोडाफोन आइडिया में 59 लाख से अधिक छोटे शेयरधारक हैं, या यूं कहें कि ऐसे शेयरहोल्डर हैं जिनकी ऑथराइज्ड शेयर कैपिटल 2 लाख रुपए तक है। कंपनी का मार्केट कैप 80000 करोड़ रुपए के करीब है। 16 मई को बीएसई पर कंपनी का शेयर लगभग 2 प्रतिशत बढ़त के साथ 7.37 रुपए पर बंद हुआ।

*एजीआर के फैसले के कारण सरकार राहत नहीं दे सकती : वोडाफोन आइडिया का तर्क है कि एजीआर फैसले द्वारा लगाई गई बाधाओं के कारण सरकार आगे राहत नहीं दे सकती है। दूरसंचार क्षेत्र की परेशानियों का हवाला देते हुए वोडाफोन आइडिया का दावा है कि अतिरिक्त सरकारी मदद के बिना यह सेक्टर बर्बाद हो जाएगा। कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया है। सुनवाई 19 मई के लिए निर्धारित की गई है।*

#### 20 करोड़ से अधिक ग्राहक हो सकते हैं प्रभावित

अगर वोडाफोन आइडिया एनसीएलटी में जाती है तो 20 करोड़ से अधिक ग्राहक प्रभावित हो सकते हैं। वोडाफोन आइडिया के नेटवर्क में व्यवधान का अन्य क्षेत्रों पर भी बड़ा असर पड़ेगा और इससे देश की डिजिटल महत्वाकांक्षाओं को झटका लग सकता है। वोडाफोन आइडिया ने अपनी स्पेक्ट्रम देनदारियों को इक्विटी में बदलकर सरकार को हिस्सेदारी दी है। अब कंपनी में सरकार के पास 49 प्रतिशत इक्विटी स्टेक है। कंपनी पर अभी भी सरकार का एजीआर और स्पेक्ट्रम के मामले में 1.95 लाख करोड़ रुपए का बकाया है।

#### सरकारी सपोर्ट के बिना आगे नहीं बढ़ सकेगी बैंक फंडिंग

वोडाफोन आइडिया ने सरकार से कहा कि उसके सपोर्ट के बिना बैंक फंडिंग आगे नहीं बढ़ पाएगी और कंपनी वित्त वर्ष 2026 से आगे ऑपरेट नहीं कर पाएगी। अगर सरकारी मदद नहीं मिलती है और वोडाफोन आइडिया अपने एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) बकाया का पेमेंट करने में नाकाम रहती है, तो कंपनी को एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जो एक लंबी प्रक्रिया हो सकती है।

### वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार ने जारी किए आंकड़े

# निर्यात में कृषि, औषधि, इलेक्ट्रॉनिक व इंजीनियरिंग की 50% से अधिक हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के वस्तु निर्यात में वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि, औषधि, इलेक्ट्रॉनिक और इंजीनियरिंग सामान की कुल हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक रही। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। यह विनिर्माण और मूल्यवर्धित निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयासों के बीच विविध क्षेत्रों में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के 437.42 अरब डॉलर के निर्यात में इंजीनियरिंग वस्तुओं की हिस्सेदारी सबसे अधिक 26.67 प्रतिशत रही। कृषि, औषधि और इलेक्ट्रॉनिक सामान का योगदान क्रमशः 11.85 प्रतिशत, 6.96 प्रतिशत और 8.82 प्रतिशत रहा।

#### भारत दुनिया का सातवां बड़ा कॉफी उत्पादक

*भारत, दुनिया में सातवां सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक देश है जो इटली, रूस, जर्मनी, यूएई, बेल्जियम और अमेरिका को इनका निर्यात करता है। इन देशों को मुख्य तौर पर रोबस्टा कॉफी का निर्यात किया जाता है। इसी तरह, 2024-25 में तंबाकू निर्यात 1.98 अरब डॉलर रहा, जो 2023-24 में 1.45 अरब डॉलर था। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तंबाकू उत्पादक है, जिसके प्रमुख निर्यात गंतव्यों में यूएई, बेल्जियम, इंडोनेशिया, मिस्र, अमेरिका और तुर्किऐ शामिल हैं।*





#### दवाएं व औषधि 200 देशों तक पहुंच रही

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत की दवाएं एवं औषधि अब 200 से अधिक देशों तक पहुंच रही हैं। इसका निर्यात 2014-15 से लगातार बढ़ रहा है। कृषि क्षेत्र में मसालों, कॉफी, चाय, तंबाकू, चावल, फल और सब्जियों तथा समुद्री उत्पाद में स्वस्थ वृद्धि दर्ज की गई। 2023-24 में 4.25 अरब डॉलर से 2024-25 में मसालों का निर्यात मामूली रूप से बढ़कर 4.45 अरब डॉलर हो गया।

#### चावल निर्यात 12.5 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

भारत का चावल निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 12.5 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 में 10.4 अरब डॉलर था। इससे देश लगभग 40 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ शीर्ष वैश्विक निर्यातक के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगा। गंतव्यों में सऊदी अरब, ईरान, इराक, यूएई, अमेरिका और यमन शामिल थे। फलों और सब्जियों का निर्यात 2023-24 में 3.7 अरब डॉलर से बढ़कर 3.9 अरब डॉलर हो गया। भारत ने दो श्रेणियों के तहत अंगूर, अनार, आम, केले, संतरे, प्याज, आलू, टमाटर, मिश्रित सब्जियां और हरी मिर्च का निर्यात किया।

## सोना 1,400 रुपए बढ़कर 96,450 रुपए प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,400 रुपये बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। इसी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,400 रुपये बढ़कर 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना क्रमशः 95,050 रुपये और 94,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। शुक्रवार को चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर**
**जिला-कोरिया (छ.ग.)**
Phone No. 07836-232224 Email ID- nppbkp@gmail.com

क्र./1574/न.पा.परि./लो.नि./2025 बैकुण्ठपुर, दिनांक 14/05/025

-:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::-

लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से जोनल टेंडर के माध्यम से वार्डो में विभिन्न छोटे-छोटे निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सिस्टम टेंडर क्रमांक 168381, 167358, 168387, 167361, 167341 है। तथा नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत राइजिंग मेन पाईप लाईन विस्तार व जल संग्रहण टैंक निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा) सिस्टम टेण्डर नम्बर 168451 कुल लागत राशि 247.60 लाख रू. एवं निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि जोनल टेण्डर हेतु 04.06.2025 है। व द्वितीय निविदा की अंतिम तिथि 30.05.2025 है। उपरोक्त कार्यों की निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेवसाईट www.uad.cg.gov.in या http://eproc.cgstate.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)

स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें

# हुंडई का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 4 फीसदी घटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाहन कंपनी हुंडई मोटर इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में चार प्रतिशत गिरकर 1,614 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से घरेलू बाजार में बिक्री घटने के कारण मुनाफा कम हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,677 करोड़ रुपये रहा था। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 17,940 करोड़ रुपये हो गई, जो 2023-24 की समान तिमाही में 17,671 करोड़ रुपये थी।

कंपनी ने कहा कि उसने चौथी तिमाही में घरेलू बाजार में 1,53,550 इकाइयां बेचीं, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में यह 1,60,317 इकाइयां थी। चौथी तिमाही में हुंदै का निर्यात बढ़कर 38,100 इकाई हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 33,400 इकाई था। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ सात प्रतिशत गिरकर 5,640 करोड़ रुपये रहा, जो 2023-24 में 6,060 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी की आय 69,193 करोड़ रुपये रही, जो 2023-24 में 69,829 करोड़ रुपये थी। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की घरेलू बिक्री घटकर 5,98,666 इकाई रह गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 6,14,721 इकाई थी। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी का निर्यात 1,63,386 इकाई पर स्थिर रहा, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 1,63,155 इकाई था।



#### कंपनी 21 रुपए प्रति शेयर देगी लाभांश

कंपनी ने कहा कि उसके बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 21 रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। हुंदै ने कहा कि उसने चालू वित्त वर्ष के लिए रणनीतिक निवेश के लिए 7,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की रूपरेखा तैयार की है।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर बढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ मई को समाप्त सप्ताह में 4.55 अरब डॉलर बढ़कर 690.62 अरब डॉलर पहुंच गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार बढ़ने से कुल विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.06 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर रह गया था। सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, नौ मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 19.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 581.37 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.52 अरब डॉलर बढ़कर 86.34 अरब डॉलर हो गया।

#### भारत की विशेष आहरण अधिकार घटा

विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.53 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 13.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.37 अरब डॉलर रहा।

### एलाइड ब्लेंडर्स का मुनाफा पहुंचा 78.62 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 78.62 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी को 240.62 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। उसकी परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में 10 प्रतिशत बढ़कर 1,934.72 करोड़ रुपये रही है, जो 2023-24 की समान तिमाही में 1,757.42 करोड़ रुपये थी। कंपनी का कुल खर्च मार्च तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 1,798.80 करोड़ रुपये रहा है। चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आमदनी (अन्य आय मिलाकर) 10.7 प्रतिशत बढ़कर 1,948.99 करोड़ रुपये रही है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे** प्रोफार्मा 10-1

**सार्वजनिक अधिसूचना**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नीचे उल्लेखित खंड के पूर्ण हो चुके खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि 25000 वोल्ट, 50 हट्र्ज, एसी ओवरहेड ट्रैक्शन तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि को या उसके बाद सक्रिय किया जाएगा। उसी तारीख से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के निकट नहीं आएगा या काम नही करेगा।

सेक्शन-निजी साईडिंग, एसईसीएल लक्ष्मण यार्ड दिनांक 20.05.2025

1. जीएडी/एलपी-3/40 चः3/792.546से 5/एचएल-25 चः5/965.टीकेएमः3.364 किमी
2. एसईसी रेलवे के मौजूदा गेवरा रोड एसएसपी में लक्ष्मण यार्ड के लिए सभी सहायक उपकरणों के साथ एक सीबी।

महाप्रबंधक
राइट्स लिमिटेड, पीयू बिलासपुर

**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित**
**(सं./सं.) संम्भाग-बलरामपुर**

क्रमांक/का.यं.ब./क्रय खण्ड/सूचना/721 /बलरामपुर, दिनांक 17.05.2025

**"विद्युत बन्द की सूचना"**

समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि बलरामपुर जिला अन्तर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रामानुजगंज में 17.05.2025 को आवश्यक सुधार कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसके कारण दिनांक 17.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक विद्युत प्रवाह सूची अनुसार बन्द रहेगी।

| क्र. | उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रामानुजगंज | 11 केव्ही फीडर शहर क्रमांक 02 नगर पालिका क्षेत्र रामानुजगंज की समस्त विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी। | प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक |

टीपः- आवश्कतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।
"विद्युत की बचत करें, समय पर विद्युत बिल का भुगतान करें।"
संवाद-

भवदीय
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.रा.वि.वि.कं.मर्या., बलरामपुर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे** प्रोफार्मा 10-1

**सार्वजनिक अधिसूचना**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नीचे उल्लेखित खंड के पूर्ण हो चुके खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि 25000 वोल्ट, 50 हट्र्ज, एसी ओवरहेड ट्रैक्शन तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि को या उसके बाद सक्रिय किया जाएगा। उसी तारीख से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हर समय चालू माना जाएगा। उसी तारीख से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के निकट नहीं आएगा या का नही करेगा।

अनुभाग-निजी साइडिंग, एसईसीएल, दीपका यार्ड दिनांक 20.05.2025

1. मौजूदा लाईन लोकेशन SDP/L-3/26 Ch:2A/46 से SDP/L-2/49 Ch:3A/72.TKM:3.530 KM
2. फीडर वायर SDP/G-4 Ch: 13/903 से SDP/F-1 Ch: 13/395.267 TKM: 0.508 KM
3. दीपका SSP लोकेशन Ch: 13/885.767 (Loc:13/BVR-S से 13/917.267 (13/BVR-6) DS के बीच

महाप्रबंधक
राइट्स लिमिटेड, पीयू बिलासपुर

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
**"मिनी रत्न कम्पनी"**
**(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)**

साईकोलि/मप्र/कुस/भू.रा./2025/2244

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम खोड़री के 120.959 हे. की भूमि का अर्जन सी.बी.ए.एक्ट (ए.एण्ड डी.) अधिनियम 1957 के तहत् किया गया है, जिसमें लागू सी.आई.एल. (आर. एण्ड आर.) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा के) Concept के आधार पर 113 भू-स्वामियों/आश्रितों की पात्रता बनती है, जिसमें से 02 भूस्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधो. लिखित तालिकानुसार है:-

| क्र. | स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | खसरा नम्बर | रकबा (हे. में) | कुल रकबा (हे. में) | उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध | भूस्वामियों/नामित उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी/उम्मीदवार का नाम | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार का नाम | |
| 1 | गोविन्द दास पिता रामा दास | 8/5<br>8/6<br>26/5<br>48/9<br>211/3<br>225/9<br>337/5<br>24/8 | 0.040<br>0.028<br>0.012<br>0.097<br>0.053<br>0.081<br>0.024<br>0.073 | 0.408 | रोहित दास पिता गोविन्द दास (संबंध-पुत्र) | नामांकन पत्र | गोविन्द दास पिता रामा दास | रोहित दास महंत पिता गोविन्द दास | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | गोविन्द दास पिता रामादास | रोहित दास महंत पिता गोविन्द दास | |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र0 92 | गोविन्द दास पिता रामा दास | --- | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | गोविन्द दास पिता रामा दास | --- | |
| | | | | | | बी- 1 वर्ष 2017 | गोविन्द दास पिता रामा दास | --- | |
| | | | | | | पी- 2 वर्ष 2016-17 - 2020-21 | गोविंद दास पिता रामादास | --- | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | गोविन्द दास पिता रामा | --- | |
| | | | | | | नामांतरण पंजी | गोविन्द दास पिता रामा पनिका | | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | गोविंद दास पिता रामा दास | रोहित दास महंत पिता गोविन्द दास | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | ---- | रोहित दास पिता गोविन्द दास | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | ---- | रोहित महंत पिता गोविंद दास | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | --- | 8वी -रोहित दास पिता गोविन्द दास | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | ---- | रोहित दास पिता गोविन्द दास | |
| | | | | | | आधार कार्ड | गोविन्द दास पिता रामादास | रोहित दास महंत पिता गोविंद दास | |

| क्र. | स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | खसरा नम्बर | रकबा (हे. में) | कुल रकबा (हे. में) | उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध | भूस्वामियों/नामित उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी/उम्मीदवार का नाम | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार का नाम | |
| 1 | इंजोर सिंह पिता बुधवार सिंह, रमशीला बाई बेवा बुधवार सिंह | 67/1<br>68/3<br>242/1त<br>262/1<br>12/4<br>275/7<br>276/2<br>84/1<br>194/1<br>195/1<br>196/2<br>203/1<br>210/1<br>257/1 | 0.026<br>0.025<br>0.040<br>0.012<br>0.036<br>0.020<br>0.025<br>0.081<br>0.042<br>0.056<br>0.089<br>0.045<br>0.154<br>0.020 | 0.674 | यश कुमार पिता इंजोर सिंह (संबध-पुत्रं) | नामांकन पत्र | इंजोर सिंह पिता बुधवार सिंह, रमशीला बाई बेवा बुधवार सिंह | यश कुमार पिता इंजोर सिंह | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | इंजोर सिंह पिता बुधवार सिंह, रमशीला बाई पति बुधवार सिंह | यश कुमार पिता इंजोर सिंह | |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र0 46 | इंजोर सिंह पिता बुधवार सिंह, रमशीला बाई बेवा बुधवार सिंह | --- | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | इंजोर सिंह पिता बुधवार सिंह, रमशीला बाई बेवा बुधवार सिंह | --- | |
| | | | | | | बी- 1 वर्ष 2016-17 | इंजोर सिंह पिता बुधवार सिंह, रमशीला बाई बेवा बुधवार सिंह | --- | |
| | | | | | | पी- 2 वर्ष 2016-17 - 2020-21 | इंजोर सिंह पिता बुधवार सिंह, रमशीला बाई बेवा बुधवार सिंह | --- | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | इंजोर सिंह पि0 बुधवार सिंह, रमशीला बाई बेवा बुधवार सिंह | --- | |
| | | | | | | नामांतरण पंजी | इंजोर सिंह पि0 बुधवार सिंह, रमशीला बाई बेवा बुधवार सिंह कंवर | | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | इंजोर सिंह पिता स्व0 बुधवार सिंह, रमशीला बाई पति स्व0 बुधवार सिंह | यश कुमार पिता इंजोर सिंह | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | ---- | यश कुमार पिता इंजोर सिंह | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | ---- | यश कुमार पिता इंजोर सिंह | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | --- | 10TH – YASH KUMAR S/O INJOR SINGH | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | ---- | YASH KUMAR S/O INJOR SINGH | |
| | | | | | | आधार कार्ड | इंजोर सिंह पिता बुधवार, रामशीला बाई पति बुधवार | यश कुमार पिता इंजोर सिंह | |

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

SECL/25-26/41 स्टाफ अधिकारी (भू.रा.), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र



# उच्च शिक्षा विभाग नहीं दे सका रिपोर्ट इसलिए इस बार किसी भी कॉलेज में नया पाठ्यक्रम नहीं

## सीट वृद्धि पर भी संदेह बरकरार, 16 जून से प्रारंभ हो जाएंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत 16 जून से होगी। इस तिथि से प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। लेकिन इस बार छात्रों को कोई नए विकल्प दाखिले के लिए नहीं मिलेंगे। बीते वर्षों में जो विषय छात्रों के लिए उपलब्ध थे, वे ही विकल्प इस बार भी रहेंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अब तक विश्वविद्यालयों को रिपोर्ट प्रेषित नहीं कर पाने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। ना केवल नए विषय बल्कि पुराने पाठ्यक्रमों में सीट वृद्धि को भी अब तक हरी झंडी नहीं मिल सकी है। इन सब कारणों से महाविद्यालय भी असमंजस में हैं।

### रविवि और दुर्ग विवि के ही 40 मामले पेंडिंग, अन्य विश्वविद्यालयों से भी अर्जी

पं.रविशंकर शुक्ल विवि और दुर्ग विवि से संबद्ध 40 महाविद्यालयों की फाइलें डंप हैं। इसमें नवीन कोर्स से लेकर सीट वृद्धि तक के मामले शामिल हैं। प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों से संबद्ध महाविद्यालयों के नाम भी इस सूची में हैं। अनुमति मिलने के आधार पर विश्वविद्यालय व महाविद्यालय कक्षाओं तथा शिक्षकों की व्यवस्था करते हैं। एक माह का समय शेष होने के बाद भी शैक्षणिक संस्थानों ने इस संदर्भ में व्यवस्था नहीं की है।




### पुराने पाठ्यक्रम के आधार पर संचालन

यदि कुछ दिनों के अंतराल में अनुमति नहीं मिलती है तो महाविद्यालय केवल उन्हीं पाठ्यक्रमों का संचालन करेंगे, जिनके लिए उन्होंने पहले से ही संबद्धता ली हुई है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में प्रवेश परीक्षा के लिए आवदेन प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है, जबकि महाविद्यालयों में दाखिले के लिए अधिसूचना अभी जारी नहीं की गई है।

### जुलाई 2024 थी अंतिम तिथि

शैक्षणिक सत्र 2025-26 से जो महाविद्यालय नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करना चाहते हैं, उन्हें जुलाई 2024 तक आवेदन करने कहा गया था। इसके बाद उच्च शिक्षा विभाग की टीम निरीक्षण के लिए आई। उच्च शिक्षा विभाग की निरीक्षण टीम को रिपोर्ट विवि को सौंपनी होती है। महाविद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर संबंधित संस्थान को नवीन पाठ्यक्रम खोलने अथवा सीट वृद्धि की अनुमति मिलती है। विवि को अनुमति संबंधित खत उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त होने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाती है। इस बार यह रिपोर्ट ही प्रदेश के विश्वविद्यालयों को नहीं मिल सकी है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, उच्च शिक्षा मंत्री नहीं होने के कारण फाइलें अटकी हुई हैं।

## खबर संक्षेप

### हरमीत की जमानत पर 22 को होगी सुनवाई



**रायपुर।** भारतमाला प्रोजेक्ट के नाम पर 48 करोड़ रुपए का घोटाला करने के आरोप में जेल में बंद हरमीत सिंह खनूजा ने ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत में जमानत आवेदन पेश किया है। हरमीत की जमानत आवेदन पर 22 जुलाई को सुनवाई होगी। हरमीत ने खुद को निदेशक बताते हुए उसे झूठे आरोप में फंसाने का आरोप लगाया है। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में आवेदन पेश करते हुए ईओडब्ल्यू की जांच में पूरी तरह से सहयोग करने का आश्वासन दिया। घोटाले में आरोपी बनाए गए हरमीत सहित अन्य तीन आरोपियों की 29 मई को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### कुत्ते के टायलेट करने के विवाद पर दो पक्ष भिड़े



**रायपुर।** कबीर नगर थाना क्षेत्र में कुत्ते के टायलेट करने के विवाद में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मारपीट की घटना में एक युवक का सिर फूट गया। रंजीत सिंह ने कमलेश तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रंजीत ने पुलिस को बताया कि कमलेश उसके घर के बाहर अपने कुत्ते को टायलेट करा रहा था। मना करने पर कमलेश ने उसके साथ गाली-गलौज कर अपने साथी बुलाकर उनके साथ मारपीट की। बीचबचाव करने आने पर कमलेश तथा उसके साथियों ने रंजीत के बेटे के साथ मारपीट करते हुए उसका सिर फोड़ दिया।

### मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की

# न्यायिक व्यवस्था को जनहितैषी बनाएं: साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने न्यायिक व्यवस्था को जनहितैषी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि दूरस्थ अंचलों में रहने वाले ग्रामीणों को समय पर और सुलभ न्याय दिलाने के लिए न्यायालयों में ऑनलाइन गवाही की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक का उपयोग कर न्यायिक प्रक्रिया को सहज और तेज किया जा सकता है, जिससे आम लोगों को राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था विशेष रूप से आदिवासी अंचलों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी जहाँ आवागमन की कठिनाइयों के चलते लोग न्यायालय तक नहीं पहुंच पाते।**

बीजापुर जिला मुख्यालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री श्री साय ने संयुक्त समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार सिर्फ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही का प्रतिबिंब है। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार तीन चरणों में चलाया जा रहा है। तीसरे चरण में वे स्वयं जिलों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते डेढ़ वर्षों में हमने मोदी की गारंटी के वादों को प्राथमिकता से लागू किया है, जिससे आमजन में सरकार के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

खास खबर

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते डेढ़ वर्षों में बस्तर संभाग में नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावशाली कार्रवाई हुई है। उन्होंने मार्च 2026 तक नक्सलवाद के समूल उन्मूलन का संकल्प दोहराते हुए कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के लिए रहवास, पुनर्वास, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार की पूरी व्यवस्था की जाए।

### वनोपज, प्रसंस्करण और खेती से वनवासियों को बनाएं समृद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय बाहुल्य बस्तर क्षेत्र खनिज एवं वनोपज संपदा से समृद्ध है। यहां के रहवासियों की आय संवृद्धि और उन्हें विकास की मुख्यधारा से सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण और खेती को जनजातीय समुदाय के समृद्धि के जरूरी निरूपित करते हुए खेती-किसानी को बढ़ावा देने सहित सिंचाई के साधनों के विकास और कृषि के आनुषांगिक गतिविधियों मछलीपालन, पशुपालन, बकरापालन, सूकरपालन और दुग्ध उत्पादन के लिए बेहतर प्रयास किए जाने के निर्देश दिए।

### न्यायालयों में ऑनलाइन गवाही की व्यवस्था सुनिश्चित करें






### शिक्षा की गुणवत्ता पर अधिकारियों की सराहना

बीजापुर के कलेक्टर ने जानकारी दी कि समर कैम्प और बाल शिक्षा मित्र कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाई जा रही है। दंतेवाड़ा जिले में परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत राइस मिल लगाने के लिए दी गई रियायतों की जानकारी दी और स्थानीय युवाओं को इससे जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने ऊंची भूमि में मक्का की खेती को प्रोत्साहित करने की बात कही ताकि कृषक आय में वृद्धि हो। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना की जानकारी देते हुए कहा कि बस्तर और सरगुजा संभाग के अंदरूनी गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ा

### मामला श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज का

# युद्ध पर आपत्तिजनक टिप्पणी, चिकित्सक 15 दिनों के लिए सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए बयान, 'पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते हैं' से जोड़कर विवाविद टिप्पणी करना एक चिकित्सक को भारी पड़ गया। डॉक्टर को 15 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। मामला श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज दुर्ग का है। यहां के प्राध्यापक चिकित्सक डॉ.शिवेंद्र सिंह तिवारी ने विवादित बयान अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया था। इसके बाद से कमेंट सेक्शन में भी लोग आपत्ति दर्ज करा रहे थे। विवाद बढ़ने पर मेडिकल काउंसिल ने महाविद्यालय प्रशासन के संज्ञान में मामला लिया। तत्पश्चात एक्शन लेते हुए कॉलेज द्वारा प्राध्यापक को 15 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। पोस्ट आपत्तिजनक होने के कारण हम उसका यहां जिक्र नहीं कर रहे हैं।

■ मेडिकल काउंसिल ने भी जारी किया नोटिस

### कारण बताओ नोटिस जारी

निलंबन के अलावा मेडिकल काउंसिल द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर उपस्थित होने के लिए कहा गया है। थाने में शिकायत फिलहाल नहीं कराई गई है।

# अब स्लीपर से सीधा सेकंड एसी में अपग्रेडेशन खाली सीट रहने पर यात्रियों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेन में आरामदायक सफर के लिए रेलवे ने टिकट अपग्रेडेशन में नया बदलाव किया है। अब यदि यात्री ने स्लीपर क्लास में टिकट बुक कराया है और वह कंफर्म नहीं हुआ, तो घबराने की जरूरत नहीं। चार्ट तैयार होने के बाद यदि सेकेंड एसी में सीट खाली रहती है तो आपकी बुकिंग सीधे उस श्रेणी में अपग्रेड हो जाएगी। वह भी बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के। यही सुविधा अब कुर्सीयान (सेकेंड सिटिंग) श्रेणी के यात्रियों के लिए भी उपलब्ध होगी। अब यदि एसी चेयरकार में सीटें खाली होंगी, तो द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान के यात्रियों को भी अपग्रेड कर दिया जाएगा। इसके अलावा थर्ड एसी के टिकट पर सेकेंड एसी के अपग्रेडेशन का लाभ ले सकेंगे। फर्स्ट एसी में अपग्रेडेशन केवल सेकेंड एसी के टिकट धारक यात्रियों को ही मिलेगी। रेलवे बोर्ड के निदेशक पैसेंजर मार्केटिंग संजय मनोचा ने 13 मई को सभी क्षेत्रीय रेलवे को एक पत्र जारी कर इस नए बदलाव की जानकारी दी है। क्रिस को सॉफ्टवेयर में आवश्यक बदलाव करने के निर्देश भी दिए हैं। सीनियर सिटीजन को अपग्रेडेशन की सुविधा उनकी पसंद के आधार पर दी जाएगी। अगर टिकट बुकिंग के दौरान उन्हें लोअर बर्थ उपलब्ध कराया गया है और उन्होंने अपग्रेडेशन का विकल्प चुना है तो अपग्रेडेशन से पहले उनके मोबाइल पर एसएमएस आएगा। एसएमएस के माध्यम से यह जानकारी दी जाएगी कि आपका टिकट उच्च श्रेणी में अपग्रेड होगा। पर लोअर बर्थ मिलेगा या नहीं इसकी गारंटी नहीं है। उनकी स्वीकृति के बाद ही अपग्रेडेशन लागू होगा।



ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ
पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
जहाँ सेवा ही जीवन-ध्येय है
अंचल: द्वितीय तल, सीआई स्क्वायर के पास, नयापुरा, कोलार रोड, अकबरपुर, मेन कोलार रोड, भोपाल -462042 फोन : 0755-4249988, 4243700, 4203836
पंजाब एण्ड सिंध बैंक, रायगढ़ (छ.ग.) में शाखा हेतु कमर्शियल परिसर जो भूतल पर स्थित हो तथा जिसका कारपेट क्षेत्रफल 1200 वर्गफिट हो, लीज आधार पर कम से कम 15 वर्ष हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट www.punjabandsindbank.co.in देखें।
आंचलिक प्रबंधक, भोपाल

### रोलो डॉग व हैंडलर पर मधुमक्खियों ने किया था हमला

# सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में शामिल रोलो डॉग को सलामी देकर दी गई अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सलियों के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े एण्टी नक्सल ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट में शामिल सीआरपीएफ 228 वी बटालियन के जाबांज सिपाही रोलो डॉग की मधुमक्खियों के हमले से मौत हो गई थी। जब तक उसके उपचार की व्यवस्था की जाती उसकी मौत हो गई थी। रोलो डॉग को बटालियन परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर देने के बाद पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस हमले में हैडलर भी गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका उपचार जारी है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ और तेलंगाना बॉर्डर पर स्थित करेगुट्टा की पहाड़ियों में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट चलाया गया था। इस अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली। जवानों ने कई बार हुए मुठभेड़ में करोड़ों के ईनामी 31 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया था। इसी आर्पेशन में जवानों के साथ के 9 रोलो डॉग ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई में वह पूरी मुस्तैदी से जवानों के साथ डटा रहा।











31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित स्टैंडएलोन एवं कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का सार ₹ करोड़ में

| क्र. सं. | विवरण | 03 माह समाप्त | | समाप्त वर्ष | | 03 माह समाप्त | | समाप्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2025 | 31.03.2024 | 31.03.2025# | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.03.2024 | 31.03.2025# | 31.03.2024 |
| | | स्टैंडएलोन (अंकेक्षित) | | | | कंसोलिडेटेड (अंकेक्षित) | | | |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 8993.37 | 8260.25 | 28339.48 | 23892.78 | 8993.37 | 8260.25 | 28339.48 | 23892.78 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर, अपवादात्मक मदों से पूर्व) | 704.02 | 631.06 | 724.67 | 220.33 | 694.50 | 622.73 | 686.59 | 178.68 |
| 3 | कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि)(अपवादात्मक मदों एवं समेकित परिणामों में संयुक्त उद्यमों के निवल लाभ / (हानि) के शेयर के बाद) | 704.02 | 631.06 | 724.67 | 220.33 | 704.42 | 636.32 | 745.60 | 242.66 |
| 4 | कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) | 504.05 | 484.36 | 512.97 | 259.89 | 504.45 | 489.62 | 533.90 | 282.22 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय {अवधि के लिए लाभ / (हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल} | 412.05 | 438.49 | 349.47 | 177.48 | 412.41 | 443.58 | 370.56 | 199.67 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 |
| 7 | अन्य इक्विटी | 24416.60 | 24154.18 | 24416.60 | 24154.18 | 24025.75 | 23742.24 | 24025.75 | 23742.24 |
| 8 | निवल मूल्य | 25113.01 | 24850.59 | 25113.01 | 24850.59 | 24722.16 | 24438.65 | 24722.16 | 24438.65 |
| 9 | प्रति शेयर मूल और डाइल्यूटेड अर्जन | 1.45 | 1.39 | 1.47 | 0.75 | 1.45 | 1.41 | 1.53 | 0.81 |
| 10 | पूंजी विमोचन रिजर्व | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 |

# कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा लेखापरीक्षा के अधीन।
नोट:
1. वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुसार, जहां भी आवश्यक समझा गया, आंकड़ों को पुनः समूहीकृत / पुनर्व्यवस्थित किया गया है।
2. उपरोक्त परिणाम लागू सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुसार तैयार किए गए हैं। इन परिणामों की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 16.05.2025 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किया गया।
3. पिछली तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक प्रकाशित वर्ष के आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।
4. निदेशक मंडल ने 0.50 रुपये प्रति शेयर (अंकित मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है।
5. व्यापार प्राप्तियों में ग्राहक एसटीपीजी (पूर्व में एनईसी सूडान) से ₹211 करोड़ (यूएसडी 25.5 मिलियन) की अतिदेय राशि शामिल है, जो गृह युद्ध के कारण अटकी हुई है, जिसे अच्छा माना गया है और बोर्ड द्वारा अनुमोदन के अनुसार इसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। यदि इस राशि के लिए प्रावधान किया गया होता, तो 'कर पूर्व लाभ' पर ₹ 211 करोड़ का प्रभाव पड़ता।
6. रिपोर्टिंग तिथि पर देनदारों में आरवीयूएनएल / सूरतगढ़ 7 और 8 परियोजना (2x660 मेगावाट) से ₹208 करोड़ का शुद्ध बकाया राशि शामिल है (परीक्षण संचालन से 3 वर्ष से अधिक)। वसूली के आधार पर प्रावधान बनाना उचित नहीं है क्योंकि ग्राहक ने डिलीवरी विस्तार के लिए संशोधन जारी किया है और पुष्टि की है कि भुगतान प्रक्रियाधीन है और जल्द ही राशि भेज दी जाएगी। इसके अलावा, ग्राहक ने 08.05.2025 को ₹40 करोड़ की राशि का भुगतान भी किया है। यदि इस राशि के लिए प्रावधान किया गया होता, तो 'कर पूर्व लाभ' पर शुद्ध प्रभाव ₹168 करोड़ होता।
7. कंपनी ने संविदात्मक दायित्वों के विरुद्ध प्रावधान को समाप्त करने की अपनी प्रथा में बदलाव किया है, जहाँ अनुबंध के अनुसार परफॉर्मेंस गारंटी (पीजी) परीक्षण एक पूर्व-आवश्यक शर्त नहीं है। तदनुसार, वर्ष के दौरान ₹118.47 करोड़ के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप लाभ में वृद्धि हुई है।
8. कंपनी के निम्नलिखित संयुक्त उद्यम हैं:– बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (बीजीजीटीएस), रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरपीसीएल), एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एनबीपीपीएल), पावर प्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट्स लिमिटेड (पीपीआईएल) और भारत कोल गैसिफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल)। वर्ष के दौरान कंपनी की कोई सहायक एवं सहयोगी कंपनी नहीं है।
9. उपरोक्त, लागू सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015, यथासंशोधित, के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए त्रैमासिक और वार्षिक लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। उपरोक्त रिपोर्टिंग अवधि के लिए, प्रतिभूति प्रीमियम खाता, ऋण पूंजी, वरीयता शेयर, डिबेंचर मोचन रिजर्व, ऋण इक्विटी अनुपात, ऋण सेवा कवरेज अनुपात और ब्याज सेवा कवरेज अनुपात के संबंध में जानकारी शून्य / लागू नहीं है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप, जिसमें लिस्टिंग विनियमों के विनियम 52(4) में संदर्भित प्रकटीकरण शामिल हैं, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों:– www.nseindia.com एवं www.bseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट: www.bhel.com के "वित्तीय सूचना" अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध हैं। इसे नीचे दिए गए क्यूआर कोड (QR code) को स्कैन करके भी एक्सेस किया जा सकता है:


















भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
सीआईएन : L74899DL1964GOI004281
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 16.05.2025
पंजीकृत कार्यालय : बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049 फोन नं. : 011-66337598, ई–मेल : shareholderquery@bhel.in
www.bhel.com /BHEL Official /BHEL_India /BHEL_India /bhel.india /company/bhel
कृते भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
हस्ता/–
(के. सदाशिव मूर्ति)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
प्रगति को गति ... जीवन को ज्योति

## खबर संक्षेप

### गोल्फर जीव मिल्खा संयुक्त 15वें स्थान पर

**किलकेनी।** दिग्गज भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने यूरोप में लीजेंड्स टूर के ओएफएक्स आयरिश लीजेंड्स इवेंट के पहले दौर में 2 अंडर 70 के कार्ड के साथ अच्छी शुरुआत की। मुख्य टूर पर चार बार के चैंपियन जीव दो बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाकर संयुक्त रूप से 15वें स्थान पर है। द.अफ्रीका के कीथ हॉर्न शुरुआती दौर में 65 का कार्ड खेलने के बाद हमवतन जेम्स किंग्स्टन से एक शॉट की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

### यूटीटी का छठा सत्र 31 से, 15 जून को फाइनल

**नई दिल्ली।** अल्टीमेट टेबल टेनिस का छठा सत्र अहमदाबाद के 'ईकेए एरिना' में दोहरे मुकाबलों के साथ शुरू होगा जिसमें गत चैंपियन डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और घरेलू टीम अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के बीच मैच भी शामिल है। लीग का आगाज दूसरे सत्र की चैंपियन दबंग दिल्ली टीटीसी और श्रीजा अकुला की अगुवाई वाली जयपुर पैट्रियट्स के बीच होने वाले मैच से होगा। आठ फ्रेंचाइजी 23 मुकाबलों में हिस्सा लेंगी, जिसका फाइनल 15 जून को होगा।

### मुस्तफिजुर को बीसीबी से मिली एनओसी

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को यूएई के खिलाफ शनिवार को शारजाह में पहला टी20 मैच खेलने के बाद 18 से 24 मई तक आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलने की अनुमति दे दी है। रहमान को आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क की जगह टीम में शामिल किया गया है।

## मैच में सभी की निगाहें टेस्ट से संन्यास लेने वाले कोहली पर होंगी

# आज से फिर शुरू होगा आईपीएल का रोमांच कोलकाता और बेंगलुरु के बीच होगा मुकाबला

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और सैन्य टकराव के कारण स्थगित इंडियन प्रीमियर लीग शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच होने वाले मुकाबले के साथ फिर से शुरू होगा। मैच में सभी की निगाहें हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर होंगी। दस दिनों के अप्रत्याशित रुकावट के बाद आरसीबी और केकेआर दोनों अपने-अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाएंगे। आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और यहां जीत टीम के लिए प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की कर देगी। केकेआर 12 मैचों में 11 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है और एक भी हार मौजूदा चैंपियन की नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर देगी। लीग की रुकावट से पहले दोनों टीमें शानदार लय में थी। आरसीबी ने जहां अपने पिछले चारों मैचों में जीत दर्ज की है वहीं केकेआर की टीम लगातार दो जीत के साथ इस मैच में उतरेगी।




### विराट के सम्मान में सफेद जर्सी पहनेंगे प्रशंसक

मैच में हालांकि सबकी नजरें कोहली पर होंगी। स्टेडियम में भी दर्शक उनके नाम का सबसे ज्यादा नारा लगाएंगे। इस दिग्गज बल्लेबाज ने इस सप्ताह की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं पर अगर गौर करें तो प्रशंसक खेल के पारंपरिक प्रारूप को सबसे ज्यादा महत्व देने वाले इस बल्लेबाज को सम्मानित करने के लिए सफेद जर्सी पहनने की योजना बना रहे हैं। शानदार लय में चल रहे कोहली भी टेस्ट करियर के अचानक समाप्त होने के बाद बल्ले से कुछ प्रभावशाली पारियां खेलना चाहेंगे।

### लौटे विदशी खिलाड़ी

कागजों पर दोनों टीमों की तुलना करें तो इसमें कोई शक नहीं की केकेआर पर आरसीबी का पलड़ा भारी होगा। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चोटिल हुए कप्तान रजत पाटीदार ने अभ्यास सत्र में बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी की। पाटीदार को उंगली में चोट लगी थी लेकिन नेट सत्र में उन्होंने धाराप्रवाह बल्लेबाजी की। मेजबान टीम के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी भी भारत-पाक सैन्य टकराव के बाद स्वदेश लौट आए हैं। फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी टीम के लिए उपलब्ध हैं।

### केकेआर के बल्लेबाज फेल

केकेआर को मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा निराशा अपने बल्लेबाजों से हुई है। कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने निरंतरता नहीं दिखायी हैं। टीम के लिए लीग चरण के सभी मैच करो या मरो की तरह है ऐसे में उसे वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह से प्रभावी पारियों की उम्मीद होगी। टीम को इंग्लैंड के अनुभवी हरफनमौला मोईन अली की कमी खलेगी। मोईन वायरल बुखार के कारण लीग से बाहर हो गये हैं। वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा की केकेआर की गेंदबाजी लाइन-अप ने कई मौकों पर महंगे साबित होने के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखी है।

### पडिक्कल-हेजलवुड चोटिल

देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की चोट के कारण गैरमौजूदगी हालांकि एक बड़ी समस्या हो सकती है। आरसीबी पडिक्कल की जगह लेने वाले मयंक अग्रवाल से इस मौके को भुनाने की उम्मीद करेगी। हेजलवुड के कंधे में चोट है और फ्रेंचाइजी ने अभी तक उनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी नहीं दी है।

## क्रिकेट

# विकल्प के तौर पर टीम से जुड़ने से निराश था




एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की अगुवाई कर रहे रजत पाटीदार 2022 सत्र को लेकर काफी निराश थे जब आश्वासन के बावजूद फ्रेंचाइजी ने खिलाड़ियों की नीलामी में उन्हें नजरअंदाज कर दिया था। टीम में चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर शामिल हुए पाटीदार ने कहा कि वह तब 'दुखी' और 'गुस्से' में थे। पाटीदार ने यह भी स्वीकार किया कि आईपीएल 2025 से पहले विराट कोहली द्वारा कप्तानी सौंपे जाने के कारण वह दबाव महसूस कर रहे थे लेकिन इस दिग्गज खिलाड़ी के समर्थन भरे शब्दों ने उन्हें सहज कर दिया।

### संयम बनाए रखने की कोशिश कीः मो बोबाट




**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने कहा कि धर्मशाला में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच के रद्द होने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ियों और कर्मचारियों के लिए वह शाम भ्रम, अफवाहों और स्पष्टता की कमी से भरी थी और उन्हें उम्मीद नहीं थी कि यह विवाद इतनी जल्दी सुलझ जाएगा। आरसीबी के खिलाड़ी अभ्यास सत्र के बाद टीम बस से अपने होटल लौट रहे थे, जब उन्होंने आठ मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेटरों को धर्मशाला स्टेडियम से अंधेरे में बाहर निकलते हुए देखा।

## भावुक हुए रोहित

# अपने नाम का स्टैंड बनने के बाद वानखेड़े पर खेलना खास होगा




एजेंसी ▶▶| मुंबई


वानखेड़े स्टेडियम पर अपने नाम के स्टैंड के उद्घाटन के बाद भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि भारत की जर्सी में अब इस मैदान पर एक दिवसीय क्रिकेट खेलने का अनुभव खास होगा। मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम पर रोहित, भारत के पूर्व कप्तान अजित वाडेकर और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार के नाम के स्टैंड का उद्घाटन किया।

सात मई को टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने वाले रोहित ने कहा, 'जो आज हो रहा है, वह मैने कभी सोचा भी नहीं था। आप कई उपलब्धियां हासिल करने की कोशिश करते हैं लेकिन यह कुछ खास है क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम अलग है और यहां कई यादें बनी हैं। यहां खेल के दिग्गजों और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ राजनेता के बीच मेरा नाम होना, मैं अपने जज्बात व्यक्त नहीं कर सकता।


मैं बहुत आभारी हूं।' पिछले साल भारत को विश्व कप दिलाने के बाद टी20 क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित ने कहा, 'मैं अभी भी खेल रहा हूं और दो प्रारूप से विदा ली है। जब 21 तारीख को (मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल) यहां खेलूंगा और मेरे नाम का स्टैंड होगा तो खास होगा। भारत के लिए यहां खेलना काफी खास होगा।'

### अनवर कल खिताब के लिए पेश करेंगे चनौती

**बेंगलुरु।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज फैजान अनवर रविवार को यहां 'सनबर्न यूनियन' में 'सुपर फाइटर सीरीज' में 'डब्लूबीए एशिया मिडिल ईस्ट' के सुपर लाइटवेट वर्ग के खिताब के लिए घाना के कपकपो अलोटे से भिड़ेंगे। इस फाइट नाइट में 10 मुकाबले निर्धारित है। इसमें चार अंतरराष्ट्रीय मुकाबले और दो 'डब्लूबीए एशिया मिडिल ईस्ट' खिताबी मुकाबले शामिल हैं। मुख्य स्पर्धाओं में महिला वर्ग में भारत की रानी देवी का मुकाबला बेलारूस की अलेक्सांद्रा सिटनिकोवा जबकि पुरुष वर्ग में यूक्रेन के डेनियलो होन्चारुक का सामना दागिस्तान के रुसलान कामिलोव से होगा इस प्रतियोगिता में रितेश सिंह बिष्ट, कविंदर सिंह बिष्ट, वनलालावम्पुइया, एफ जोरमछाना जैसे प्रमुख नामों के साथ बेंगलुरु में प्रशिक्षण ले रहे रोहित चौधरी, हर्षा सरोहा और कमला रोका, जैसे उभरते हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन का आयोजन 'ग्रासरूट बॉक्सिंग' और 'क्राउन बॉक्सिंग प्रमोशन' द्वारा किया जा रहा है।



### भारतीय टीम ने हासिल किया पांचवा पायदान



**मियाजाकी।** युवा खिलाड़ी जारा आनंद के सातवें स्थान पर रहने से भारतीय टीम ने 45वें क्वीन सिरिकिट कप गोल्फ टूर्नामेंट पांचवा स्थान हासिल किया। शुरुआती तीन दौर में 73-71-72 का कार्ड खेलने वाली जारा ने आखिरी दौर में दो अंडर 70 के अपने सर्वश्रेष्ठ कार्ड के साथ सातवां स्थान हासिल किया। उनका कुल स्कोर दो अंडर 286 रहा। जारा के इस शानदार प्रयास से भारत इस स्पर्धा में शीर्ष पांच में रहा। कोरिया की ओ सू-मिन ने 69 का कार्ड खेल कुल 21 अंडर 267 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत खिताब अपने नाम किया। उनके प्रयास से कोरिया कुल 32 अंडर के स्कोर से टीम वर्ग का चैंपियन भी बना।

**बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI**

**आंचलिक कार्यालय, स्टार हाऊस, नया रायपुर**

**ई–नीलामी सूचना मेगा ऑक्शन अंतर्गत**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) व 1 के अधीन अंचल संपत्ति की बिक्री की सूचना

**ई–नीलामी तिथि एवं समय : 10.06.2025 प्रातः 11.00 से सायं 5.00 तक**

ई–नीलामी उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बैंक के अधिकृत अधिकार द्वारा नीचे उल्लेखित सम्पत्तियों का कब्जा लिया गया था। अधिकृत अधिकारी द्वारा उधारकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया, के निम्न शाखाओं के खातों की वसूली के लिये उक्त अधिनियम के नियम 8 एवं 9 अधीन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का सार्वजनिक नीलामी द्वारा जैसा है जहाँ है एवं जिस अवस्था में है के आधार पर विक्रय करने का निर्णय लिया गया है।

| क्र. | शाखा और उधारकर्ता/जमानतदार के नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य(लाख में) / ई.एम.डी. (लाख में) / बोली बढ़ोत्तरी (लाख में) | अ) मांग सूचना दिनांक / ब) कब्जा दिनांक / स) बकाया राशि(लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01. | जगदलपुर शाखाः– ऋणीः– श्री खिरेन्द्र पाणिग्रही/मेसर्स पाणिग्रही ट्रेडर्स एंड कंस्ट्रक्शन एंड जमानतदार–श्रीमती सत्यभामा पाणिग्रही | रिहायशी संपत्ति :–सर्वे नं. प.ह.नं.–32/खसरा नं. 971/4 (971/3 (पुराना भाग), ग्राम मलगांव, रा.नि.मं.–बकावंड, तहसील–बकावंड, पंजीयन के अंतर्गत उप जिला जगदलपुर एवं जिला बस्तर छत्तीसगढ़, अनुमानित क्षेत्रफल 4356 वर्गफीट श्रीमती सत्यभामा पाणिग्रही के नाम पर पंजीकृत, चौहद्दी.;(डीड के अनुसार) उत्तर–विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण–रास्ता, पूर्व–विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम–खसरा.नं. 968, (वास्तविक भूमि) उत्तर–श्यामकांत की भूमि, दक्षिण–रास्ता, पूर्व–श्यामकांत की भूमि, पश्चिम–खसरा नं. 971/4. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 16.44<br>₹ 1.64<br>₹ 0.10 | A) 21.07.2023<br>B) 27.08.2024<br>C) ₹ 17.84 |
| 02. | (I) एआरबी(रायपुर):– ऋणीः–श्री फनिन्द्र मिश्रा पिता स्व. एम.सी. मिश्रा (आवेदक– हाऊसिंग लोन), श्रीमती ज्योति मिश्रा (सह–आवेदक हाऊसिंग लोन), श्रीमती श्यामा देवी मिश्रा (जमानतदार–हाऊसिंग लोन) | A. रिहायशी संपत्तिः–फ्री होल्ड भूमि खसरा नं. 672/41 (भाग) प्लॉट नं. 22, वार्ड नं. 14, कमर्शियल शॉप, शिव मंदिर के पास, विद्यानगर, मौजा– जूना बिलासपुर, ब्लॉक बिल्हा, बिलासपुर (छ.ग.) श्री फणिन्द्र मिश्रा पिता स्व. श्री एम.सी. मिश्रा के नाम पर स्थित, क्षेत्रफल–4000, वर्गफीट, चौहद्दीः उत्तर विजय तिवारी का मकान, दक्षिण–एच.एच. कौशिक का मकान, पूर्व–निस्तारी रोड, पश्चिम –गुप्ता जी का मकान, (सांकेतिक कब्जा) | A. ₹ 272.00<br>₹ 27.2<br>₹ 0.50 | अ) 02.02.2024<br>ब) 13.08.2024<br>स) ₹ 42.40 एवं ₹ 429.22 |
| | (II) मेसर्स महामाया वैक्सीन्स प्रोप. – श्री फनीन्द्र मिश्रा पिता स्व. एम.सी. मिश्रा. | B. कमर्शियल संपत्तिः–साम्यिक बंधक फ्री होल्ड भूमि खसरा नं. 395/01 एवं 396/2 घ, शीट नं. 02, ब्लॉक नं. 06, प्लॉट नं. 379, कमर्शियल शॉप, स्थित शॉप नं. A-308, प्रथम तल, वृंदावन कॉम्प्लेक्स, तेलीपारा, बिलासपुर (छ.ग.) श्री फनिन्द्र मिश्रा पिता स्व. श्री एम.सी. मिश्रा के नाम पर क्षेत्रफल 336 वर्गफीट में स्थित. चौहद्दीः उत्तर संजय अग्रवाल की संपत्ति, दक्षिण–शॉप नं. A-309, पूर्व–शॉप नं. A-321, पश्चिम–निस्तारी रोड. (सांकेतिक कब्जा) | B. ₹ 25.50<br>₹ 2.55<br>₹ 0.25 | |
| 03 | एआरबी(रायपुर) शाखाः– श्री अरविंद यादव पिता श्री रमेश यादव, श्रीमती पद्मिनी यादव पति श्री अरविंद यादव, श्री रविन्द्र यादव पिता श्री रमेश यादव एवं श्री प्रवीन यादव पिता श्री रमेश यादव | भूमि एवं भवन :- स्थित मौजा : रावाभाठा, छत्रपती वार्ड नं. 14, प.ह.नं. 100/28, रा.नि.मं, धरसीवा–2, भूमि परिवर्तित खाता नं. 449/5 (भाग), सिंगल स्टोरीड कन्स्ट्रक्शन रावाभाठा, रायपुर, शहर, तहसील एवं जिला – रायपुर (छ.ग.) अनुमानित क्षेत्रफल 11,300 वर्गफीट श्री प्रवीण यादव, श्री अरविंद यादव एवं श्री रविन्द्र यादव तीनों भाईयों में बंटी हुई संपत्ति जो कि निम्नानुसार है (1) अरविंद यादव – 3766 वर्गफीट, (2) रविन्द्र यादव – 3767 वर्गफीट (3) प्रवीण यादव– 3767 वर्गफीट चौहद्दी : उत्तर– विकास जैन की भूमि, दक्षिण – रोड, पूर्व – ए.आर. इंजीनियर, पश्चिम–रोड, (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 88.90<br>₹ 8.89<br>₹ 0.25 | अ) 17.09.2022<br>ब) 06.01.2023<br>स) ₹ 55.94 |
| 04. | एआरबी(रायपुर) शाखाः– :– उधारकर्ता : आर. एंड डी. इंटरप्राईजेस (भागीदार : श्री धर्मेन्द्र द्विवेदी पिता जय नारायण द्विवेदी एवं श्रीमती ज्योति द्विवेदी पति धर्मेन्द्र द्विवेदी | कारखाना भूमि एवं भवन :– (i) साम्यिक बंधक कारखाना भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं. 924/4 (पुराना खसरा नं. 924 भाग) ग्राम–कुरुद, प.ह.नं. 74/13, आर.आई.सी.–मंदिरहसौद, तहसील आरंग, जिला–रायपुर (छ.ग.) अनुमानित क्षेत्रफल 19368 वर्गफीट, मेसर्स आर.एंड डी. इंटरप्राईजेस के नाम पर, चौहद्दी : उत्तर –साधुराम की भूमि, दक्षिण– विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व– सुंदरलाल की भूमि, पश्चिम – क्रेता की भूमि (डीड अनुसार) (सांकेतिक कब्जा) | (I) ₹ 32.27<br>₹ 3.22<br>₹ 0.25 | अ) 24.08.2023<br>ब) 17.12.2023<br>स) ₹ 102.16 |
| | | (ii) कारखाना भूमि एवं भवन :– साम्यिक बंधक कारखाना भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं. 924/5 (पुराना खसरा नं. 924 भाग) ग्राम–कुरुद, प.ह.नं. 74/13, आर.आई.सी.–मंदिरहसौद, तहसील आरंग, जिला–रायपुर (छ.ग.) अनुमानित क्षेत्रफल 18292 वर्गफीट, मेसर्स आर.एंड डी. इंटरप्राईजेस के नाम पर, चौहद्दी : उत्तर –साधुराम की भूमि, दक्षिण– विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व– क्रेता की भूमि, पश्चिम – विक्रेता की शेष भूमि (डीड अनुसार) (सांकेतिक कब्जा) | (ii) ₹ 29.78<br>₹ 2.97<br>₹ 0.25 | |
| | | (iii) प्लांट एवं मशीनरी :– बंधक प्लांट एवं मशीनरी स्थित खसरा नं. 924/4 (पुराना खसरा नं. 924 भाग), प.ह.नं. 74/13 एवं खसरा नं. 924/5 (पुराना खसरा नं. 924 भाग), प.ह.नं. 74/13, अनुमानित क्षेत्रफल 18292 वर्गफीट आर.आई.सी. मंदिरहसौद, तहसील–आरंग, जिला–रायपुर (छ.ग.) मेसर्स आर एंड डी. इंटरप्राईजेस के नाम पर स्थित. (सांकेतिक कब्जा) | (iii) ₹ 17.21<br>₹ 1.72<br>₹ 0.25 | |
| 05. | एआरबी(रायपुर) शाखाः– 1. श्री डी.रामाराव, 2.श्री त्रीनाथ राव (सह–ऋणी), 3. श्रीमती डी. रतना राव (सह–ऋणी), 4. श्री सुरेश कुमार राव (सह–ऋणी) | रिहायशी मकान :–फ्री–होल्ड मकान शामिल है, खसरा नं. 556/55,प.ह.नं.108/38,खाता नं. 653, रा.नि.मं. रायपुर–6, वीर शिवाजी वार्ड नं. 7, मौजा खमतराई, सन्यासीपारा तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। जो कि श्री डी.रामाराव के नाम पर स्थित है, क्षेत्रफल 2400 वर्गफूट, चौहद्दीः उत्तर–श्री महेश रंगारी की संपत्ति, दक्षिण–श्री भुवनेश्वर उइके की संपत्ति, पूर्व–श्री तेलगू की संपत्ति, पश्चिम–सडक, (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 103.90<br>₹ 10.39<br>₹ 0.50 | अ) 16.08.2024<br>ब) 30.11.2025<br>स) ₹ 58.53 |
| 06. | बेमेतरा शाखा :– श्री अशोक कुमार भार्गव पिता पंच राम भार्गव जमानतदारः–श्री अश्विनी कुमार मिरे | रिहायशी मकान :– साम्यिक फ्रीहोल्ड रिहायशी मकान संपत्ति स्थित खसरा नं. 331/49 भाग, प.ह.नं.–12, वार्ड नं. 15, ग्राम–नवागढ़, तहसील–नवागढ़, जिला–बेमेतरा, क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट श्री अशोक कुमार भार्गव पिता पंचराम भार्गव के नाम पर. (भौतिक कब्जा) | ₹ 13.18<br>₹ 1.31<br>₹ 0.10 | अ) 31.03.2018<br>ब) 13.07.2018<br>स) ₹ 16.55 |
| 07. | भाटापारा शाखाः मेसर्स आंचल ट्रेडर्स प्रोप. श्रीमती कशिश गिदवानी पति श्री गुलाब गिदवानी एवं जमानतदार (1) श्री मुकुंद राम यदु, पिता श्री राम चंद यदु, (2) श्री गुलाब गिदवानी पिता श्री प्रीतम दास गिदवानी | रिहायशी संपत्ति :–फ्रीहोल्ड भूमि में स्थित,खसरा.नं. 55/1 ग्राम–पेंड्री प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. एवं तहसील भाटापारा, जिला बलौदा बाजार,क्षेत्रफल 11707.00 वर्गफुट श्री मुकुंद यदु पिता श्री राम चंद यदु के नाम पर स्थित, चौहद्दी (विक्रय विलेख के अनुसार बुक ए-1 दस्तावेज़ क्रमांक 1, दिनांक 02.07.2014 के अुसार):– उत्तर– सरकारी भूमि, दक्षिण– रामलाल की भूमि, पूर्व– महंगू की भूमि, पश्चिम– सड़क। चौहद्दी (वास्तविक के अनुसार):– उत्तर– खसरा नंबर 55/3, दक्षिण– खसरा नंबर 54, पूर्व– खसरा नंबर 56, पश्चिम– सड़क. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 20.00<br>₹ 2.00<br>₹ 0.25 | अ) 03.01.2024<br>ब) 21.05.2024<br>स) ₹ 19.55 |
| 08. | एआरबी(रायपुर) शाखाः– मेसर्सः–महामाया केमिकल्स, प्रोपराईटर – श्रीमती ज्योति मिश्रा पति श्री फणिन्द्र मिश्रा एवं जमानतदार– श्री फणिन्द्र मिश्रा | कमर्शियल शॉप : (A) सभी भाग एवं आंशिक भाग की अचल संपत्ति स्थित शॉप नं. 151, भूतल, स्काय प्लाजा, नजूल भूमि खसरा नं. 2/14, 44/2, 2/76 एवं 2/77 (भाग), ब्लॉक नं. 95, 96, आनंद टाकिज के पास, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड नं. 36, मौदहापारा, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल 205 वर्गफीट श्री फणिन्द्र मिश्रा(जमानतदार) के नाम पर स्थित, चौहद्दीः– उत्तर–मीटर रूम, दक्षिण–आम रास्ता, पूर्व–ऑफिस नंबर 152, पश्चिम–ऑफिस नंबर 150. (सांकेतिक कब्जा) | A. ₹ 35.72<br>₹ 3.57<br>₹ 0.25 | अ) 21.03.2024<br>ब) 01.06.2024<br>स) ₹ 78.62 |
| | | कमर्शियल शॉप : (B) सभी भाग एवं आंशिक भाग की अचल संपत्ति स्थित शॉप नं. 152-A, भूतल, स्काय प्लाजा, नजूल भूमि खसरा नं. 2/14, 44/2, 2/76 एवं 2/77 (भाग), ब्लॉक नं. 95, 96, आनंद टाकिज के पास, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड नं. 36, मौदहापारा, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल 115.03 वर्गफीट श्रीमती ज्योति मिश्रा पति श्री फणिन्द्र मिश्रा के नाम पर स्थित, चौहद्दीः– उत्तर–दुकान नंबर 157-C, दक्षिण–दुकान नंबर 152, पूर्व–आम रास्ता, पश्चिम–दुकान नंबर 151. (सांकेतिक कब्जा) | B. ₹ 20.55<br>₹ 2.05<br>₹ 0.25 | |
| | | प्लॉट : (C) सभी भाग एवं आंशिक भाग की खुली भूमि स्थित खसरा नं. 364/27, मौजा ग्राम–भाटागांव, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड नं. 63, प.ह.नं. 105/47, रा.नि.मं., रायपुर–1, तहसील एवं जिला रायपुर, क्षेत्रफल 1925 वर्गफीट श्री फणिन्द्र मिश्रा (जमानतदार) के नाम पर स्थित, चौहद्दीः– उत्तर–विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण–धरसा, पूर्व–खुला प्लॉट, पश्चिम–रास्ता. (सांकेतिक कब्जा) | C. ₹ 26.18<br>₹ 2.61<br>₹ 0.25 | |
| 09. | बेमेतरा शाखा उधारकर्ता श्री राहुल यादव पिता श्री पंचराम यादव | रिहायशी भूमि एवं भवन : भूमि का वह सारा टुकड़ा जिसमें भवन, शेड और ढाँचे खड़े हैं, प्लाट नं. डी–104 खसरा नं. 353/7, प.ह.नं. 31 समृद्धि विहार कॉलोनी गांव–फरी जिला–बेमेतरा क्षेत्रफल –1000 वर्गफीट । श्री राहुल यादव पिता श्री पंचराम यादव एवं श्रीमती कुसुम यादव पति श्री राहुल यादव के नाम पर. चौहद्दी : उत्तर–रोड, दक्षिण–ईडब्ल्यूएस भूमि ,पूर्व–प्लॉट नं. डी–103, पश्चिम–प्लॉट नं. डी–105 (भौतिक कब्जा) | ₹ 4.10<br>₹ 0.41<br>₹ 0.10 | अ) 01.05.2019<br>ब) 07.03.2020<br>स) ₹ 10.23 |
| 10. | पथरिया शाखाः–श्री गणेश सिंग पिता राजकुमार सिंग एवं श्रीमती प्रियंका सिंग | फ्लैटः–सभी एवं आंशिक भाग की संपत्ति संबंधित फ्लैट नं. ए–502, चौथी मंजिल, टॉवर– A-502, सुंदर विहार कॉलोनी के पास, राज महल ग्रीन टॉऊन, कुरुद, वार्ड नं. 16, तहसील एवं जिला दुर्ग (छ.ग.) कारपेट एरिया 750 वर्गफीट सुपर बिल्टअप एरिया 1125 वर्गफीट, चौहद्दी– उत्तर–फ्लैट नं. 501, दक्षिण–खुला आकाश, पूर्व–फ्लैट नं. 504, पश्चिम–खुला आकाश. (भौतिक कब्जा) | ₹ 18.75<br>₹ 1.87<br>₹ 0.25 | अ) 07.06.2023<br>ब) 18.09.2023<br>स) ₹ 27.56 |
| 11. | व्यापार विहार शाखाः– 1. श्रीमती श्वेता दीक्षित पति श्री विश्वास दीक्षित 2. श्रीमती निर्मला दीक्षित पति श्री सोहन लाल दीक्षित | A) ओपन प्लॉट : साम्यिक बंधक, फ्री होल्ड परिवर्तित भूमि खसरा नं. 535/1 (भाग), प्लॉट नं. एएस–41, प.ह.नं. 28/03, वास्तु विहार कॉलोनी, बस स्टैण्ड के पास, मौजा–सीपत, ब्लॉक मस्तुरी, रा.नि.मं. सीपत, तहसील मस्तुरी, जिला–बिलासपुर श्रीमती निर्मला दीक्षित के नाम पर स्थित. क्षेत्रफल–2600 वर्गफीट चौहद्दी : उत्तर–20' डब्ल्यू.बी.एम. रोड, दक्षिण–प्लॉट नं. AS-42 श्वेता दीक्षित, पूर्व–20' डब्ल्यू.बी.एम. रोड, पश्चिम–प्लॉट नं. AS-51, (भौतिक कब्जा) | A. ₹ 9.75<br>₹ 0.97<br>₹ 0.10 | अ) 01.01.2020<br>ब) 11.03.2022<br>स) ₹ 9.48 |
| | | B) ओपन प्लॉट : साम्यिक बंधक, फ्री होल्ड परिवर्तित भूमि खसरा नं. 535/1 (भाग), प्लॉट नं. एएस–42, प.ह.नं. 28/04, वास्तु विहार कॉलोनी, बस स्टैण्ड के पास, मौजा–सीपत, ब्लॉक मस्तुरी, रा.नि.मं. सीपत, तहसील मस्तुरी, जिला–बिलासपुर श्रीमती श्वेता दीक्षित के नाम पर स्थित. क्षेत्रफल–2600 वर्गफीट चौहद्दी : उत्तर–प्लॉट नं. AS-41, दक्षिण–प्लॉट नं. AS-43, पूर्व–20' चौड़ी डब्ल्यू.बी.एम. रोड, पश्चिम–प्लॉट नं. AS-52, (भौतिक कब्जा) | B. ₹ 9.75<br>₹ 0.97<br>₹ 0.10 | |
| 12. | व्यापार विहार शाखा :– मेसर्स स्वयंम स्टील एवं डेव्लपरर्स प्रा. लि. एवं/ या श्री अखिलेश जायसवाल पिता श्री ईश्वर प्रसाद जायसवाल एवं/या श्री मयंक जायसवाल पिता श्री ईश्वर प्रसाद जायसवाल, जमानतदार :– श्री सुरेश पांडे पिता श्री जवाहर पांडे. | खुली भूमिः खसरा नं.–206, प.ह.नं–28, मैजा – सीपत, ब्लॉक एवं तहसील–मस्तुरी, जिला– बिलासपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल : 8284 वर्गफीट श्री अखिलेश जायसवाल पिता श्री ईश्वर प्रसाद जायसवाल के नाम पर स्थित (निदेशक एवं जमानतदार) चौहद्दीः उत्तर– 30 फीट रोड, दक्षिण– अखिलेश का मकान, पूर्व–गोपाल का मकान, पश्चिम–दिनेश जायसवाल की बाड़ी. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 15.00<br>₹ 1.50<br>₹ 0.25 | अ) 30.06.2013<br>ब) 26.02.2014<br>स) ₹ 28.19 |
| 13. | व्यापार विहार शाखाः– श्री अवधेश द्विवेदी पिता श्री कैलाश नाथ द्विवेदी | रिहायशी भवन : स्थित खसरा नं. 1318/2, प.ह.नं. 50, मौजा–गनियारी, रा.नि.मं. तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर, क्षेत्रफल 5232 वर्गफीट श्री अवधेश कुमार द्विवेदी के नाम पर स्थित., चौहद्दी :– उत्तर–आवेदक की भूमि,दक्षिण–आवेदक की भूमि, पूर्व–सड़क, पश्चिम–आवेदक की भूमि,(सांकेतिक कब्जा) | ₹ 34.50<br>₹ 3.45<br>₹ 0.25 | अ) 01.05.2023<br>ब) 08.08.2023<br>स) ₹ 40.08 |
| 14. | एआरबी(रायपुर) शाखाः– उधारकर्ता : मेसर्स बंसल वस्त्रालय, पार्टनर– श्री राजेश कुमार अग्रवाल पिता श्री राम गोपाल अग्रवाल एवं सुनीता अग्रवाल पिता श्री वासुदेव अग्रवाल | कमर्शियल भूमि एवं भवन :– सभी भाग तथा आंशिक परिवर्तित भूमि और संपत्ति शेड संरचना, प्लांट एवं मशीनरी स्थित है, खसरा नं. 115/1ख, 115/2, ग्राम–कोट्रालिया, प.ह.नं. 37, ग्राम पंचायत कोट्रालिया, रायगढ़ (छ.ग.), 15260 वर्गफीट, श्रीमती सुनीता अग्रवाल पिता स्व. वासुदेव अग्रवाल के नाम पर. सीमाएँ : उत्तर–रोड, दक्षिण– आशा राम एवं अन्य की भूमि, पूर्व– आशा राम एवं अन्य की भूमि, पश्चिम– आशा राम एवं अन्य की भूमि. (भौतिक कब्जा) | ₹ 10.13<br>₹ 1.01<br>₹ 0.25 | अ) 05.07.2021<br>ब) 28.10.2021<br>स) ₹ 79.06 |
| 15. | एआरबी(रायपुर) शाखाः– मेसर्स निखिल पॉल्ट्री फार्म, प्रोप. श्री सोहन लाल चक्रधारी पिता श्री मक्खू लाल चक्रधारी | भूमि :–1. भूमि, भवन शेड एवं स्ट्रक्चर की कुछ भाग में स्थित खसरा नं. 780, पी.सी. नं. 41, एरिया 0.15 हेक्टे./16145.87 वर्गफीट, ग्राम–आरौद, तहसील धमतरी, जिला–धमतरी (छ.ग.) सोहन लाल चक्रधारी के नाम पर, चौहद्दी : उत्तर–बुटु की भूमि, दक्षिण–नरसिंग की भूमि, पूर्व – सुधीर की भूमि, पश्चिम– सोहन लाल चक्रधारी की भूमि. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 58.50<br>₹ 5.85<br>₹ 0.25 | अ) 10.06.2024<br>ब) 13.09.2024<br>स) ₹ 57.93 |
| | | 2. भूमि, भवन शेड एवं स्ट्रक्चर की कुछ भाग में स्थित खसरा नं. 781, पी.सी. नं. 41, एरिया 0.02 हेक्टे./2152.78 वर्गफीट, ग्राम–आरौद, तहसील धमतरी, जिला–धमतरी (छ.ग.) सोहन लाल चक्रधारी के नाम पर, चौहद्दी : उत्तर–रोशन की भूमि, दक्षिण–शासकीय भूमि, पूर्व–विक्रेता की भूमि, पश्चिम– शासकीय भूमि. (सांकेतिक कब्जा) 3. भूमि, भवन शेड एवं स्ट्रक्चर की कुछ भाग में स्थित खसरा नं. 782, पी.सी. नं. 41, एरिया 0.30 हेक्टे./32291.73 वर्गफीट, ग्राम–आरौद, तहसील धमतरी, जिला–धमतरी (छ.ग.) सोहन लाल चक्रधारी के नाम पर, चौहद्दी : उत्तर–अंजोर पिता बिंझवर की भूमि, दक्षिण–राजेश कुमार की भूमि, पूर्व–सुरतान की भूमि, पश्चिम– उदेसिंग पिता गजानंद की भूमि. (सांकेतिक कब्जा) | | |

**ई– ऑक्शन की तारीख और समय – 10.06.2025 सुबह 11.00 से सायं 05.00 बजे सीमा रहित प्रत्येक निरीक्षण की तारीख और समय – 17.05.2025 से 09.06.2025 सुबह 11.00 से दोपहर 03.00 बजे के बीच कार्यालयीन दिवस में.दोपहर 5 मिनट के अंतराल के एक्स्टेंशन के साथ**

**नोटः–कोई भी बोलीकर्ता/ इच्छुक पक्ष प्लांट एवं मशीनरी के लिये बोली लगा सकता है, परंतु भूमि एवं भवन के लिये बोली लगाने हेतु, बोलीदाता को प्लांट और मशीनरी के लिये अनिवार्य बोली लगानी पड़ेगी क्योंकि किसी भी परिस्थिति में भूमि एवं भवन को स्वतंत्र रूप से बोली नहीं लगायी जा सकती।**

**उधारकर्ताओं/बंधक–कर्ताओं को 15/30 दिन का बकाया सूचना**

उपरोक्त उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं को यह सूचित किया जाता है की सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को मय ब्याज एवं खर्चो के नीलामी से पूर्व जमा करवा दें अन्यथा बंधक रखी संपत्ति की नीलामी ऊपर दर्शायी गई दिनांक को कर दी जावेगी, उसके पश्चात् शेष राशि के लिए अलग से वसूली की जावेगी।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें –पथरिया मुख्य शाखा–श्री अजय राय–8084668489, व्यापार विहार शाखा – श्री जीवेश झा–70048 69424, एआरबी (रायपुर) शाखा – श्री अतुल केशरवानी–8319357291, जगदलपुर शाखा–नरेन्द्र कुमार–7225906792, ईएमडी संबंधी/नीलामी पोर्टल संबंधित सूचना–मो. : 0771-4212422., बेमेतरा शाखा–श्री संदीप –99939 09075, , भाटापारा शाखा–श्री भूपेश कुमार–7587130820, ई.एम.डी. भुगतान तथा तकनीकी जानकारी के लिए– 0771-4212422.**

**ई–नीलामी के नियम एवं शर्तें**: 1. नीलामी बिक्री/बोली, वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. **बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जा कर "Guidelines" देख सकते हैं।** 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए।4. सर्वाधिक/सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत/सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं mstc/ibapi के द्वारा वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. सम्पत्ति का **जैसा है, जहाँ है** एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। **8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व–विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/टालने रद्द करने अथवा बिक्री की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।** 9. सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, दर व देयक वहन करना होगा। 10. देय राशि ब्याज और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशोधन/त्रुटि सुधार/शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक नियमित रूप से ऊपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई डी–व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फॉर्म में उद्धत बोली राशि में न्यूनतम एक बोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोत्तरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थगित किया जायेगा।

**स्थान: रायपुर**
**दिनांक: 17.05.2025**

किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में इस ई–नीलामी जो कि दिनांक 17.05.2025 टाईम्स ऑफ इंडिया, रायपुर का अंग्रेजी संस्करण के प्रकाशन ही मान्य होगा।

**अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक**
**बैंक ऑफ इंडिया**

ASA

# चांद पर बनेगा न्यूक्लियर पावर प्लांट, दो महाशक्तियों ने मिला लिया हाथ, फूले अमेरिका के हाथ-पैर



मास्को। चीन और रूस ने चांद पर न्यूक्लियर पावर प्लांट्स बनाने के लिए एक प्रोजेक्ट की शुरुआत की है, जो ग्लोबल लेवल पर स्पेस रेस को एक नई दिशा दे सकती है। यह प्लांट 2036 तक पूरा होने की उम्मीद है और इंटरनेशनल लूनर रिसर्च स्टेशन को ताकत देगा। यह प्रोजेक्ट दोनों देशों के बढ़ते अंतरिक्ष सहयोग और टेक्नोलॉजी डोमिनेंस की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है, जो फ्यूचर की स्पेस खोजों के लिए बेस तैयार करेगी।

## फ्यूचर की स्पेस खोजों के लिए तैयार करेगी बेस



रिपोर्टों के मुताबिक, चीन और रूस ने हाल ही में चंद्रमा के साउथ पोल पर इंसानों के लिए एक स्थायी बेस बनाने और एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर साइन किए हैं, जो बेस और **ILRS** को ताकत देगा. यह एक क्रांतिकारी परियोजना है, जिसे वैज्ञानिकों ने लॉन्ग टर्म के लिए डिजाइन किया है, इसमें चंद्रमा पर फ्यूचर में इंसानों की मौजूदगी की संभावना भी शामिल है।



### कब से शुरू होगा निर्माण का काम?

रूसी स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस के डाइरेक्टर यूरी बोरिसोव ने कहा कि न्यूक्लियर प्लांट का निर्माण 'इंसान के मौजूदगी के बिना' किया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि उन्नत रोबोट चंद्र सतह पर निर्माण का काम करेंगे। हालांकि, बोरिसोव ने इस तरह की कोशिश के लिए जरूरी तकनीक के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। लेकिन, उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां पहले से लगभग तैयार है। रिपोर्ट के मुताबिक, चंद्र परमाणु संयंत्र का निर्माण 2030 और 2035 के बीच शुरू होने वाला है और 2036 तक पूरा होने की उम्मीद है।

### आईएलआरएस मिशन क्या है और यह गेमचेंजर क्यों है?

इंटरनेशनल लूनर रिसर्च स्टेशन चीन और रूस द्वारा संयुक्त रूप से संचालित एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसका मकसद वैज्ञानिक रिसर्च करने के लिए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर इंसानों के लिए एक आधार स्थापित करना है। जून 2021 में पहली बार मास्को और बीजिंग ने इसका ऐलान किया था, इसमें अब पाकिस्तान, मिस्र, वेनेजुएला, थाईलैंड और दक्षिण अफ्रीका समेत 17 अन्य देश शामिल हैं। आईएलआरएस का निर्माण 2030 से 2035 तक पांच सुपर हेवी-लिफ्ट रॉकेट प्रोजेक्शन्स के जरिए से भेजी गई मैटेरियल्स का इस्तेमाल करके किया जाएगा।

## रोचक खबरें



### पवित्र शहर में है सबसे बड़ा कब्रिस्तान 1400 सालों से दफनाए जा रहे हैं लोग

**बगदाद।** क्या आप दुनिया की सबसे बड़े कब्रिस्तान के बारे में जानते हैं। यह केवल एक कब्रिस्तान ही नहीं है। बल्कि एक तरह का अजूबा है। इराक के नजफ शहर इस्लाम का एक पवित्र शहर माना जाता है। यहां पर मौजूद एक कब्रिस्तान का नाम वादी उस सलाम, इसका मतलब शांति की घाटी होता है। लेकिन, यह कब्रिस्तान का ही नाम है। इसे दुनिया का सबसे बड़ा कब्रिस्तान माना जाता है और इतना ही नहीं बताया जाता है कि यहां बीते 1400 सालों से लोगों को आज तक दफनाया जा रहा है जिसमें अब तक लाखों लोगों को दफनाया जा चुका है। नजफ इराक का छोटा शहर नहीं है। 6 लाख की आबादी वाला यह शहर पवित्र माना जाता है। शहर से लगे कब्रिस्तान में लाखों लोग दफन हैं।और यह सब एक 10 किलोमीटर लंबी घाटी में है। यहां बीते 1400 सालों को दफनाया जा रहा है और ये सिलसिला कभी नही रुका है। यहां पर बड़ी खास हस्तियों की कब्रें बताई जाती है। इस कब्रिस्तान के खास होने की एक वजह है। कब्रिस्तान के बारे में शिया मुस्लिम मानते हैं कि सारी पवित्र आत्माएं चाहे उन्हें कहीं भी दफनया गया हो, आखिर में यहां यहीं आएंगी। बहुत से पैगम्बर, राजा, शहजादे, सुल्तान आदि की यहां कब्र है। इनमें पैगम्बर हुद, पैगम्बर सालेह, आयातुल्ला सैयद, मोहम्मद बशीर अल सदर और अली बिन तालिब आदि की कब्रें यहीं पर हैं।


### क्या सांपों की आंखों में बस जाती है दुश्मन की तस्वीर फिर लेते हैं बदला?

**नई दिल्ली।** फिल्मों में अक्सर ऐसा दिखाया जाता है कि सांप अपने दुश्मनों को सिर्फ एक बार देखकर ही पहचान लेते हैं और सालों बाद भी उनसे बदला लेने का मौका नहीं चूकते। खासकर बॉलीवुड में यह कहानी आम है कि नाग इंसान के चेहरे को अपनी आंखों में कैद कर लेते हैं। लेकिन, सवाल उठता है कि क्या यह सच में संभव है? क्या सांप सच में इंसानी चेहरा पहचान सकते हैं? इसका जवाब जानने से पहले यह समझना जरूरी है कि इंसानों में चेहरा पहचानने की क्षमता उनके दिमाग की एक खास संरचना, नियोकॉर्टेक्स की वजह से होती है। यह मस्तिष्क का वह हिस्सा है जो स्मृति और चेहरा पहचानने जैसी क्षमताओं में मदद करता है। लेकिन, सांपों के पास यह हिस्सा नहीं होता, इसलिए वे चेहरे पहचानने में सक्षम नहीं होते। यानी यह धारणा कि सांप किसी का चेहरा देखकर उसे याद रख लेते हैं, पूरी तरह गलत है। इसलिए बॉलीवुड में ये चीजें सिर्फ काल्पनिक तौर पर दिखाई जाती हैं। इसके अलावा आपको बता दें कि सांपों की देखने की क्षमता भी बहुत सीमित होती है। कुछ प्रजातियां केवल हिलती हुई चीजें देख सकती हैं, जबकि बाकी सांप इतनी आसानी से चीजें नहीं देख पाते कि किसी इंसान का चेहरा साफ पहचान सकें। इसका मतलब ये हुआ कि वे यह नहीं समझ सकते कि सामने वाला व्यक्ति कैसा दिखता है, क्या पहना है, या उसके बाल कैसे हैं।



### इंटर सैटेलाइट कम्युनिकेशन लिंक से लैस 12 सैटेलाइट्स को ऑर्बिट में भेजा गया

**बीजिंग।** चीन ने अपने स्पेस कंप्यूटिंग सिस्टम के लिए सैटेलाइट का पहला बैच लॉन्च्ड किया है। यह एक ऐसी प्रणाली है जो पूरी तरह से तैनात होने पर सबसे ज्यादा ताकतवर ग्राउंड बेस्ड सुपरकम्प्यूटरों को टक्कर दे सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार को दोपहर के वक्त जिउक्वान उपग्रह लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च 2डी रॉकेट के जरिए इंटेलिजेंट कम्प्यूटिंग सिस्टम्स और इंटर सैटेलाइट कम्युनिकेशन लिंक से लैस 12 सैटेलाइट्स को ऑर्बिट में भेजा गया। वे थ्री-बॉडी कंप्यूटिंग कांस्टेलेशन का हिस्सा हैं, जो झेजियांग लैब में डेवलेप्ड किया जा रहा स्पेस बेस्ड बुनियादी ढांचा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक बार पूरा हो जाने पर यह कांस्टेलेशन 1,000 पेटा ऑपरेशन प्रति सेकंड (पीओपीएस) - या एक क्विंटिलियन ऑपरेशन प्रति सेकंड की कुल कंप्यूटिंग कैपेसिटी के साथ एक्चुअल टाइम, इन-ऑर्बिट डेटा प्रोसेसिंग का सपोर्ट करेगा। अगर तुलना करें तो कैलिफोर्निया स्थित लॉरेंस लिवरमोर नेशनल लेबोरेटरी का नया एल कैपिटन सिस्टम, जो पिछले साल दुनिया का सबसे ताकतवर सुपरकंप्यूटर था, वो 1.72 पेटा ऑपरेशन - या प्रति सेकंड 1.72 क्विंटिलियन ऑपरेशन करता है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के अंतरिक्ष इतिहासकार और एस्ट्रोनॉमर जोनाथन मैकडॉवेल ने कहा कि स्पेस में क्लाउड कंप्यूटिंग का विचार अभी 'बहुत फैशनेबल' है। उन्होंने कहा, 'ऑर्बिटल डेटा सेंटर सौर ऊर्जा का इस्तेमाल कर सकते हैं और अपनी गर्मी को स्पेस में रेडिएट कर सकते हैं, जिससे ऊर्जा की ज़रूरतें और कार्बन फ़ुटप्रिंट कम हो जाते हैं।'



# कैसे होंगे एलियन्स के असली चेहरे? वैज्ञानिकों ने दिया इस सवाल का चौंकाने वाला जवाब

लंदन। एलियन कैसे दिखते हैं। यह ऐसा सवाल है जो वैज्ञानिकों से लेकर फिल्म निर्माताओं में समान रूप से कौतूहल पैदा करता रहा है। विज्ञान फंतासी में एलियन्स को लेकर कई तरह की कल्पनाएं की हैं, उन्हें कई फिल्मकारों ने रुपहले पर्दे पर साकार करने का प्रयास भी किया. पर असल में एलियन्स कैसे दिखते होंगे यह एक खुला सवाल है और आज भी इस पर मंथन और शोध जारी है। हाल ही में ब्रिटिश वैज्ञानिकों ने इस पर काम किया है। ने एक ऐसी तस्वीर पेश की है जो रोंगटे खड़े कर देती है। उनके अनुसार, असली एलियन एक आँख वाला, आठ पैरों वाला झींगा जैसा प्राणी हो सकता है!

### अच्छी नहीं लगेगी ये तस्वीर

यह डरावना चित्र लंदन के नेचुरल हिस्ट्री म्यूज़ियम में, 16 मई 2025 को खुलने वाली



नई प्रदर्शनी 'स्पेसः कैन लाइफ एक्सिस्ट बियॉन्ड अर्थ' में सामने आया है। यह खोज न केवल चौंकाने वाली है, बल्कि यह भी बताती है कि अंतरिक्ष के कठिन माहौल में जीवन कितना विचित्र और डरावना हो सकता है, क्योंकि इसे तैयार करने में वैज्ञानिकों ने दूसरे ग्रहों के महौल का ख्याल रखा है।

## एलियन्स कैसे दिखते होंगे आज भी इस पर मंथन और शोध जारी है

### एक संभावित तस्वीर

वैज्ञानिकों ने ओपन यूनिवर्सिटी के एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट्स की एक टीम से संपर्क किया और उन्हें बाहरी ग्रहों (एक्सोप्लैनेट्स) के हालात के आधार पर जीवन की संभावित तस्वीर बनाने को कहा. नतीजे में उन्हें मिला, एक आंख वाला झींगा जैसा प्राणी, जो देखने में जितना अजीब है, उतना ही डरावना भी।




### क्यों दिखेगा एलियन झींगा जैसा?

यह सबसे अहम सवाल है कि क्योंकि एलियन्स के लिए पृथ्वी जैसा महौल उतना ही मुश्किल है, जितना की ब्रह्माण्ड में हूबहू दूसरी पृथ्वी का होना। एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट्स का मानना है कि अंतरिक्ष के कठिन माहौल में तापमान, दबाव, और रसायन सामान्य से कहीं ज़्यादा चरम हैं। वहां जीवित रहने के लिए प्राणियों को पृथ्वी पर सबसे कठिन परिस्थितियों में रहने वाले जीवों की तरह ढलना होगा।

### चरम हालात के जीव

नासा के विशेषज्ञ भी मानते हैं कि पृथ्वी पर झींगा जैसे छोटे क्रस्टेशियन (जलजीव) उन प्राणियों के सबसे करीब हैं जो सौर मंडल के बाहर बाहरी ग्रहों पर रह सकते हैं। नासा ने पहले कैरिबियन सागर में दुनिया के सबसे गहरे हाइड्रोथर्मल वेंट्स में रहने वाले छोटे झींगों का अध्ययन किया है, जहां तापमान 400 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। उन्हीं से उन्हें एलियन के आकार का अंदाजा लगाने में मदद मिली है।

**इन झींगों से क्या पता चला :** ये झींगे चट्टानों से निकलने वाले गर्म पानी के ढेर में परत-दर-परत रहते हैं। उनके मुँह और विशेष रूप से विकसित गलफड़ों में बैक्टीरिया होते हैं।



### इसी आधार पर निकाल नतीजा

वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी पर सबसे कठिन परिस्थितियों में जीवित रहने वाले प्राणी ही एलियन जीवन से सबसे ज़्यादा मिलते-जुलते हैं। इसीलिए, बाहरी ग्रहों पर जीवन शायद इस एक आँख वाले, आठ पैरों वाले झींगा जैसे प्राणी की तरह होगा, जो न केवल विचित्र है, बल्कि अंतरिक्ष की क्रूर परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए पूरी तरह अनुकूलित है। यह एलियन न तो प्यारा है और न ही दोस्ताना। सिनेड मैरन ने मजाक में कहा, 'यह ऐसा एलियन है जिसे हम शायद घर वापस भेजना चाहेंगे।' यह खोज हमें सोचने पर मजबूर करती है कि अगर हम कभी एलियन से मिले, तो वह हमारी कल्पनाओं से कहीं ज़्यादा अजीब और डरावना हो सकता है। लंदन की इस प्रदर्शनी में यह मॉडल देखकर लोग निश्चित रूप से चौंक जाएंगे।


# ये चिड़िया रातोंरात बना देगी करोड़पति इसके अंडों पर लोग गड़ाए रखते हैं नजर

सागर। अमीर बनने के लिए कई लोग मेहनत करने से ज्यादा टोने-टोटके या खजाने की तलाश में रहते हैं। आपने पारस पत्थर के बारे में तो सुना ही होगा. माना जाता है कि यह पत्थर लोहे को सोना बना देता है। कहते हैं एक चिड़यि पारस पत्थर को हिमालय से ढूंढ कर लाती है। इसी पत्थर से वह अपने अंडों को तोड़कर बच्चों को बाहर निकालती है। बुंदेलखंड में ऐसी मान्यता टिटहरी पक्षी को लेकर है। यहीं वजह है कि यहां लोग गर्मी के मौसम में टिटहरी के अंडों की तलाश करते मिल जाएंगे। टिटहरी पक्षी के अंडों से बारिश के सीजन का भी अनुमान लगाया जाता है। यह पक्षी दो से पांच अंडे देती है और जिस साल गर्मी में ये जितने अंडे दे देती है, उतने ही महीने बारिश होती है। टिटहरी पक्षी कभी पेड़ों पर अंडे नहीं देती. ये हमेशा जमीन पर ही सुरक्षित जगह देखकर अंडे देती है। इनका प्रजनन काल मार्च से जून महीने के बीच का होता है।



### आज भी लोग कर रहे प्रयास

सागर के स्थानीय निवासी लखन लाल चौरसिया बताते हैं, वह अपने बुजुर्गों से सुनते आ रहे हैं कि जहां कहीं भी टिटहरी अंडे देती है और किसी को पता चल जाए तो उस जगह पर वह नजर रखता है। इतना ही नहीं, जब अंडे से बच्चे हो जाते हैं, तब लोग वहां जितने भी कंकड़ पत्थर उस जमीन में होते हैं सारे उठाकर अपने घर ले आते थे या फिर अपने साथ लोहा ले जाकर उस जगह के आसपास जितने भी कंकड़-पत्थर होते सभी में उसको छूकर देखते। क्योंकि, ऐसा कहा जाता है कि टिटहरी अपने अंडे पारस पत्थर से तोड़ती है और पारस पत्थर लोहे को सोना बना देता है। अगर यह पत्थर किसी को मिल जाए तो उसे करोड़पति बनने में देर नहीं लगती। उसकी किस्मत जिंदगी बदल जाएगी, इसलिए इस पारस पत्थर की तलाश में लोग वहां से कंकड़ पत्थर उठाकर अपने घर ले आते हैं।



### अंडे तोड़ने के बाद पत्थर का क्या?

पारस पत्थर को लेकर अनेक भ्रांतियां हैं, लेकिन यह कैसा होता है और सच में इसके छूने से लोहा सोना बन जाता है, यह अब तक कहानियों में ही प्रचलित है। कहा जाता है कि ऐसे दुर्लभ और अनमोल पत्थर को टिटहरी ढूंढ कर लाती है और इसी पत्थर से वह अंडे तोड़ती है, जिससे उसके बच्चे निकलते हैं। बच्चों के जन्म होने के बाद उस पत्थर का क्या होता है, वो उसे छोड़ आती है या वहीं छोड़कर बच्चों के साथ चली जाती है। इस बारे में लोगों में भ्रम की स्थिति बनी रहती है।

### धरती के इस पड़ोसी ग्रह को अचानक क्या हुआ? आसमान में दिखने लगी हरी रोशनी



**वॉशिंगटन।** नासा अपनी खोज की वजह से पूरी दुनिया में फेमस है। नासा के वैज्ञानिक कुछ न कुछ ऐसा करते रहते हैं जिससे लोगों की निगाहें उनपर चली जाती है। एक बार फिर नासा ने खलबली मचा दी है। बता दें कि नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने मंगल ग्रह पर ऑरोरा को कैप्चर किया है। ऐसा पहली बार है जब लाल ग्रह पर ऐसा ऑरोरा देखा गया है।

**पहली बार दिखाई दिया नजारा :** नासा के मुताबिक 18 मार्च 2024 को ऑरोरा दिखाई दिया था जिसका रंग हरा था। ऐसा पहली बार हुआ जब हरे रंग का ऑरोरा देखा गया। इससे पहले भी मंगल ग्रह पर ऑरोरा देखे जा चुके हैं, लेकिन वे पराबैंगनी वेवलेंथ में थे। बता दें कि इसे देखने के लिए नासा के वैज्ञानिकों ने पर्सिवियरेंस रोवर को ऊपर भेजा था। सुपरकैम स्पेक्ट्रोमीटर और मास्टकैम-जेड कैमरे की मदद से ये कैप्चर किया गया। यह ऑरोरा मानव आंखों से भी देखा जा सकता था।

# 1000 साल पुराने 'समाधि वाले बाबा' के कंकाल को मिला अब नया घर, क्यों है ये इतना खास?

**अहमदाबाद।** गुजरात में 15 मई को पांच घंटे की कवायद और 15 विशेषज्ञों की निगरानी के बाद 1000 साल पुराने कंकाल को वडनगर पुरातत्व अनुभव संग्रहालय में स्थानांतरित कर दिया गया। इस संग्रहालय का उद्घाटन इस साल जनवरी में किया गया था। 1000 साल पुराने कंकाल को 'समाधि वाले बाबाजी' कहा जाता है।

इस कंकाल को मेहसाणा जिले से साल 2019 में खुदाई करके निकाला गया था। तब से इसे अस्थायी तंबू के अंदर रखा गया था। अब कंकाल को नया घर मिल गया है। वडनगर पुरातत्व अनुभव संग्रहालय के क्यूरेटर महिंदर सिंह सुरेला ने बताया- कंकाल को गुरुवार शाम 6 बजे के आसपास संग्रहालय में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसे एहतियाती बैरिकेड के साथ रिसेप्शन क्षेत्र के पास ग्राउंड फ्लोर पर रखा गया है। वर्तमान में, यह प्रदर्शन के लिए नहीं है।



### समाधि की स्थिति में कंकाल दफनाया

इससे पहले गुजरात के पुरातत्व एवं संग्रहालय निदेशक पंकज शर्मा ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया था- लोथल के संग्रहालय में भी कंकाल रखने पर विचार किया जा रहा है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वडोदरा सर्कल के पूर्व अधीक्षण पुरातत्वविद् अभिजीत आंबेकर, जो वडनगर उत्खनन से करीब से जुड़े थे, उन्होंने कहा था कि पिछले कई वर्षों में खोजी गई 9,000 से अधिक पुरावशेषों के साथ यह कंकाल गुजरात सरकार को सौंप दिया गया है।

### पेपर में किया गया था इस कंकाल का जिक्र

हेरिटेजः जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी स्टडीज इन आर्कियोलॉजी में प्रकाशित वडनगरः ए थ्राइविंग कम्पोजिट टाउन ऑफ हिस्टोरिकल टाइम्स शीर्षक वाले एक पेपर में आंबेकर और अन्य ने इस खोज का वर्णन कुछ इस प्रकार किया था- एक गड्ढे में क्रॉस-लेग्ड मुद्रा में बैठा हुआ एक अक्षुण्ण. अच्छी तरह से संरक्षित कंकाल। उत्तर की ओर मुख किए हुए सिर सीधा है, दाहिना हाथ गोद में रखा हुआ है। जबकि, बायां हाथ छाती के स्तर तक उठा हुआ है। संभवतः एक लकड़ी की छड़ी (डंडा) पर टिका हुआ है जो नष्ट हो चुका है। इस समाधि प्रकार के दफन की प्राचीनता संभवतः 9वीं-10वीं शताब्दी ईस्वी से शुरू की जा सकती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com